

तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज करने का आदेश - 12



एआई से 0.8 प्रतिशत बढ़ेगी वैश्विक वृद्धि मगर नौकरियों के लिए भारी जोखिम भी - 12



असम में बोले अमित शाह देश से सभी घुसपैठियों को बाहर करेंगे - 13



न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों का लक्ष्य पाकिस्तानी स्पिनरों को काबू करना - 14


आज का मौसम

28.0° अधिकतम तापमान

14.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.40 | सूर्यास्त 06.05


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

कानपुर

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी 01:01 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 21 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 182, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 5 रुपये


सुप्रीम आदेश

## बंगाल में एसआईआर की निगरानी करेंगे न्यायिक अधिकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच जारी गतिरोध को लेकर नाखुशी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में विवादों से घिरी मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का शुक्रवार को असाधारण निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई तृणमूल कांग्रेस सरकार के बीच दुर्भाग्यपूर्ण आरोप-प्रत्यारोप और विश्वास की कमी पर खेद जताते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या और न्यायमूर्ति विपुल एम की पीठ ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने को निर्देश जारी किए।

पीठ ने तार्किक विसंगति सूची में शामिल तथा मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खतरे का सामना कर रहे व्यक्तियों के दावों और आपत्तियों के निपटारे के लिए न्यायिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया। वर्ष 2002 की मतदाता सूची से संतानों के संबंध में तार्किक विसंगतियों में माता-पिता के नाम का मेल न होना और मतदाता तथा उनके माता-पिता की आयु में 15 वर्ष से कम या 50 वर्ष से अधिक का अंतर होना शामिल है।

# शिक्षामित्रों को 18 हजार, अनुदेशकों को 17 हजार मानदेय

- मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा में की घोषणा, 1.70 लाख कर्मियों को राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में ऐतिहासिक बढ़ोतरी का ऐलान किया है। उन्होंने विधानसभा में घोषणा की कि अब शिक्षामित्रों को 18 हजार और अनुदेशकों को 17 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। अभी तक शिक्षामित्रों को 10 हजार और अनुदेशकों को नौ हजार रुपये मिलते थे। इस फैसले से प्रदेश के करीब 1.70 लाख शिक्षामित्र और अनुदेशक लाभान्वित होंगे। यह व्यवस्था एक अप्रैल से लागू होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में इन कर्मियों की भूमिका अहम है और सरकार उनके सम्मान व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मानदेय बढ़ोतरी के साथ ही ट्रांसफर नीति लागू करने व पांच लाख तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की भी घोषणा की गई है। जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नहीं हैं, वहां विद्यालय बनेंगे। इसके लिए 580 करोड़ की व्यवस्था की है। शिक्षामित्रों को अप्रैल से 18 हजार व अनुदेशकों को 17 हजार देंगे।



### नौ वर्षों में पहली बड़ी बढ़ोतरी

सूत्रों के अनुसार यह मानदेय वृद्धि एकमुश्त 8 हजार रुपये की है, जो नौ वर्षों में पहली बड़ी बढ़ोतरी है। शिक्षा कर्मियों का कहना है कि महंगाई के बीच यह फैसला आर्थिक संबल देगा।

### शिक्षामित्रों का सफर

- 2001 : नियुक्ति के समय 1500 मानदेय
- 2005 : मानदेय बढ़कर 2400 रुपये

**मायावती सरकार : 3000 रुपये मानदेय, दो वर्षीय बीटीसी कोर्स शुरू**

- 2014 : अखिलेश सरकार में पूर्णकालिक सहायक अध्यापक बने, करीब 43 हजार रुपये वेतन
- 25 जुलाई 2017 : सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर समायोजन रद्द, 3500 रुपये मानदेय पर वापसी
- 2017 : योगी सरकार ने मानदेय बढ़ाकर 10 हजार रुपये किया
- 2026 : अब बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह

### फैसले के प्रमुख बिंदु

- 1.70 लाख शिक्षामित्र और अनुदेशक लाभान्वित
- शिक्षामित्रों को 18 हजार, अनुदेशकों को 17 हजार रुपये प्रतिमाह
- 2017 से अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय लागू
- सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश- सेवा समाप्त नहीं होगी
- ट्रांसफर नीति लागू की जाएगी
- 5 लाख तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा

### अनुदेशकों की कानूनी लड़ाई का अंत

अनुदेशकों के मानदेय को लेकर 2017 से कानूनी संघर्ष चल रहा था। वर्ष 2017 में मानदेय 9 हजार से बढ़ाकर 17 हजार रुपये करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद इसे लागू नहीं किया गया। इसके बाद लखनऊ हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय नौ प्रतिशत ब्याज सहित देने का आदेश दिया। राज्य सरकार की अपील पर डबल बेंच ने एक वर्ष के लिए भुगतान का निर्देश दिया। मामला आगे चलकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि लंबे समय से कार्यरत अनुदेशकों की सेवा समाप्त नहीं की जा सकती। वर्ष 2017 से 17 हजार रुपये मानदेय लागू किया जाना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद भी अनुदेशकों की सेवाएं स्वत: समाप्त नहीं होंगी।

ब्रीफ न्यूज

### एआई समिट में विरोध प्रदर्शन पर युवा कांग्रेस के 4 कार्यकर्ता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को 'एआई इम्पैक्ट समिट' स्थल पर हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया और मामले में व्यापक साजिश के पहलू की जांच कर रही है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिहार से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि, बिहार के राज्य सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश के राज्य अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना से नरसिम्हा यादव के रूप में हुई है। (संबंधित राष्ट्रीय पेज पर)

### जेपी इंफ्राटेक के पूर्व एमडी ने तिहाड़ जेल में किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली।** जेपी इंफ्राटेक के पूर्व एमडी मनोज गौर ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। हाल में दिल्ली की एक अदालत ने घर खरीदारों से जुड़े धन शोधन मामले में उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है। अंतरिम जमानत प्राप्त करने वाले गौर ने गुरुवार को आत्मसमर्पण कर दिया और अब वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिल्ली की कोर्ट ने 17 फरवरी को गौर की नियमित जमानत याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि उनके खिलाफ लगे आरोपों में आपराधिक विश्वासघात के आरोप शामिल हैं।

# जेई और उसकी पत्नी को 33 बच्चों के यौन शोषण में मौत की सजा

## पोर्न साइट पर डालते थे वीडियो, बांदा की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला

- सुनवाई के दौरान सीबीआई की टीम भी कोर्ट में रही मौजूद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** नाबालिग बच्चों से यौन शोषण कर अश्लील वीडियो को पोर्न साइट में अपलोड करने के मामले में बांदा की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने चित्रकूट के सिंचाई विभाग के निलंबित जेई (अवर अभियंता) व उसकी पत्नी को फांसी की सजा सुनाई है। सुनवाई के दौरान सीबीआई की टीम भी कोर्ट में मौजूद रही।

मामला सन 2020 का है। सीबीआई को जानकारी मिली थी कि सिंचाई विभाग चित्रकूट में तैनात जेई रामभवन, चाइल्ड पोर्नोग्राफी जैसे संगीन अपराध में लिप्त है। सीबीआई ने रामभवन को एसडीएम कालोनी स्थित किराये के मकान से गिरफ्तार किया था। वहीं साक्ष्य संकलन के दौरान सीबीआई को रामभवन की पत्नी दुर्गावती की भी संलिप्तता मिली थी। इसके बाद दुर्गावती को भी गिरफ्तार किया गया और दोनों को बांदा जेल में निरुद्ध किया गया था। सीबीआई की पूछताछ में रामभवन ने बताया था कि वह पांच से 16 साल के बच्चों को अपना शिकार बनाता था। उन्हें जाल में फंसाने के लिए वह इलेक्ट्रानिक गैजेट्स का लालच देता था। बच्चों के अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर ऑनलाइन बेचा करता था, जिसके लिए उसे अच्छी खासी मोटी रकम मिलती थी। देश-विदेश के कई पोर्न गिरोहों के संपर्क में होने की बात भी उसने स्वीकारी थी। उसने यह भी बताया कि पीड़ित परिवारों को उनके बच्चों के अश्लील फोटो और वीडियो दिखाकर उन्हें ब्लैकमेल करता था और इसके एवज में उनसे पैसे मांगता था। इससे भी उसने अच्छी खासी रकम मिलती थी।

पिछले पांच साल से अधिक की अवधि में मामले की कई बार सुनवाई हुई और साक्ष्य संकलित किए गए। शुक्रवार को दोषसिद्ध पाए जाने पर बांदा की विशेष पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्रा ने दोषी दंपती को मृत्युदंड की सजा सुनाई। अधिवक्ता सौरभ सिंह ने बताया कि इस घिनौने मामले में लगभग 33 नाबालिग बच्चों के शोषण की बात सामने आई।



**चित्रकूट :** फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद जेई व उसकी पत्नी (कपड़े से मुंह ढके) पुलिस गिरफ्त में।

### पीड़ित बच्चों को 10-10 लाख देने के आदेश

कोर्ट ने सभी पीड़ित बच्चों को 10-10 लाख रुपये देने का भी आदेश पारित किया। सजा में किए गए जुर्माने को भी बच्चों को देने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे अपराध न केवल पीड़ित बच्चों के जीवन को बर्बाद करते हैं, बल्कि समाज की नैतिक नींव को भी हिला देते हैं। यदि ऐसे मामलों में सख्ती नहीं बरती गई तो यह समाज के लिए खतरनाक संदेश होगा। कोर्ट ने पीड़ित बच्चों के पुनर्वास, मनोवैज्ञानिक उपचार और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार और संबंधित विभागों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही पीड़ितों को उचित मुआवजा, काउंसिलिंग और शिक्षा-संबंधी सहायता उपलब्ध कराने के भी आदेश दिए।

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का ट्रंप को झटका, रद्द किए टैरिफ

- उच्चतम न्यायालय ने 6-3 के बहुमत से सुनाया फैसला, कहा- उन्हें टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप को झटका देते हुए उनके द्वारा कई देशों पर थोपे गए टैरिफ के आदेश को शुक्रवार को रद्द कर दिया। कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से यह फैसला सुनाया। कोर्ट के इस फैसले से ट्रंप के आर्थिक एजेंडे को बड़ा झटका लगा है। सुनाए गए इस फैसले का केंद्र बिंदु आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत लगाए गए शुल्क हैं, जिनमें लगभग हर दूसरे देश पर लगाए गए व्यापक पारस्परिक शुल्क भी शामिल हैं।

कोर्ट ने पाया कि संविधान बहुत स्पष्ट रूप से कांग्रेस को कर लगाने की शक्ति देता है, जिसमें शुल्क भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने फैसले में लिखा, संविधान निर्माताओं ने कराधान की शक्ति का कोई भी हिस्सा कार्यपालिका शाखा को नहीं सौंपा। न्यायमूर्ति सैमुअल एलिटो, न्यायमूर्ति क्लेरेंस थॉमस और न्यायमूर्ति ब्रेट कावानाघ ने असहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति कावानाघ ने लिखा, यहां जिन शुल्कों पर चर्चा हो रही है, वे नीति के लिहाज से उचित हो सकते हैं या नहीं हो सकते हैं। लेकिन लिखित प्रमाण, इतिहास और पूर्व उदाहरणों के आधार पर, ये स्पष्ट रूप से वैध हैं। शुल्क संबंधी निर्णय से ट्रंप को अन्य कानूनों के तहत शुल्क लगाने से नहीं रोका जा सकता। हालांकि इन प्रावधानों से ट्रंप की कार्रवाइयों पर अधिक सीमाएं लग जाती हैं, फिर भी प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने कहा है कि वे अन्य अधिकारों के तहत शुल्क ढांचे को यथावत रखने की उम्मीद करते हैं। राष्ट्रपति इस मामले में मुखर रहे हैं और इसे अमेरिकी इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण मामलों में से एक बताया है।




### ट्रंप ने 2025 में कई देशों पर लगाए थे पारस्परिक शुल्क

ट्रंप ने अप्रैल 2025 में ज्यादातर देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाए, ताकि व्यापार घाटे को दूर किया जा सके, जिसे उन्होंने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया था। ये कदम तब उठाए गए जब उन्होंने कनाडा, चीन और मैक्सिको पर शुल्क लगाए, जिसका मकसद मादक पदार्थों की तस्करी की आपात स्थिति से निपटना था। इसके बाद कई मुकदमे दायर किए गए। चुनौती देने वालों ने दलील दी कि आपातकालीन शक्तियों के कानून में शुल्क का उल्लेख तक नहीं है और ट्रंप द्वारा इसका उपयोग कई कानूनी समीक्षाओं में विफल रहता है, जिसमें एक ऐसी समीक्षा भी शामिल है।

# मृतक के परिवार को मुआवजा देने को गाइडलाइंस बनाए सरकार: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

कस्टोडियल डेथ मामला



- पीलीभीत के एक मामले में दस लाख का मुआवजा देने का कोर्ट ने दिया आदेश

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कस्टोडियल डेथ के मामलों में मृतक के परिवार को मुआवजा प्रदान करने के लिए गाइडलाइंस बनाने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। इसी के साथ कोर्ट ने पीलीभीत के एक कस्टोडियल डेथ के मामले में मृतक बंदी के परिवार को दस लाख का मुआवजा तीन सप्ताह में देने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ़ व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने पीलीभीत जिला जेल में याची के नाबालिग पुत्र की अप्राकृतिक मृत्यु के मामले में पारित किया है। याचिका में कहा गया था कि वर्ष 2016 में पीलीभीत जनपद के पूरनपुर थाने की पुलिस ने नाबालिग पुत्र के विरुद्ध दुष्कर्म एवं पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। वह लगभग तीन वर्ष दस माह तक कारावास में रहा। जमानत मिलने के पश्चात उसे विचारण कोर्ट के समक्ष उपस्थित होना था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हो सका। परिणामतः ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में उसे पुनः गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 20 फरवरी 2024 को उसकी जेल में मृत्यु हो गई। मजिस्ट्रेट जांच में पाया गया कि याची के पुत्र ने आत्महत्या की। कोर्ट ने कहा कि अभिलेख पर उपलब्ध सामग्री से यह स्पष्ट है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है।

### हिरासत में यातना मानव गरिमा का उल्लंघन

कोर्ट ने कहा कि हिरासत में यातना मानव गरिमा का उल्लंघन है। जो पीड़ित के आत्म सम्मान और अस्तित्व को मूल से नष्ट कर देती है। जब भी मानव गरिमा आहत होती है, सभ्यता एक कदम पीछे चली जाती है। जांच प्रणाली से यातना को समाप्त करने की सिफारिशों के बावजूद पुलिस हिरासत और जेलों में यातना एवं मृत्यु की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक हैं। हिरासत में हिंसा और मौतें विधि के शासन की मूल भावना पर प्रहार हैं। राज्य अपनी अभिरक्षा में रखे गए व्यक्तियों के जीवन और स्वतंत्रता का संरक्षक है।

# मानहानि मामले में राहुल के बयान दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर



- गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी से जुड़ा मामला, अगली सुनवाई 9 मार्च को

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट में सुबह 10:40 बजे पेश हुए, जहां उन्होंने मानहानि प्रकरण में बयान दर्ज कराया।

उनके साथ उनके अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल मौजूद रहे। वहीं, परिवादी विजय मिश्र अपने अधिवक्ता संतोष पांडेय के साथ अदालत में उपस्थित रहे। करीब 45 मिनट चली कार्यवाही में राहुल गांधी ने आठ प्रश्नों के उत्तर देते हुए आरोपों से इंकार करते हुए कहा कि यह मुकदमा सस्ती लोकप्रियता पाने , मेरी व कांग्रेस पार्टी की छवि धूमिल करने के लिए राजनीतिक दुर्भावनावश दायर किया गया है। बयान दर्ज करने के उपरांत मामले मे सफाई साक्ष्य की सुनवाई के लिए अदालत ने अगली तारीख 9 मार्च निर्धारित की है।

# सपा कार्यकर्ता की हत्या में 5 दोषियों को उम्रकैद

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

- आलोक पाल हत्याकांड : कोर्ट ने लगाया 90 हजार रुपये अर्थदंड

**अमृत विचार :** अमेठी जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे गड़ेरियन मौजा राजापुर में चार वर्ष पूर्व हुए सपा कार्यकर्ता आलोक पाल हत्याकांड में शुक्रवार को दोषसिद्ध आरोपियों की सजा पर फैसला सुनाते हुए एडीजे तृतीय निशा सिंह की अदालत ने पांच आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 18 हजार रुपये अर्थदण्ड भी लगाया है। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी संदीप सिंह के मुताबिक घटना 2 मार्च 2022 को संग्रामपुर थानाक्षेत्र के पूरे गड़ेरियन मौजा राजापुर कोहरा की है ।

वादी रामराज पाल का पुत्र प्रशांत पाल और सपा कार्यकर्ता आलोक पाल सामान खरीदने बाजार जा रहे थे। रास्ते में ननकू दास की कुटी के पास घात लगाए बैठे आरोपियों ने लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से दोनों पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल आलोक पाल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव के ही अजय मिश्र, माधवराज मिश्र, आशुतोष मिश्र, दुर्गा प्रसाद और अभिषेक मिश्र के खिलाफ केस दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष के नौ गवाहों की गवाही को विश्वसनीय मानते हुए अदालत ने सभी पांचों को दोषसिद्ध दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

रणनीतिक गठजोड़

एआई समिट में समझौते पर किए गए हस्ताक्षर, महत्वपूर्ण खनिजों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना प्राथमिकता

# भारत का अमेरिका से समझौता, पैक्स सिलिका का बना हिस्सेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत अमेरिका के नेतृत्व वाले रणनीतिक गठजोड़ पैक्स सिलिका में शामिल हो गया है, जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों व कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना है। यहां में एआई इम्पैक्ट समिट में आयोजित एक समारोह में गठबंधन में शामिल होने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

वहां उपस्थित लोगों में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, आर्थिक मामलों के लिए अमेरिकी उप विदेश मंत्री जैकब हेलबर्ग और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर शामिल थे। यह कदम दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तावित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और संबंधों में गंभीर तनाव के दौर के बाद द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए कई अन्य पहलों पर आगे बढ़ने के प्रयासों के बीच आया है।

गोर ने कहा, व्यापार समझौते से लेकर पैक्स सिलिका और रक्षा सहयोग तक, दोनों देशों की साथ काम करने की संभावनाएं वास्तव में असीमित हैं। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि पैक्स सिलिका में भारत का प्रवेश केवल एक प्रतीकात्मक कदम नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक कदम है जो द्विपक्षीय संबंधों की समग्र दिशा को और मजबूत करेगा। भारत ऐसा देश है जहां प्रतिभा का भंडार है, जो प्रतिद्वंद्वियों को चुनौती देने के लिए काफी है। भारत की इंजीनियरिंग क्षमता इस महत्वपूर्ण गठबंधन के लिए आवश्यक योग्यताएं प्रदान करती है। प्रतिभा के अलावा, भारत ने महत्वपूर्ण खनिज प्रसंस्करण क्षमता की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रगति की है और हम इसमें भी पूरी तरह से सहभागिता कर रहे हैं। गोर ने सुझाव दिया कि अमेरिका पैक्स सिलिका ढांचे के तहत भारत से एआई प्रौद्योगिकियां साझा कर सकता है। अमेरिकी उप विदेश मंत्री हेलबर्ग ने भारत के फैसले की सराहना की और पैक्स सिलिका को आपूर्ति श्रृंखलाओं में दबाव की रणनीति व ब्लैकमेल के खिलाफ पहल बताया, जिसे चीन की ओर एक स्पष्ट इशारा माना जा रहा है।



नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

### मोदी ने एआई व डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ संग कृषि, शिक्षा में एआई की संभावनाओं पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने एआई व डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ के साथ शुक्रवार को बैठक की और कृषि, पर्यावरण संरक्षण एवं मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री के साथ आयोजित गोलमेज बैठक में 16 एआई एवं डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ तथा संस्थापकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मोदी ने मजबूत 'डेटा गवर्नेंस' की आवश्यकता पर जोर दिया, दुष्प्रचार के प्रति सावधान रहने को कहा और भारत की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने यूपीआई को सरल एवं व्यापक डिजिटल नवाचार का उदाहरण बताते हुए भारतीय कंपनियों पर विश्वास जताया और घरेलू उत्पादों पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### मोदी यूपी को देंगे सेमीकंडक्टर और रैपिड रेल की रफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 और 22 फरवरी को प्रदेश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण और अत्याधुनिक परिवहन कनेक्टिविटी का तोहफा देंगे। दोनों कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति रहेगी।



शनिवार को प्रधानमंत्री वर्चुअली उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट 'इंडिया चिप' का शिलान्यास करेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के सेक्टर-28 में 48 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली यह परियोजना एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप का संयुक्त उपक्रम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव परियोजना स्थल पर मौजूद रहेंगे। यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट ओसैट सुविधा होगी, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 45,000 करोड़ के जीडीपी योगदान और करीब 3,000 रोजगार सृजन की संभावना है। रविवार को पीएम मोदी मेरठ में नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक रैपिड रेल के संचालन से दिल्ली–मेरठ का सफर एक घंटे से भी कम समय में पूरा होगा। 180 किमी प्रति घंटे की डिजाइन गति और हर 10 मिनट में ट्रेन उपलब्ध होने से यातायात सुगम होगा और प्रदूषण घटेगा। साथ ही, 12 मेट्रो स्टेशनों के साथ 21 किमी की शहरी यात्रा आधे घंटे से कम में संभव होगी।

### आज किसानों को बड़ा तोहफा देंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** शनिवार सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों और आपदा मित्रों को बड़ी राहत देंगे। पीएम फसल बीमा योजना (खरीफ 2025) के तहत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 3,500 परिवारों को 175 करोड़ की सहायता राशि वितरित की जाएगी। आपदा मित्रों को जीवन बीमा लाभ मिलेगा। साथ ही बागपत, शामली, कासगंज, भदोही में उप कृषि निदेशक कार्यालय व मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं, मऊरानीपुर (झांसी) में 50 शैय्या छात्रावास और लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो का शिलान्यास होगा।

### लापता लोगों को न तलाश पाने पर डीजीपी नाराज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 20,350 लोग लापता चल रहे हैं, लेकिन पुलिस का भारी भरकम अमला उन्हें तलाश नहीं कर सका है। उधर डीजीपी राजीव कृष्ण ने लोगों को तलाश नहीं कर पाने पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने एक कार्य योजना तैयार की है। साथ ही सभी पुलिस अफसरों से कहा है कि वह हर माह लापता लोगों और बच्चों को तलाशने के लिए विशेष अभियान चलाएं। प्रदेश में एक जनवरी–2024 से 18 फरवरी–2026 यानी दो साल के भीतर 1,08,372 लोग लापता हो गए। हालांकि पुलिस ने 88,022 लोगों को तलाश भी कर उनके घरों तक पहुंचा दिया। अब 20,350 लोग ऐसे हैं, जो कि अपनों के पास नहीं पहुंच सके हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक लापता व्यक्ति को तलाशना पुलिस की पहली प्राथमिकता है।

# प्रदेश के सरकारी उपक्रमों में हजारों करोड़ की अनियमितताएं

## विधानसभा के पटल पर रखी गई सीएजी रिपोर्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा, निर्माण निगम से परिवहन व औद्योगिक उपक्रमों तक नियम विरुद्ध भुगतान व ठेके

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा में शुक्रवार को वित्तमंत्री सुरेश खन्ना द्वारा रखी गई भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की ताजा रिपोर्ट ने प्रदेश के राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों यानी एसपीएसई में व्यापक भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और कमजोर शासन व्यवस्था की परतें उधेड़ दी हैं। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि कई उपक्रमों में बिना अनुमति काम शुरू करना, वास्तविक कार्य के बिना भुगतान, नियमों को ताक पर रखकर ठेके देना और सरकारी धन पर अर्जित ब्याज को जमा न करना जैसी गंभीर गड़बड़ियां सामने आई हैं।

- घाटे में डूबे उपक्रम, कमजोर निगरानी और सरकारी धन के दुरुपयोग पर गंभीर सवाल

मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए तैयार यह रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिवेदन संख्या-9 राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2023 तक यूपी में सीएजी के लेखापरीक्षा दायरे में 113 एसपीएसई थे, जिनमें 72 क्रियाशील और 41 निष्क्रिय (13 परिसमापनाधीन सहित) थे। 68 क्रियाशील उपक्रमों में जहां 39 ने 2,169.50 करोड़ का लाभ कमाया, वहीं 27 उपक्रमों ने 32,393.08 करोड़ का भारी घाटा उठाया। सीएजी का कहना है कि यह घाटा केवल कारोबारी जोखिम नहीं, बल्कि खराब वित्तीय प्रबंधन और नियंत्रण तंत्र की विफलता को भी दर्शाता है।

**निगरानी और गवर्नेंस की नाकामी :** रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि अधिकांश एसपीएसई में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति नहीं हुई, कई बोर्डों ने अनिवार्य बैठकें तक नहीं कीं और लेखापरीक्षा समिति, नामांकन-पारिश्रमिक समिति जैसी वैधानिक व्यवस्थाएं कागजों तक सीमित रहीं। महिला निदेशकों की नियुक्ति में भी व्यापक लापरवाही पाई गई। सीएजी ने इसे संस्थागत भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला वातावरण बताया है।



विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट रखते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

### निर्माण निगम बना भ्रष्टाचार का केंद्र

सीएजी ने प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड की निष्पादन लेखापरीक्षा में सबसे गंभीर अनियमितताएं दर्ज की हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, तकनीकी स्वीकृति और पर्यावरणीय अनापत्ति के बिना 2,058 करोड़ से अधिक के कार्य शुरू कर दिए गए। कई मामलों में कार्य के वास्तविक निष्पादन के बिना 31.72 करोड़ का भुगतान कर दिया गया। उप-संविदाकारों को बिना बैंक गारंटी के करोड़ों रुपये के अग्रिम दे दिए गए। सरकारी निधियों पर अर्जित 641.45 करोड़ का ब्याज कोषागार में जमा नहीं कराया गया। ठेकों में खुली निविदा प्रक्रिया के बजाय सीमित कोटेशन से काम देकर पारदर्शिता को नुकसान पहुंचाया गया। सीएजी ने इसे गंभीर वित्तीय कदाचार करार देते हुए कहा है कि इससे न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ, बल्कि जवाबदेही तंत्र भी पूरी तरह विफल रहा।

### भ्रष्टाचार के मुख्य बिंदु

- बिना तकनीकी स्वीकृति 2,058 करोड़ के कार्य शुरू
- बिना वास्तविक काम के 31.72 करोड़ का भुगतान
- उप-संविदाकारों को 20.40 करोड़ के अग्रिम बिना गारंटी
- सरकारी निधियों पर 641.45 करोड़ ब्याज जमा नहीं
- ठेकों में खुली निविदा की अनदेखी, सीमित कोटेशन से काम

### वित्तीय रेड फ्लैग्स

- घाटे में एसपीएसई : 27
- कुल घाटा : 32,393.08 करोड़
- ब्याज वहन में अक्षम उपक्रम : 12
- पूरी तरह नेटवर्थ गंवाने वाले उपक्रम : 16

### गवर्नेंस फेल्योर

- स्वतंत्र निदेशक नहीं : 26 एसपीएसई
- अनिवार्य बोर्ड बैठकें नहीं : 35 एसपीएसई
- लेखापरीक्षा समिति का अभाव/गलत गठन : 21 एसपीएसई

## नियोजन से लेकर आवंटन तक गड़बड़ी की भरमार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) ने गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा विकास एवं संपत्तियों के आवंटन को लेकर गंभीर प्रशासनिक लापरवाही, वित्तीय अनियमितताओं और संभावित भ्रष्टाचार को उजागर किया है। एनसीआर का हिस्सा होने के बावजूद गाज़ियाबाद महायोजना-2021 को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड से अनुमोदन नहीं कराया गया, जो नियोजन कानूनों का सीधा उल्लंघन है। इसके अलावा, एकीकृत महायोजना बनाने के बजाय गाज़ियाबाद और मोदीनगर के लिए अलग-अलग महायोजनाएं तैयार की गईं, जिनके ज़ोनिंग नियमों में भारी विरोधाभास पाए गए। इन योजनाओं के निर्माण में चार से दस वर्षों तक की देरी हुई और आठ में से केवल एक ज़ोन के लिए ही ज़ोनल विकास योजना तैयार की गई।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शुक्रवार को सीएजी का निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संख्या-11 (वर्ष 2025), को राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया। इसमें वर्ष 2017-18 से 2021-22 की अवधि के दौरान जीडीए की कार्यशैली का व्यापक मूल्यांकन किया गया। सीएजी ने पाया कि महायोजना-2021 के तहत निर्धारित विकास लक्ष्य अधिकांश क्षेत्रों में पूरे ही नहीं किए गए। खुले स्थान, पार्क और मनोरंजन क्षेत्र में 79 प्रतिशत, व्यावसायिक क्षेत्र में 66 प्रतिशत और सार्वजनिक सुविधाओं में 39 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।

- गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल
- ईडब्ल्यूएस आवास, संपत्ति आवंटन और अवैध निर्माण पर कार्रवाई में भारी चूक

### अनियमितता के प्रमुख बिंदु


- महायोजना-2021 बिना एनसीआर बोर्ड की मंजूरी
- ईडब्ल्यूएस आवास लक्ष्य का केवल 40% ही पूरा
- संपत्ति आवंटन का कोई योजनावार डाटा बैंक नहीं
- हिंडन बाढ़ क्षेत्र में अवैध निर्माण पर ढीली कार्रवाई
- बिना रिकॉर्ड कारणों के नीलामी/आवंटन से संपत्तियां बाहर

### वित्तीय रेड फ्लैग्स

- राजस्व लक्ष्य में कमी : 40–58%
- व्यय लक्ष्य में कमी : 40–63%
- राज्य सरकार से लंबित वसूली : 347.43 करोड़

### गवर्नेंस और नियंत्रण की विफलता

- ज़ोनल विकास योजनाओं का अभाव
- आंतरिक लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर सुधार नहीं
- तकनीकी संवर्ग में भारी मानवशक्ति की कमी
- बोर्ड बैठकें मानकों के अनुरूप नहीं




### वित्तीय प्रबंधन में भारी चूक, करोड़ों की वसूली लंबित

वित्तीय मोर्चे पर भी जीडीए की स्थिति चिंताजनक रही। वर्ष 2017–18 से 2021–22 के दौरान, 2018–19 को छोड़कर, राजस्व लक्ष्य में 40 से 58 प्रतिशत तक की कमी रही। वहीं, व्यय लक्ष्य भी 40 से 63 प्रतिशत तक कम रहा। सीएजी ने यह भी इंगित किया कि उप-निबंधन कार्यालयों द्वारा अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क वसूली के बावजूद, जीडीए की 347.43 करोड़ की वैधानिक मांग अब तक राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हो सकी, जो कमजोर वित्तीय फॉलो-अप और जवाबदेही को दर्शाता है।

### आवंटन और प्रवर्तन में पारदर्शिता का अभाव

संपत्तियों के आवंटन में पारदर्शिता की भारी कमी सामने आई। जीडीए के पास योजनावार विकसित, बेची गई और शेष संपत्तियों का कोई समेकित डाटा बैंक नहीं था। बोली-सह-नीलामी और पहले आओ-पहले पाओ जैसी प्रक्रियाओं में यह तक स्पष्ट नहीं किया गया कि पूर्व नीलामी में अविकसित/अविक्रीत संपत्तियों को आगे क्यों नहीं लाया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 45,000 इकाइयों के लक्ष्य के मुकाबले मात्र 20,173 इकाइयों की योजना बनाई गई और मार्च 2024 तक केवल 5,801 इकाइयां ही निर्माणाधीन पाई गईं। हिंडन नदी के बाढ़ क्षेत्र में अवैध निर्माण रोकने में भी जीडीए विफल रहा। अनधिकृत निर्माण के चिन्हित मामलों में केवल 19 से 65 प्रतिशत पर ही कार्रवाई की गई। 1,303 स्वीकृत मानचित्रों में से मात्र 125 को ही पूर्णता प्रमाण-पत्र जारी किया गया, जबकि शेष भवनों की स्थिति का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया।

दुर्बल आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए वर्ष 2017-22 में न्यूनतम 25,000 आवासीय इकाइयों के लक्ष्य के मुकाबले मात्र 9,960 इकाइयां ही बन सकीं।

सीएजी की रिपोर्ट साफ संकेत देती है कि गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण में अनियमितताएं केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि संस्थागत लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार का परिणाम हैं। रिपोर्ट में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध उत्तरदायित्व तय करने, पारदर्शी डाटा प्रणाली विकसित करने और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई की सिफारिश की गई है।



पेशी पर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिलते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व आराधना मिश्रा।

## पूरे देश में राहुल गांधी के खिलाफ कराए जा रहे मुकदमे : प्रमोद तिवारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को दिल्ली से लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर उतरे तो उनका स्वागत किया गया। इस दौरान प्रमोद तिवारी ने कहा कि पूरे देश में राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमे कराए जा रहे हैं।

राहुल गांधी के खिलाफ सुल्तानपुर के एमएलए-एमपी कोर्ट में एक मानहानि का मुकदमा चल रहा है। उसी मामले में शुक्रवार की सुबह राहुल गांधी दिल्ली से एयरपोर्ट पर उतरे। वहां पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सांसद प्रमोद तिवारी, वरिष्ठ नेता अखिलेश सिंह, कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता अराधना मिश्रा, प्रवक्ता अंशु अवस्थी समेत भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यहां से राहुल गांधी कार से सुल्तानपुर गए। वहां से दोपहर में करीब ढाई बजे एयरपोर्ट लौटे और दिल्ली के लिए चले गए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि राहुल गांधी सुल्तानपुर की एक अदालत में चल रहे मामले में आए थे, उनका और कोई कार्यक्रम नहीं था।

- चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का हुआ स्वागत

# स्पष्ट नीति व सख्त वित्तीय अनुशासन से बदला यूपी : योगी

## मुख्यमंत्री ने सदन में रखा 'न्यू यूपी' के विकास का ब्लूप्रिंट, कांग्रेस-सपा पर निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान नौ वर्षों की सरकार के कामकाज का विस्तृत लेखा-जोखा पेश करते हुए कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। कहा कि यूपी आज बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकलकर देश के टॉप-3 राज्यों में शामिल हो चुका है। यह परिवर्तन किसी एक योजना का नहीं, बल्कि स्पष्ट नीति, शुद्ध नीयत और प्रभावी वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है। उन्होंने डाटा, इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और रोजगार की योजनाएं गिनाते हुए कहा कि इनके सहारे यूपी ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की धुरी बनेगा।

मुख्यमंत्री ने बजट सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को अपने लंबे भाषण में बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी मुख्यमंत्री को दसवां बजट प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह बजट केवल खर्च का दस्तावेज नहीं, बल्कि भविष्य के उत्तर प्रदेश का रोडमैप है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने लीकेज रोके, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया। इसी का नतीजा है कि आज बैंक, निवेशक और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं उत्तर प्रदेश पर भरोसा कर रही हैं। नीति आयोग की फिस्कल हेल्थ इंडेक्स और कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यूपी को अब फ्रंट रनर स्टेट माना जा रहा है। योगी ने बताया कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश का पूंजीगत व्यय करीब 71 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर में लगाया गया एक रुपये का निवेश पांच से छह गुना प्रतिफल देता है। उन्होंने डाटा को नई अर्थव्यवस्था की आधारशिला बताते हुए कहा कि एआई 'न्यू ऑयल' बनने जा रहा है। बजट 2026-27 में डाटा सेंटर क्लस्टर, स्टेट डाटा सेंटर अथॉरिटी और डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने के प्रावधान किए गए हैं। यूपी अब रिएक्टिव नहीं, बल्कि प्रोएक्टिव गवर्नेंस मॉडल की ओर बढ़ रहा है।

- डाटा, इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और रोजगार के सहारे यूपी बनेगा ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की धुरी



### घालमेल की राजनीति अब नहीं चलेगी नेता प्रतिपक्ष पर साधा निशाना

वित्तीय प्रबंधन पर विपक्ष के सवालों को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि उम्र और अनुभव के साथ आंकड़ों में ईमानदारी आएगी, लेकिन चच्चू का प्रभाव अब भी हावी दिखा। योगी ने तथ्यों के साथ जवाब देते हुए कहा कि 2016–17 में समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 4.39 प्रतिशत था, जो अब 2025–26 में घटकर 2.97 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने बताया कि ऋणग्रस्तता लगभग 30 प्रतिशत से घटकर 26 प्रतिशत आ गई है और 2026–27 तक इसे 23 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है। प्रति व्यक्ति आय पर विपक्ष को घेरते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016–17 में यह करीब 43 हजार रुपये थी, जबकि आज 1.20 लाख रुपये से अधिक हो चुकी है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या 43 हजार और 1.20 लाख में कोई फर्क नहीं दिखता।

### आठ हजार न्याय पंचायतों में चुने जाएंगे डिजिटल इंटरप्रेन्योर

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आठ हजार न्याय पंचायतों में डिजिटल इंटरप्रेन्योर चुने जाएंगे। हर जिले में 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' विकसित होंगे। अगले पांच वर्षों में 100 नई टाउनशिप, 27 एक्सप्रेसवे क्लस्टर और 75 हजार एकड़ का लैंड बैंक तैयार किया जाएगा। महिलाओं के लिए 100 करोड़ रुपये से महिला उद्यमी उत्पाद विपणन केंद्र, 60 लाख सुरक्षित प्रसव के लिए 1000 करोड़ और बालिकाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की गई। उन्होंने दावा किया कि सरकार में प्राइमरी स्कूलों का ड्रॉपआउट रेट शून्य हुआ है और शिक्षकों व कार्मिकों के आश्रित परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दी जाएगी। पर्यटन, स्टार्टअप, एमएसएमई, पशुधन, मत्स्य और पर्यावरण संरक्षण पर बजट फोकस का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे तरक्की और रोजगार बढ़ा है।

### कांग्रेस पर देश की छवि बिगाड़ने का आरोप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारत मंडपम में अराजकता फैलाकर कांग्रेस ने देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जब 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और 20 राष्ट्राध्यक्ष एआई समिट के लिए भारत आए थे, तब कांग्रेस के युवा संगठन ने शर्मनाक कृत्य कर दुनिया के सामने भारत को बदनाम करने की कोशिश की। सीएम योगी ने दो टूक कहा कि देश की प्रतिष्ठा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए।

# विशेषाधिकार हनन और शिक्षामित्रों के मुद्दे पर तीखी बहस

## विधान परिषद : अधिकारियों के फोन न उठाने समेत कई मामलों पर सत्ता पक्ष व विपक्षी सदस्य एकमत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बजट सत्र में विधानसभा के बाद विधान परिषद में भी अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने का मुद्दा उठा है। विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष सदस्यों ने भी सुर में सुर मिलाए। दोनों पक्षों ने शिकायत की कि जिलों में जिलाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी फोन नहीं उठाते, जिससे जनसमस्याओं के समाधान में बाधा आ रही है।

बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को शून्य प्रहर में शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने जिलों के जिलाधिकारी सीयूजी नंबर खुद नहीं उठाने की सूचना दी। कहा कि उनके अर्दली फोन उठाते हैं, बात नहीं कराते हैं, जिससे समस्याओं के समाधान में दिक्कत आती है। भाजपा के उमेश द्विवेदी ने भी विधायक त्रिपाठी की सूचना का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जिले की डीएम को पांच महीनों में कई बार फोन किया, लेकिन हर बार मैडम व्यस्त थीं। भाजपा के ही सुरेंद्र चौधरी ने बिजली विभाग के एमडी के पीआरओ द्वारा एमडी बनकर बात करने का गंभीर आरोप लगाया। सपा सदस्य जासमीर अंसारी ने कहा कि अधिकारी जब सत्ता पक्ष के विधायकों और मंत्रियों की नहीं सुन रहे और उन्हें धरने पर बैठना पड़ रहा है तो विपक्ष की कौन सुनेगा।

जवाब में नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आश्वासन दिया कि वह संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों से सीधे बातचीत करेंगे और समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

मगर, सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि यह स्थिति केवल कुछ जिलों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश के अधिकांश जिलों में यही हाल है। नेता सदन को निर्देश दिए कि सभी जिलों के जिलाधिकारियों से इस विषय में बात कर स्थिति में सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रोटोकाल में किसी प्रकार की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। इसी क्रम में नियम 223 अंतर्गत निर्दलीय डॉ. आकाश अग्रवाल ने 18 फरवरी 2026 को ताज महोत्सव के आयोजन में अपना नाम शामिल न किए जाने को विशेषाधिकार हनन बताया। सभापति ने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया है। शाम 6 बजे सभापति द्वारा सदन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गयी है।



### शिक्षकों के मुद्दे पर गरमाया सदन

शून्य काल में नियम-105 अंतर्गत सपा सदस्यों ने शिक्षा मित्रों की समस्याओं का मुद्दा उठाया, कहा कि कम मानदेय में कई कार्य कराना नियति बन चुकी है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने जवाब दिया। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने नियम-105 अंतर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में स्ववित्तपोषित शिक्षकों के वेतन भुगतान व विनियमितीकरण की सरकार से मांग उठाई। सभापति ने मामले को प्रभावी कार्रवाई के लिए सरकार को भेजा।

### शहीद के सम्मान में कोताही नहीं : केशव मौर्य

महराजगंज के शहीद पंकज त्रिपाठी को उनके शहादत दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मान न दिए जाने का मामला विधान परिषद में भाजपा सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने उठाया। उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान करना प्रशासन की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। सभापति ने भी चिंता जताई और कार्रवाई के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### उप मुख्यमंत्री के तंज पर भड़के सपा सदस्य

सदन की कार्यवाही के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और सपा सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। केशव मौर्य ने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री थे और पूर्व ही रहेंगे। इस पर सपा एमएलसी भड़क गए और पलटवार करते हुए कहा कि 15 मार्च 2027 को अखिलेश यादव बतौर मुख्यमंत्री सदन में मौजूद होंगे। इसके अलावा, सदन में मंत्रियों की अनुपस्थिति को लेकर भी सभापति ने नाराजगी जताई। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के देरी से पहुंचने पर सभापति ने उनके स्पष्टीकरण को स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

### जिला विद्यालय निरीक्षक पर भ्रष्टाचार की जांच के निर्देश

भाजपा सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह ने मिर्जापुर के जिला विद्यालय निरीक्षक पर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच को लेकर प्रश्न उठाया। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी के जवाब से सदस्य के असंतुष्ट होने पर कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने उच्च अधिकारियों से जांच कराकर पुराने अधिकारियों एवं संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षक पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

## वंदेभारत पर पथराव करने में दो किशोर पकड़े गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक मोहन भागवत के पास वाले कोच में पथराव करने के आरोप में हरदोई आरपीएफ ने दो किशोरों को अभिरक्षा में ले लिया। दोनों किशोर आपस में मौसेरे भाई हैं। अभी तक की जांच में खुलासा हुआ है कि बच्चे वंदे भारत ट्रेन को देखने के लिए आए थे, तभी खेल-खेल में कोच पर पथराव कर दिया।

संघ प्रमुख गुरुवार को दोपहर 2 बजे के करीब वंदे भारत ट्रेन से लखनऊ से मेरठ के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही ट्रेन अपरान्ह 3.20 बजे के करीब हरदोई जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के बलोखर फाटक के पास पहंची, तभी एक पत्थर ट्रेन के कोच की खिड़की पर पत्थर जोर से लगा। जिस कोच की खिड़की पर पत्थर लगा उसके बराबर वाले कोच में संघ प्रमुख बैठे थे। पुलिस ने तुरंत उनका कोच बदल दिया गया। उधर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम कर जीआरपी और आरपीएफ ने सीसी कैमरे तलाश कर दो किशोरों को अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस के मुताबिक, एक बच्चे की उम्र 12 साल है, जो कि शाहजहांपुर जिले का रहने वाला है। दूसरे की उम्र 14 साल है। दोनों रिश्ते में भाई लगते हैं। दोनों को जुवेलाइन कोर्ट में पेश किया गया।

एडीजी जीआरपी प्रकाश डी. ने बताया कि सीसी कैमरों की सहायता से शुक्रवार को दो किशोर को अभिरक्षा में ले लिया गया। दोनों को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया।

- ट्रेन में सफर कर रहे थे संघ प्रमुख मोहन भागवत



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### आज किसानों के खाते में पहुंचेगी क्षतिपूर्ति की राशि

**कन्नौज।** उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने अवगत कराया कि शनिवार 21 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा राजस्व एवं आपदा विभाग द्वारा संचालित किसानों से संबंधित बीमा योजनाओं के लाभार्थी कृषकों को खरीफ 2025 की क्षतिपूर्ति राशि का वितरण वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से करेंगे। इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुबह 10 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम प्रदेश के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके माध्यम से पात्र कृषकों के खातों में सीधे क्षतिपूर्ति राशि भेजी जाएगी। इससे किसानों को त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध होगी तथा उनकी फसल क्षति की भरपाई में मदद मिलेगी।

### छात्र दुर्घटना का शिकार, गंभीर

**सौरिख।** परीक्षा देकर जा रहे छात्र को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के हविलिया गांव निवासी आयुष पाल पुत्र मानसिंह पाल (18) शुक्रवार को दोपहर लगभग 12 बजे परीक्षा देकर बाइक से घर जा रहा था। जैसे ही बाइक राजापुर बंबा के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### 413 शिक्षकों को चयन वेतनमान मिला

**कन्नौज।** जनपद कन्नौज के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है। कुल 413 शिक्षकों को चयन वेतनमान का लाभ मिल गया है। इसका भुगतान फरवरी 2026 के वेतन के साथ देय होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया है कि जनपद के 1459 परिषदीय विद्यालयों में लगभग छह हजार शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें से वे शिक्षक, जिन्होंने निर्धारित सेवा अवधि पूर्ण करते हुए संतोषजनक कार्य निष्पादन किया है, उन्हें शासन के प्रावधानों के अनुरूप चयन वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है।

# सामुदायिक शौचालय मिला बंद, होगी कार्रवाई

## डीएम के निरीक्षण में गायब मिला केयरटेकर, जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



तेरामल्लू में जिलाधिकारी को बंद मिला सामुदायिक शौचालय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निरीक्षण में सामुदायिक शौचालय बंद और केयरटेकर गायब मिला। इस पर नाराजगी जताते हुए संबंधित सचिव ब्रजेश कुमार के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने पंचायत भवन एवं डाकघर का निरीक्षण कर कार्यालयों को सुव्यवस्थित एवं कार्यशील रखने के निर्देश दिए।

इससे पहले जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम पंचायत तेरामल्लू में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ही उन्होंने निरीक्षण किए। चौपाल में बताया गया कि ग्राम में कुल 45 हैंडपंप तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की टंकी भी है। इसके बाद भी सभी घरों तक पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक घर तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा श्याम सुंदर एवं पिंटू राठौर के दरवाजे पर लगे हैंडपंपों की शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए। हिदायत

- तेरामल्लू में ग्राम चौपाल में पहुंचे थे, पंचायत भवन व डाकघर का भी निरीक्षण

दी कि कोई भी पात्र असहाय अथवा वृद्धजन पेंशन योजनाओं से वंचित न रहे। ग्राम में 401 पात्र गृहस्थी एवं 109 अंत्योदय कार्डधारक हैं। साथ ही 327 शौचालय निर्मित हैं तथा चालू वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 6 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है।

जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को जानकारी दी कि फार्म-6 हेतु विशेष अभियान 22 फरवरी को आयोजित होगा। ग्रामीणों की मांग पर जिलाधिकारी ने भूमि चिन्हित कर खेल मैदान विकसित कराने का आश्वासन दिया। तहसीलदार को सरकारी भूमि चिन्हित कर उसे कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए तथा पंचायत भवन परिसर की खाली भूमि पर टीन शेड लगाकर उसे बैठक आदि के लिए उपयोग में लाने को कहा। चौपाल में जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, तहसीलदार भरत मौर्य, खण्ड विकास अधिकारी सदर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक दिन में 98 आयुष्मान आईडी ही बनाईं

**भड़के डीएम**

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में आयुष्मान योजना के अंतर्गत 3 लाख 39 हजार 799 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड की आईडी बननी है। इसके लिए कुल 1237 ऑपरेटर आईडी लगाए गए हैं। इनके द्वारा एक दिन में मात्र 98 ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए जिसको लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने कार्य को गंभीरता से लेकर प्रत्येक ऑपरेटर को हर रोज कम से कम एक कार्ड जारी करने के निर्देश दिए हैं। अन्यथा की स्थिति में सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि एएनएम, आशा, सीएचओ को इस कार्य हेतु सक्रिय किया जाएं। उपलब्ध आपरेटरों की संख्या के सापेक्ष जनरेट किये गये कार्ड अपेक्षित प्रगति से कम है। प्रतिदिन निर्धारित

- 1237 ऑपरेटर लगे हैं काम पर, प्रत्येक को रोज बनानी है एक आईडी
- किसी भी स्तर पर पाई गई लापरवाही तो होगी सख्त कार्रवाई

लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। कहा कि आयुष्मान योजना सरकार की एक प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित परिवारों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है। इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नही होगी । इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रगति की दैनिक समीक्षा सुनिश्चित की जाए। किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई तय है।


रमजान में नमाज पढ़ते लोग। अमृत विचार

# रमजान के पहले जुमे की नमाज हुई मुकम्मल

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** रमजान उल मुबारक के पहले जुमे की नमाज पढ़ने के लिए आजान से पहले ही मस्जिदों में भीड़ लग गई। नमाज के बाद नमाजियों ने देश और दुनिया में अमन की दुआ की।

मालूम हो कि रमजान उल मुबारक का बरकतों और रहमतों वाला महीना शुरू हो चुका है। ऐसे में मुस्लिम बहुल इलाकों में तड़के 3 बजे से ही चहल पहल हो जाती है। रोजेदार सहरी करके नमाज पढ़ने के बाद अपने-अपने काम से लग जाते हैं।

गुरुवार से शुरू हुए रमजान उल मुबारक के महीने का शुक्रवार को पहला जुमा था। दोपहर 12:30 पर होने बाली जुमे की अजान से पहले ही मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ पहुंचने लगी और 2 बजे तक सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज सकुशल संपन्न होने के बाद नमाजियों ने देश और दुनिया के लिए दुआएं की।


विजेता ट्राफियों के साथ जीत का जश्न मनाते प्रतिभागी। अमृत विचार

# 'इग्नाइट 3.0' का समापन, 'डोप डायनामाइट' ने जीता खिताब

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित बहुप्रतीक्षित वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव 'इग्नाइट 3.0 का समापन भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ स हो गया। तीन दिवसीय इस महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन की जिम्मेदारी एम बी बी एस बैच 2023 ने सफलतापूर्वक निभाई। डोप डायनामाइट टीम ने कल्चर खिताब जीता। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.

- राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुआ वार्षिक खेल व सांस्कृतिक उत्सव

सीपी. पाल के कुशल नेतृत्व, खेल सचिव डॉ. अतहर तथा सांस्कृतिक सचिव डॉ. अमरीश के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में सांस्कृतिक मंच पर 'डोप डायनामाइट' का जलवा डांस, गायन, नाटक, रैंप वॉक, टैलेंट राउंड और मीम प्रतियोगिताओं में दिखा। हुए ग्रुप-डी 'डोप डायनामाइट' ने ओवरऑल विजेता का खिताब अपने नाम किया।

फैकल्टी सदस्यों ने रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर और टैलेंट राउंड में हिस्सा लिया। इस दौरान इंडोर, आउटडोर और ई-गेम्स की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें भी दमदार प्रदर्शन ने खूब तालियां बटोरीं। ई-गेम्स के तहत डिजिटल गेमिंग में भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इंडोर मुकाबलों में प्रोफेसर डॉ. अतहर, डॉ. आकाश, डॉ. निशांत, डॉ. वैभव और डॉ. प्रशांत सहित अन्य ने स्वर्ण पदक हासिल किए। गुरुवार की रात समारोह में विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# ट्रक ने ईको कार को मारी टक्कर, कई घायल

**छिबरामऊ।** नगर की निगम मंडी के पास में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेरहवीं संस्कार से लौट रहे परिवार की ईको कार में पीछे से आ रहे एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और उन्हें तत्काल सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। वहां सभी को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

घटना की जानकारी देते हुए फर्रुखाबाद के ग्राम पुरनपुर दरौरा निवासी अमर सिंह (70) ने बताया कि वे अपनी पुत्री प्रीती (पत्नी अनंत) के ससुर के 13वें संस्कार में फिरोजाबाद जिले के ग्राम सलेमपुर से परिवार सहित ईको कार से गए थे। वापसी के दौरान शुक्रवार को यह हादसा हुआ। घायलों में स्वयं वह, मुन्नी देवी (65), रेखा (40) और फिरोजाबाद के ग्राम पचवा निवासी अनीता (45) शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

# धूमधाम से निकाली गई खाटू श्याम बाबा की शोभायात्रा


खाटू श्याम बाबा की शोभायात्रा में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** नगर में ग्रेसीगंज, हनुमानगढ़ी स्थित मंदिर में श्री राधाकृष्ण एवं श्री खाटू श्याम मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया गया। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर खाटू श्याम के निशान लहराते भक्त बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल हुए।

- भक्ति गीतों पर नाचते भक्त शोभायात्रा में शामिल हुए

नगर के प्रथम नवनिर्मित मंदिर भगवान श्री राधा कृष्ण एवं श्री खाटूश्याम मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य आचार्य पंडित रमण विहारी शरण जी श्रीधाम वृन्दावन, मथुरा ने

18 व 19 फरवरी को प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक मूर्तियों का अधिवास एवं पूजन कराया। शुक्रवार को दोपहर में मूर्तियों का नगर भ्रमण हनुमानगढ़ी विशुनगढ़ रोड से शुरू होकर पीपल चौराहा मन्दिर, कालिका देवी मन्दिर व गंगेश्वरनाथ मन्दिर होते हुए श्री राधा कृष्ण एवं खाटू श्याम मन्दिर पर आकर शोभा यात्रा का संपन्न हुआ। तत्पश्चात विधि विधान पूर्वक मूर्तियों की स्थापना की गई। विपिन द्विवेदी व पुजारी प्रभात शुक्ला ने बताया कि 21 फरवरी शनिवार को दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारा होगा।


मारपीट के मामले में लगी लोगों की भीड व दुकानदार से जानकारी लेती पुलिस।

# मीट खरीदने के दौरान मारपीट, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मीट खरीदने के दौरान कहा सुनी में दुकानदार व ग्राहकों के बीच मारपीट हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक एक पक्ष कोतवाली पहुंच गया। मामले में सुलह समझौते का प्रयास किया जा रहा है।

सरायमीरा जीटी रोड अंधामोड से आगे सरायमीरा निवासी बब्लू कुरैशी मीट बेंचने की दुकान किये हैं। शुक्रवार को दोपहर के समय सरायमीरा के ही तीन युवक मीट खरीदने के लिये दुकान पर पहुंचे। सही मीट तौलाने को लेकर बिक्रेता से उनकी कहासुनी होने लगी। इसी पर गाली गलौज और मारपीट शुरू

- सरायमीरा अंधा मोड़ का मामला

हो गई। करीव 20 मिनट तक हुए हंगामा व मारपीट से लोगों की भीड दुकान पर लग गई। लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। इस के बाद मीट बिक्रेता कोतवाली चला गया। उधर सूचना मिलते ही 112 बाइक सवार पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। बताया जाता है कि दोनों पक्ष एक दूसरे के परिचित होने से मामले में सुलह समझौते का प्रयास किया जा रहा है। दोनों पक्ष आगे विवाद बढाना नहीं चाह रहे हैं। मारपीट करने वाले युवकों को परिजनों ने खरी खोटी सुनाई हैं।

# रोटरी क्लब का लगेगा नेत्र कैंप

**कन्नौज।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में रोटरी क्लब शौर्य एवं 25 सरकारी विभागों का विशाल मेगा कैंप 22 फरवरी को पीएसएम डिग्री कालेज में लगाया जायेगा।

इस मौके पर योजनाओं की जानकारी के अलावा गरीब परिवारों को योजना का लाभ दिया जायेगा। विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव न्यायाधीश स्नेहा ने बताया कि प्रातः दस बजे से दो बजे तक लगने वाले मेगा कैंप में प्रदेश और केंद्र सरकार की निर्धनों तथा अन्य जनो की कल्याण कारी योजनाओं के चिन्हित पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। इस कैम्प में रोटरी क्लब द्वारा निःशुल्क नेत्र की जांच, निःशुल्क दवाएं व चश्मा दिए जाएंगे। ऑपरेशन के लिए चिन्हित मरीजों को निशुल्क कानपुर हॉस्पिटल भेजा जाएगा।

# होली से पहले मिलेगा वेतन, डीएम ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मार्च के पहले ही हफ्ते में होली का त्योहार पड़ रहा है। इसके साथ ही फरवरी के अंतिम दिवस बैंक बंद रहेंगे। इसको लेकर जिलाधिकारी ने आउटसोर्सिंग/संविदा एवं मानदेय पर कार्यरत कार्मिकों के पारिश्रमिक के समयबद्ध भुगतान के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं।

- 28 को बैंक अवकाश और फिर चार दिन होली की छुट्टी

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि फरवरी के चतुर्थ शनिवार 28 तारीख को बैंक अवकाश रहेगा। इसके बाद एक से चार मार्च तक तक होली पर्व के कारण शासकीय कार्यालय बंद रहेंगे। त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए सभी विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत रुचि लेते हुए अपने अधीन कार्यरत आउटसोर्सिंग एवं मानदेय कार्मिकों का माह फरवरी 2026 का पारिश्रमिक/मानदेय 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से आहरित एवं भुगतान कराना सुनिश्चित करें, ताकि कार्मिकों को होली पर्व से पूर्व वेतन प्राप्त हो सके। किसी भी आउटसोर्सिंग/मानदेय कार्मिक का पारिश्रमिक निर्धारित तिथि तक भुगतान नहीं किया जाता है, तो इसके लिए संबंधित विभागाध्यक्ष/अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

- मार्च के पहले ही हफ्ते में होली का त्योहार पड़ रहा है

**आज से अभियान** विशेष अभियान 15 दिनों तक निरंतर संचालित रहेगा

# आक्रामक हुए गोवंश, नहीं हो सकी धरपकड़

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** कैटल कैचर टीम की ओर से छुट्टा गोवंशों की धर पकड़ की जा रही है। इस क्रम में गोवंशों के आक्रामक हो जाने से एक को भी नहीं पकड़ा जा सका।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सरदूल सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कन्नौज की कैटल कैचर टीम ने विशेष गो-संरक्षण अभियान के अंतर्गत देविनटोला क्षेत्र में सघन अभियान चलाया। निराश्रित गोवंशों के अत्यधिक बड़े एवं आक्रामक होने के कारण उन्हें तत्काल काबू में नहीं किया जा सका। इस संबंध में टीम को पुनः सुदृढ़ तैयारी के साथ शनिवार को अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि



गोवंशों को पकड़ते पालिका कर्मी। अमृत विचार

अभियान की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। जनपद में निराश्रित गोवंशों की समस्या के स्थायी समाधान हेतु यह विशेष अभियान 15 दिनों तक निरंतर संचालित रहेगा। संबंधित अधिकारियों एवं नगर निकायों को निर्देशित किया है कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक निराश्रित गोवंशों को चिन्हित कर उन्हें सुरक्षित गोशालाओं में पहुंचाना सुनिश्चित करें।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने ग्राम प्रधानों एवं आम नागरिकों से क्षेत्र में निराश्रित गोवंश दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल संबंधित नगर निकाय अथवा पशुपालन विभाग को देने की भी अपील की है।

### पालिका ने छुट्टा गोवंशों को पकड़ कर किया संरक्षित

**गुरसहायगंज।** शुक्रवार को नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में नगर की सड़कों व गलियों में घूम रहे अन्ना गोवंश को पकड़ कर सिकंदरपुर गौशाला में संरक्षित कराया गया। ईओ ने कहां कि यह अभियान नगर में लगातार चलाया जाएगा। इस दौरान अशोक कुमार, अनिल कुमार, पूरन सिंह, ऊधन सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# 16 लाख से चमकेंगे कलेक्ट्रेट व तीनों तहसीलों के परिसर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद की तहसीलों समेत कलेट्रेट परिसर के कायाकल्प को लेकर शासन स्तर से 16 लाख रुपये जारी किए गए हैं। इस राशि से इन सभी प्रशासनिक परिसरों को साफ-सुथरा और स्वच्छ बनाया जाएगा। आकर्षक उद्यान एवं हरित पट्टियों का विकास किया जाएगा।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जानकारी दी कि शासन की प्राथमिकता है कि कलेक्ट्रेट परिसर समेत समस्त जनपदों की तहसीलों की साफ़ सफ़ाई व लैंड स्केपिंग बेहतर हो। इसको लेकर प्रदेश भर के जनपद मुख्यालयों समेत तहसीलों को चार-चार लाख रुपये दिए गए हैं। इस क्रम में जनपद कलेक्ट्रेट के अलावा कन्नौज सदर, तिर्वा, छिबरामऊ

- साफ-सफाई, सुंदरीकरण एवं लैंडस्केपिंग कार्यों के लिए 4-4 लाख रुपये मिले
- स्वच्छता, हरियाली और सौंदर्य पर खर्च की जाएगी धनराशि

तहसीलों को भी यह धनराशि दी गई है। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों को निर्देश जारी किये है कि आवंटित धनराशि का इसी वित्तीय वर्ष उपभोग कर लिया जाए। कहा है कि तहसीलों में हरियाली व साफ-सफाई अच्छे से दिखनी चाहिए। जिलाधिकारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई एवं पुष्प-पौधों की आकर्षक व्यवस्था के लिए भी काम शुरू करा दिया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों की गुणवत्ता में शिथिलता न बरती जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**कन्नौज।** प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनूप शुक्ला के नेतृत्व में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को शुक्रवार को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। 27 सूत्री ज्ञापन में मुख्य रूप से ऑनलाइन शॉपिंग पर रोक या दुकानदारों को जीएसटी में विशेष छूट, व्यापारी सुरक्षा आयोग के गठन, इत्र उत्पाद पर 18 से घटाकर 5 प्रतिशत जीएसटी, गुलाबजल व केवड़े को टैक्सफ्री करने, इत्र पार्क को बहुराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने, जीएसटी फामई की जटिलता दूर करने, ईवे बिल की सीमा दो लाख से शुरू करने, प्रशिक्षित व्यापारियों को सस्ते ऋण अवसर समेत तमाम मांगें रखीं गईं।इस मौके पर सुमन मिश्रा, आशीष त्रिपाठी, गीता पाठक, सचिन पांडे, रामजी दुबे आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### कोल्ड स्टोरेज मालिक की हादसे में मौत

**छिबरामऊ।** बिशुनगढ़ के पास सड़क हादसे में कोल्ड स्टोरेज मालिक की जान चली गई। संजीव कुमार पुत्र रामनाथ (62) कोल्ड स्टोरेज मालिक थे। वे मूल रूप से ग्राम चतुरीपुर (पोस्ट किसनी, जिला मैनपुरी) के निवासी थे, लेकिन वर्तमान में छिबरामऊ के बैजू रामपुर में रह रहे थे। उन्होंने पैतृक गांव चतुरीपुर में हाल ही में एक कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराया था। शुक्रवार दोपहर वहीं से बाइक से लौट रहे थे। बिशुनगढ़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस को सूचना दी। संजीव को 100 शैय्या अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक ने गांव से बाहर फंदा लगाकर दी जान

**कन्नौज।** तालग्राम क्षेत्र में किसी बात से नाराज युवक ने गांव से बाहर खड़े पेड़ गले में फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। भीकमपुर सानी गांव निवासी उपेंद्र सिंह (35) खेती करता था। गुरुवार शाम को किसी बात को लेकर खेत की तरह चला गया। देर रात घर नहीं लौटा। परिजनों ने खोज की तो वह गांव से बाहर फंदे पर लटकता मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना न देकर अंतिम संस्कार कर दिया। उपेंद्र की शादी छह साल पहले हुई थी और उसके चार बच्चे हैं। थाना प्रभारी विजय शर्मा का कहना है कि इस मामले की जानकारी नहीं है।

### बिजली बिल राहत में चलाया महाअभियान

**कन्नौज।** बिजली बिल राहत योजना के तहत विभाग ने महा अभियान चलाया। इसमें बकायेदारों के कनेक्शन काटे गये। मौके पर ही बकाया बिल जमा कराया गया।

योजना के तीसरे चरण का लाभ लेने में उपभोक्ता दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इसी को देखते हुए शासन ने शुक्रवार को महाकैंप का आयोजन किया। इसमें विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी के अलावा लाइनमैन को भी लगाया गया। गांव-गांव टीमों ने पहुंच कर कैंप लगाए। बकायेदारों की सूची लेकर घर-घर गये। पहले काया बिल जमा करने के लिये कहा गया। मौके पर लगे कैंप में बकाया जमा न करने पर कनेक्शन काट दिया गया। उपभोक्ता को चेतावनी दी गई कि यदि उनका कनेक्श्न कटने के बाद जुडा पाया जाता है तो बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी। इस महाकैंप में अधीक्षण अभियंता से लेकर एक्सईएन विद्युत मगन सिंह भी निकले। उन्होंने गांव गांव कैंप में पहुंच कर बकायेदारों से बिल जमा करने को कहा। जमा न करने पर उन्होंने खुद ही कई कनेक्शन कटवाये। एक्सईएन ने बताया कि पूरे जिले में 2500 उपभोक्ताओं के बकाया बिल जमा कराने का लक्ष्य दिया गया।

### रमजान व होली पर्व को लेकर सफाई व पेयजल की मांग

**गुरसहायगंज।** मुस्लिम समुदाय के लोगों ने माहे रमजान व होली पर्व को लेकर सफाई व पेयजल व्यवस्था, मस्जिदों के सामने चूना डलवाने के लिए ज्ञापन देकर अधिशासी अधिकारी से मांग की है। शुक्रवार को नगर के समाज सेवी मुनीर कुरैशी ने वरिष्ठ लिपिक वीर सिंह को सौंपे ज्ञापन में माहे रमजान व होली पर्व को लेकर मस्जिदों के सामने सफाई व चूना डलवाया जाए और पेयजल आपूर्ति को दिन में तीन बार छिड़वाया जाए।

# फिर पकड़ा छद्म परीक्षार्थी एक नकलची भी धरा गया

## माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के पहले दिन भी पकड़ा गया था

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के 96 केंद्रों पर उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं चल रहीं हैं। इस क्रम में तीसरे ही दिन फिर से आंतरिक सचल दल ने एक छद्म परीक्षार्थी के अलावा एक नकलची को पकड़ लिया। नकल पकड़े जाने के बाद संबंधित को दूसरी कॉपी देकर परीक्षा कराई गई। वहीं छद्म परीक्षार्थी पर एफआईआर दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शुक्रवार को द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी। छिबरामऊ के चौधरी जयवीर सिंह इंटर कॉलेज, मिश्रापुर में परीक्षा शुरू ही हुई थी कि आंतरिक सचल दल द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रवेश पत्र से चेहरे का मिलान करते समय एक परीक्षार्थी के स्थान पर अन्य को बैठा पाया गया। इस पर तत्काल उसे पकड़कर कार्रवाई की गई। इसके अलावा इसी कॉलेज में इसी पाली में एक परीक्षार्थी को अनुचित सामग्री/नकल के साथ पकड़ा गया। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बताया कि नकलची छात्र की पहली कापी को साक्ष्य के साथ जमा करा लिया गया है। उसे दूसरी कॉपी देकर परीक्षा कराई गई जबकि छद्म परीक्षार्थी पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### परीक्षार्थी के कॉपी लेकर भागने में कक्ष निरीक्षकों पर रिपोर्ट दर्ज

- **कन्नौज।** पहले दिन 18 फरवरी को तालग्राम के श्री राधेश्याम इंटर कॉलेज उमरपुर में सुबह की पाली में एक परीक्षार्थी कॉपी लेकर भाग गया था। मामले में केंद्र व्यवस्थापक वीरेंद्र कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 18 फरवरी को सुबह की पाली में कक्ष सं. 12 में महानगर प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक सत्यजीत अवस्थी और तालग्राम गौतमबुद्ध शिक्षक सदन इंटर कालेज के शिक्षक खुर्शीद ताजी की ड्यूटी थी। सुबह पौने 12 बजे परीक्षा समाप्त होने पर दोनों की लापरवाही से हाईस्कूल का छात्र प्रश्नपत्र जमा करा उत्तरपुस्तिका लेकर बाहर चला गया।

### इंटर में 1438, हाईस्कूल में 1799 ने छोड़ी परीक्षा

- **कन्नौज।** शुक्रवार को तीसरे दिन इंटर की अंग्रेजी की परीक्षा में पंजीकृत 21913 में से 20475 परीक्षार्थी ही उपस्थित रहे जबकि 1438 ने परीक्षा छोड़ दी। हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा प्रथम पाली में थी। इसमें पंजीकृत 25071 में से 23272 परीक्षा दी जबकि 1799 ने छोड़ दी।

## अवैध खनन की सूचना पर छापेमारी हाइड्रा व ट्रैक्टर पकड़ा

**सौरिख।** सकरावा थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर के पास स्थित नहर के पास सरकारी जमीन पर अवैध खनन की सूचना पर खनन अधिकारी ने अपनी टीम के साथ छापा मारा। इस दौरान अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर व हाइड्रा को पकड़ कर थाने में सुपुर्द किया।

सकरावा थाना क्षेत्र में मिर्जापुर गांव के पास स्थित नहर के पास सरकारी जमीन पर गुरुवार रात अवैध खनन की सूचना मिलने पर जिला खनन अधिकारी संदेश कुमार पटेल अपनी टीम के साथ पहुंचे। मौके पर अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर व हाइड्रा को पकड़ लिया। ट्रैक्टर चालक और खनन माफिया फरार हो गए। इस संबंध में खनन अधिकारी ने बताया कई दिनों से खनन करने की सूचना मिल रही थी जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है। सकरावा थाना अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने बताया कि खनन अधिकारी द्वारा थाने में हाइड्रा व ट्रैक्टर की सुपुर्दगी दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में मधु पाल बनीं चैंपियन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


खेल कूद प्रतियोगिता की विजयी छात्राओं को सम्मानित करते शिक्षक व प्राचार्य।

- महिला महाविद्यालय बांगर में आयोजित हुई प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज में 13वें वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीए तृतीय वर्ष की मधु पाल ने चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया।

प्रथम स्थान पर राधा बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय सेजल बीए प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान पर अंजली बीए द्वितीय वर्ष रही। नींबू चम्मच रेस में मधु पाल (बीए तृतीय वर्ष), अंजू प्रजापति (बीए प्रथम वर्ष) एवं मंजू प्रजापति (बीए प्रथम वर्ष) क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहीं। रस्सी कूद में देवांगी बीए द्वितीय वर्ष प्रथम, जय शंखवार द्वितीय, एवं विजेता तृतीय रहीं। कैरम में प्रथम स्थान पर निकिता, द्वितीय स्थान पर वैष्णवी एवं तृतीय स्थान पर अंशिका रही। इसके उपरांत 100 मीटर दौड़ में देवांगी पाल, मंजू प्रजापति व सेजल पहले तीन स्थानों पर रहीं। डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान पर मधु पाल, अंजू प्रजापति द्वितीय और तृतीय स्थान पर सीता रही। म्यूजिकल चेयर रेस में प्रथम स्थान पर विजेता, द्वितीय पर अंजलि, तृतीय स्थान पर अंजू प्रजापति रही। भाला फेंक में अंजू, सेजल व प्रियंका पहले तीन स्थान पर रहीं। स्लो साइकिल रेस में प्रथम स्थान पर मधु पाल द्वितीय स्थान पर अंजू प्रजापति व तृतीय स्थान पर सेजल रही

। गोला फेक में प्रथम स्थान पर अंजू प्रजापति द्वितीय स्थान पर मंजू प्रजापति व तृतीय स्थान पर मधु पाल रहे। कार्यक्रम के समापन सत्र में प्राचार्य ने सभी विजेता प्रतिभागी छात्राओं को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया गया। इसी के साथ प्राचार्य ने चैंपियंस ट्रॉफी में बीए तृतीय वर्ष की मधु पाल के नाम की घोषणा की। कार्यक्रम में डॉ. पीपी यादव, शैलेंद्र कुमार, डॉ. नेहा मिश्रा, प्राचार्य रीतू सिंह, डॉ. प्रेम प्रकाश यादव, डॉ. नेहा मिश्रा क्रीड़ा प्रभारी डॉ.पीपी यादव मौजूद रहे।

# प्यार में तकरार, दसवीं के छात्र ने फांसी लगाकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मूलरूप से कन्नौज के मानीमऊ का निवासी है परिवार

अमृत विचार। गुजैनी में दसवीं के छात्र ने एकतरफा प्यार में इनकार मिलने पर फांसी लगा ली। आत्महत्या से पहले छात्र के मोबाइल पर आखिरी कॉल भी उसी लड़की की मिली।

मूलरूप से कन्नौज के मानीमऊ निवासी रवींद्र कुमार गौतम प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार में पत्नी बबली, बड़ा बेटा अतुल, दो शादीशुदा बेटियां ज्योति, आरती और सबसे छोटा 17 वर्षीय बेटा अर्पित उर्फ आर्यन था। अतुल के अनुसार आर्यन बर्रा स्थित बाल समाज स्कूल में दसवीं का छात्र था। अतुल के अनुसार गुरुवार वह काम पर गए थे। मां की बच्चेदानी में गांठ होने के कारण पिता उन्हें लेकर डॉक्टर के पास अस्पताल गए थे। डॉक्टर ने कई जांच कराई और ऑपरेशन के लिए कहा था, इसलिए पिता को घर लौटने में देरी हो गई। इस बीच आर्यन घर पर अकेला था। तभी उसने फंदे से लटककर जान दे दी।

परिजनों के अनुसार आर्यन के मोबाइल पर आखिरी कॉल किसी लड़की की आई थी। उस नंबर से पता चला कि आर्यन उससे प्रेम करता था। उसने प्रपोज किया था, लेकिन लड़की ने मना कर दिया। इसके बाद उसने आत्महत्या का मन बनाया। लड़की से बात करने के बाद उसने जान दी है। इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने मोबाइल कब्जे में लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि छात्र ने खुदकुशी की है। आरोपों की जांच की जा रही है।

# शिविर लगा 107 लाभार्थियों को बांटे ऋण स्वीकृति पत्र

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


प्रतीकात्मक चेक प्रदान करते सीडीओ रामकृपाल चौधरी, उपायुक्त उद्योग व अन्य।

**अमृत विचार।** कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, मकरंदनगर में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। 107 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र बांटे गए।

शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी की अध्यक्षता में वृहद ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त उद्योग प्रेमकांत ने उपस्थित अधिकारियों एवं आगन्तुकों का स्वागत करते हुए किया।

इस अवसर पर यूनियन बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, एचडीएफसी बैंक, केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक सहित विभिन्न बैंकों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदकों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा उन्हें ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य जनपद में उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है।

मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न बैंकों से स्वीकृत ऋण के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक वितरित किए। प्रमुख रूप से हिमांशु कुशवाहा को उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, मकरंदनगर को दोना-पत्तल उद्योग जबकि शादाब इसरार खान को आईडीबीआई बैंक से आटा चक्की स्थापना के लिए 5-5 लाख का ऋण वितरित किया गया।

# परिवहन मेले में दी गई एकबारगी कर की जानकारी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** उपसंभागीय परिवहन कार्यालय में परिवहन मेले का आयोजन किया गया। मेले में जिले के समस्त ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों एवं हल्के व्यावसायिक मोटर मालिक सम्मिलित हुए। मेले में परिवहन यानों पर एकबारीय कर (ओटीटी) की दरों को वाहन पोर्टल पर लाइव प्रर्दशित किया गया है।

एआरटीओ इज्या तिवारी ने बताया कि शासन ने 30 जनवरी से लागू की गई हल्के परिवहन यानों की दरें निर्धारित की गई हैं। पहले से रजिस्ट्रीकृत वाहनों पर एकबारीय कर की गणना के लिए पूर्व अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए एकबारीय कर की धनराशि में आठ प्रतिशत की छूट देकर गणना की जायेगी। यह छूट 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। उक्त के अतिरिक्त परिवहन मेले में हेलमेट विक्रय स्टॉल भी लगाया गया था, सभी चालकों को हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित किया गया एवं परिवहन विभाग की ऑन-लाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान उपायुक्त राज्यकर राजीव त्यागी ने एकमुश्त कर व्यवस्था के सम्बन्ध में वाहन स्वामियों को जानकारी दी। जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना तथा जीएसटी सुविधा केन्द्र के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर मो. नाजिम ने परिवहन मेले में उपस्थित ट्रांसपोर्टर व्यापारियों को जानकारी दी कि भारत सरकार द्वारा फर्म की जीएसटी पर 10 लाख रुपये तक के बीमे के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री ने दिये कोर कमेटी बनाने के निर्देश

संवाददाता फर्रुखाबाद



प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता।

**अमृत विचार।** व्यापार मंडल मिश्रा गुटके प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता संगठन की समीक्षा करने आए और आधी अधूरी समीक्षा करके उन्हें वापस लौटना पड़ा। इतना अवश्य हुआ कि उन्होंने व्यापार मंडल की कोर कमेटी गठित करके आगे की प्रक्रिया करने के निर्देश दिए।

जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के निर्देशानुसार एक महीने में कोर कमेटी का गठन कर लिया जाएगा जिसमें सभी अनुसांगिक संगठनों के चार-चार पदाधिकारी रखे जाएंगे और कोर कमेटी का नेतृत्व जिले के हाथ में रहेगा। समीक्षा बैठक के दौरान पुराने समय से चले आ रहे जिला व नगर के बीच के मतभेद उभर कर सामने आए उसमें भी विशेष रूप से दोनों अध्यक्षों की कार्यशैलियों पर सवालिया निशान लगाए गए।

प्रदेश महासचिव ने दोनों ही पक्षों को ध्यान से सुना और सामंजस्य बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। नगर महामंत्री राकेश सक्सेना ने बताया कि जिले के कुछ पदाधिकारी की कार्यशैली पर कुछ लोगों को एतराज है यही कारण है कि सामंजस्य नहीं बैठ पा रहा है लेकिन प्रदेश महामंत्री के दौरे के बाद प्रयास किया जाएगा कि सामान्य से बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने बताया कि युवा व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव पर लगाए गए मुकदमे वापस कराए जाने के लिए प्रदेश ने जिम्मेदारी ली है। प्रदेश महामंत्री ने कहा की आवश्यकता पडन्ने पर प्रदेश स्तर पर मामले को ले जाया जाएगा और झूठे मुकदमे वापस कराए जाएंगे। अभिव्यक्त की स्वतंत्रता पर लगाम लगाने का यह प्रयास किसी कीमत पर सफल होने नहीं दिया जाएगा।

बताते चलें की समीक्षा बैठक में 21 बिंदुओं पर समीक्षा की जानी थी जिनमें प्रदेश से आए हुए कार्यक्रमों का आयोजन, स्थानीय स्तर पर व्यापारियों की समस्याएं, जनमानस की भलाई के कार्य, व्यापारी और व्यापारी नेताओं के उत्पीडन्न का बिंदु और संगठन में सामंजस बनाने का बिंदु विशेष रूप से शामिल रहा सिर्फ आठ बिंदुओं पर ही समीक्षा की गई।

## अंशू हत्याकांड के खुलासे के लिए एसआईटी का गठन

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जहानगंज में दो माह 10 दिन पूर्व हुई बालक आशुतोष उर्फ अंशू गुप्ता के अपहरण व हत्या के खुलासे के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। पुलिस के अनुसार, घटना 10 दिसंबर 2025 की है, जब बालक का अपहरण हुआ था। 14 दिसंबर को उसका शव आलू के खेत में मिला था। इस संबंध में परिजनों की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद पुलिस ने विभिन्न पहलुओं पर जांच की। डीआईजी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना देने वाले के लिए इनाम की घोषणा भी की थी। पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों की जांच की है। नवगठित एसआईटी में थाना, सर्विलांस और एसओजी से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी शामिल किए गए हैं।

# रमजान के पहले जुमे की नमाज में रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता फर्रुखाबाद



नमाज के दौरान सड़क पर तैनात पुलिस फोर्स। अमृत विचार

अमृत विचार। शहर में रमजान के पवित्र महीने के पहले जुमे की नमाज शुक्रवार को अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। सुबह से ही शहर की प्रमुख मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। रोजेदारों ने मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी।

शहर की जामा मस्जिद, रानी साहिबा की मस्जिद, मस्जिद जान अली, शीश महल मस्जिद, बारह खां मस्जिद, बदा खां मस्जिद और मनिहारी वाली मस्जिद नमाजियों से खचाखच भरी रहीं। जामा मस्जिद में इमाम मुफ्ती मुअज्जम अली, रकाबगंज तिराहा मस्जिद जान अली में सैय्यद हारून अली और सैंथली सुनहरी मस्जिद में इमाम मोहम्मद अब्बास ने नमाज अदा कराई। इस दौरान मुल्क की सलामती के लिए दुआएं मांगी गईं।रमजान के पहले जुमे को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ शहर की प्रमुख मस्जिदों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। नमाज के समय मस्जिदों के बाहर यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए।अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने रमजान के पाक महीने में रोजा रखने वाले सभी लोगों से आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि रमजान त्याग, संयम और भाईचारे का संदेश देता है, ।

**बैठक** क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली मोहम्मदाबाद परिसर में संभ्रांत व्यक्तियों एवं पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की

# होली , ईद व जुमा नमाज के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक हुई

संवाददाता फर्रुखाबाद


मोहम्मदाबाद कोतवाली में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में मौजूद सीओ ।

- त्योहारों को आपसी सौहार्द ,संयम व भाईचारे से मनाने की अपील
- संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी

**अमृत विचार।** आगामी होली पर्व, होली पर निकलने वाले जुलूस, ईद तथा जुमा नमाज को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद ने कोतवाली मोहम्मदाबाद परिसर में संभ्रांत व्यक्तियों एवं पीस कमेटी के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

बैठक में क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित लोगों से त्योहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों और समुदायों के लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भडक़ाऊ संदेशों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

होली के जुलूसों के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जुलूस निर्धारित मार्ग और समय के अनुसार ही निकाले जाएं। डीजे की आवाज शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप रखी जाए तथा किसी भी प्रकार के अशोभनीय गीत या हरकत से परहेज किया जाए। इसी प्रकार ईद और जुमा नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास यातायात व्यवस्था सुचारू रखने तथा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाने की जानकारी भी दी गई।

क्षेत्राधिकारी ने कहा कि त्योहारों के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। बैठक में उपस्थित संभ्रांत नागरिकों और पीस कमेटी के सदस्यों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी लोग मिलकर कार्य करेंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद-दिल्ली मार्ग पर शमसाबाद थाना क्षेत्र के गांव पपड़ी खुर्द के पास गुरुवार देर रात एक सड़क हादसे में 45 वर्षीय मनीष गंगवार की मौत हो गई। मनीष कायमगंज में एक शादी समारोह से बाइक पर घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार, मनीष गंगवार बीती शाम चीनी मिल रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित दावत से वापस अपने घर जा रहे थे। देर रात जब वे कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर गांव पपड़ी खुर्द के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनीष सड़क पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त का प्रयास किया। शुरुआत में पहचान नहीं हो सकी, लेकिन बाइक के नंबर के आधार पर मृतक की पहचान मनीष गंगवार के रूप में हुई। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए फतेहगढ़ भेज दिया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। इलाके में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता और आक्रोश भी देखा जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ

इटावा। जनपद के अलग अलग स्थानों पर किसी बात से नाराज होकर दो लोगों ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत शास्त्री नगर निवासी विजय पुत्र होरीलाल ने किसी बात से नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत श्याम नगर निवासी शिवम पुत्र सुखवीर सिंह ने किसी बात से नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। दोनों को भर्ती कराया गया है।

### मारपीट में दो लोग घायल

इटावा। जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत गांधीनगर निवासी ज्ञान सिंह पुत्र राम प्रकाश को विवाद को लेकर दवंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत नगला सुंदर सिंह निवासी ऊषा देवी पत्नी तुलाराम को गांव में दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

### बाइक फिसली, दो जख्मी

बकेवर। हाईवे पर सराय मिट्ठे गांव के सामने बाइक के अनियंत्रित होकर गिर जाने से बाइक पर सवार महेश चंद्र पुत्र रामभरोसे, निवासी रूपपुर अयाना व अयोध्याप्रसाद पुत्र चंदन लाल, निवासी बिलावा, अजीतमल घायल हो गए। दोनों को 50 शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका उपचार किया गया। सूचना के बाद पहुंचे परिजन उन्हें अपने साथ ले गए।

### सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

इटावा। जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत इंडियन पेट्रोल पम्प के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से अभिषेक पुत्र शोभाराम निवासी अकबरपुर बसरेहर गम्भीर रूप से घायल हो गया। थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत जे.के. हॉस्पिटल स्थित निर्माणाधीन नहर पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अरुण पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी भदापुर थाना फूफ जनपद भिंड मध्य प्रदेश घायल हो गया। थाना लवेदी क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गापुर नहर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सूरज पुत्र बलवन्त सिंह निवासी अबा बक्करपुर लवेदी गम्भीर रूप से घायल हो गया।

### ट्रेन से कटकर युवक की गई जान

जसवंतनगर। सराय भूपत रेलवे स्टेशन के पश्चिमी यार्ड स्थित भोगनीपुर गंग नहर पुल के ऊपर एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना उस समय सामने आई जब 15269 साबरमती जन साधारण एक्सप्रेस के लोको पायलट ने कंट्रोल रूम को सूचना दी कि इंजन के आगे अचानक एक युवक ट्रैक पर आकर बैठ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर थानाध्यक्ष कमल भाटी, उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी व शुभम वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन लाइन किनारे केवल मांस का एक टुकड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है कि शव के अन्य हिस्से नीचे बह रही नहर में चले गए होंगे।

### 2738 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

इटावा। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा के बीच कराई जा रही हैं। बोर्ड परीक्षा के तीसरे दिन शुक्रवार को 2738 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए ही नहीं पहुंचे। दोनो पालियों में परीक्षा पर सीसीटीवी के माध्यम से नजर रखी गई इसके साथ ही अधिकारियों और आधा दर्जन उड़नदस्तों ने भी छापेमारी की। शुक्रवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल के सामाजिक विषय व इंटर के कृषि शस्य विज्ञान के विषयों, द्वितीय पाली में इंटर की अंग्रेजी विषय के प्रश्नपत्रों की परीक्षा केंद्रों निर्धारित प्रथम पाली तथा द्वितीय पाली में 67 परीक्षा केन्द्रों पर कराई गई। । प्रथम पाली में 19632 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 18373 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 1259 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 22343 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 20864 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 1479 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दोनों पालियों में कुल मिलाकर 2738 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। राज्यस्तरीय पर्यवेक्षक प्रतिमा मिश्रा व नीता कटारिया प्रधानाचार्य ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इसी तरह डायट प्राचार्य मनोज कुमार व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. राजेश कुमार ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही 6 उड़नदस्ते बनाए गए हैं इन सभी ने भी लगातार परीक्षा केंद्रों पर छापेमारी की।

# बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

## दो लोग हुए घायल, नगला शिबू लखनपुर के पास हुआ भीषण हादसा

संवाददाता भरथना इटावा

- घायल दोनों युवकों को पीजीआई रेफर किया गया, मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमरसेंडा तुरैया मार्ग पर नगला शिबू लखनपुर पचार के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें दोनों को उपचार के लिये सैफई पीजीआई रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बिशनपुरा थाना ऊसराहार निवासी अनिकेत 16 वर्ष पुत्र मनोज कुमार तथा ऋतिक 20 वर्ष पुत्र अरविंद कुमार एक बाइक पर सवार होकर किसी आवश्यक काम से इटावा जा रहे थे तभी नगला शिबू के पास पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक पर थाना इकदिल क्षेत्र के नगला ठकुरी निवासी योगेंद्र पुत्र थान सिंह की बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। उक्त घटना में तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले जाया गया। वहां पर बिशनपुर निवासी अनिकेत को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बिशनपुर निवासी ऋतिक तथा नगला ठकुरी निवासी योगेंद्र को गंभीर हालत होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सैफई रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही थाना उपनिरीक्षक बृजनंदन सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को आनन फानन में एंबुलेंस की मदद से स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने हादसे में मौत का शिकार हुए अनिकेत के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मिलने से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

महेवा। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उझियानी स्थित पक्का तालाब के निकट पुराने हाईवे पर बाइक सवार को सामने से आ रही दूध से लदी पिकअप ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को महेवा सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर किया गया। जहां एक घायल ने उपचार के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया तथा दूसरे को पीजी आई सैफई रेफर किया गया। ग्राम उझियानी निवासी रंजीत सिंह अवस्थी 54 वर्ष गांव के ही घनाराम के साथ किसी कार्य से बकेवर जा रहे थे। गांव से निकलते ही पक्का तालाब के निकट सामने से तेज गति से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी जिससे चालक रंजीत व साथी घनाराम गाड़ी के नीचे आ गए उनकी बाइक व हेलमेट दोनों चकनाचूर हो गए। पुलिस घायलों को लेकर महेवा सीएचसी पहुंची जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वहां उपचार के दौरान रंजीत का निधन हो गया तथा दूसरे घायल घनाराम को सैफई रेफर किया गया।

### जंगली सुअरों के झुंड से टकराकर बाइक सवार जख्मी

जसवंतनगर। शुक्रवार को अपनी साली को क्षेत्र के जसोहन बगिया स्कूल से परीक्षा दिलाकर वापस लौट रहे आगरा जनपद के अंतर्गत गांव खोअरी निवासी 20 वर्षीय रामकेश सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि रास्ते में अचानक सड़क पार कर रहे जंगली सुअरों के झुंड निकलने से उनकी बाइक टकरा गयी, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक शिवशंकर सिंह ने घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

### बीमारी के चलते सिपाही की मौत

बकेवर। पुलिस लाइन कानपुर में तैनात आरक्षी कुलदीप चौहान निवासी मिटहटी का फेफड़ों में इन्फेक्शन होने के चलते दिल्ली में इलाज चल रहा था। दो दिन पहले सुधार होने पर परिजन छुट्टी करा कर घर ले आये थे। गुरुवार की रात पुनः हालत खराब हो गई गुरुवार की रात 11 बजे उसकी घर पर ही मौत हो गयी।

चकरनगर के यमुना नदी घाट पर उनके बड़े बेटे ने मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया। इस मौके पर पुलिस लाइन से आई सलामी गारद टीम द्वारा अंतिम सलामी दी गयी। मृतक आरक्षी के मां सरस्वती देवी, पिता, पत्नी रुबी दो बेटे ओम 9 वर्ष व कृष्णा 4 वर्ष का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक आरक्षी कुलदीप के शव को उनके 9 वर्षीय बेटे ओम चौहान ने यमुना घाट पर मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। इस मौके पर नगर लखना व ग्राम मिटहटी सहित अन्य नाते रिस्तेदार मौजूद रहे।

# युवक की अपहरण के बाद हत्या, रेलवे ट्रैक पर फेंका

संवाददताता भरथना इटावा



मनीष यादव।

**अमृत विचार।** भरथना से 18 फरवरी को गायब हुए युवक का शव गुरुवार की रात को इकदिल थाना क्षेत्र के गांव चितभवन के पास प्लास्टिक की बोरी में भर हुआ रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। पुलिस की सूचना पर परिवार के लोगों ने उसकी शिनाख्त मनीष यादव निवासी बंधा के रूप में की। परिवार के लोगों का आरोप है कि मनीष की अपहरण के बाद हत्या की गई है।

18 फरवरी को छात्र मनीष यादव निवासी बंधा कोचिंग से वापस लौटने के बाद गायब हो गया। खोजवीन के बाद उसका पता नही चल सका। गुरुवार की रात को उसका शव बोरी में भरा हुआ रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। हत्या करके प्लास्टिक की बोरी में शव को पैक कर फेंकने के पीछे हत्यारों की मंशा हादसा बताने की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम केंद्र भेजा है। मनीष के पिता और अन्य लोगों ने शव की पहचान मनीष के रूप में की है। मनीष के पिता ने भरथना पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। सीओ सिटी अभय नारायण राय ने बताया कि रात दस बजे के आसपास रेलवे की सूचना के बाद शव को बरामद किया गया है। मृतक के परिजनों ने मौके पर आकर के शव की पहचान कर ली है। मनीष को अगवा करने वालों ने उसकी हत्या करने के बाद शव को प्लास्टिक की बोरी में भरकर रेलवे टैक पर लाकर फेंक दिया। मनीष के मोबाइल नंबर के अलावा अन्य लैपटॉप आदि को जांच के दायरे में रखा गया है। बताया गया है कि मनीष के पिता का गांव के कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# किसान नेता संजेश बने भाकियू महात्मा टिकैत के जिला अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता इटावा


अनिल तालान के साथ मनोनीत जिला अध्यक्ष संजेश यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत अनिल तालान ने शकुंतला नगर स्थित किसान नेता संजेश कुमार के आवास पर किसान पंचायत को सम्बोधित किया। उन्होंने भारत सरकार के द्वारा अमेरिका द्वारा की गई डील को किसान विरोधी बताया और कहा कि भारत के किसानों के लिए बहुत ही खतरनाक साबित होगी किसान पंचायत के दौरान उन्होंने संजेश को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया।

उन्होंने बताया कि इसके विरोध में जगदीश सिंह ढल्लेवाल की अध्यक्षता में दिनांक 21 फरवरी को कानपुर देहात में किसान पंचायत होगी जो पैदल यात्रा कश्मीर से कन्याकुमारी तक चल रही है जिसमें सभी किसानों से भाग लेने के लिए अपील की। संजेश कुमार को जिला अध्यक्ष व चौधरी राजेंद्र सिंह को राष्ट्रीय संगठन मंत्री व भागीरथ सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष व साधो सिंह को मंडल प्रभारी कानपुर मंडल सुशील कुमार व उपदेश उर्फ लौया को मंडल उपाध्यक्ष कानपुर मंडल पर रुबेश कुमार को जिला प्रभारी व सतेंद्र कुमार को जिला संयोजक राजीव कुमार, गिरीश कुमार, संत्यराम को जिला सचिव व अजीत यादव को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया। किसान पंचायत में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया जिसमें जनपद फिरोजाबाद व अन्य जनपदों से भी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### खेलकूद में श्रद्धा व अंश ने बढ़ाया जिले का मान

महेवा। बेसिक शिक्षा परिषद की आयोजित मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 में कंपोजिट विद्यालय की छात्रा श्रद्धा यादव ने गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके पूरे मंडल में इटावा का नाम रोशन किया एवं इसी विद्यालय के छात्र अंश यादव ने चक्का फेंक प्रतियोगिता में पूरे मंडल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

श्रद्धा एवं अंश की सफलता पर शिक्षकों और अभिभावकों ने सराहना की और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्रद्धा की इस उपलब्धि पर प्रधानाध्यापक विश्व राज्य प्रकाश वर्मा, प्रवक्ता शिव शंकर यादव, अरुण कुमार, अरुणा दीक्षित, सर्वेश कुमार, औसान सिंह, आशुतोष कुमार, रामसजीवन, विद्यालय परिवार, शिक्षा विभाग और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने श्रद्धा को इसी तरह परिश्रम और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# तीन अर्थियों को देखकर लोगों की नम हो गई आंखें

संवाददताता भरथना इटावा


श्मसान घाट पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार रात कस्बा के प्रतिष्ठित डालडा तथा चीनी व्यापारी राजीव पोरवाल उनकी पत्नी मधु पोरवाल और बेटे शिवम पोरवाल की कार नहर में डूबने से मौत ने हर किसी को झकझोर दिया।

हादसा अछल्दा इलाके की गंग नहर में कार गिरने से हुआ था। घटना की खबर फैलते ही कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार की देर शाम अंतिम दर्शन हेतु तीनों शवों को घर पर रखा गया था, जहां महिलाओं तथा पुरुषों की भारी भीड़ श्रद्धांजली देते हुए नजर आई।

शुक्रवार सुबह तीनों की अर्थियां एक साथ उठीं तो दृश्य अत्यंत मार्मिक हो गया। दोनों बेटियों इति गुप्ता और मोहिनी ने जैसे ही घर से अर्थी उठती हुई देखीं तो चीख पुकार के साथ दोनों बेटियां बेसुध हो गयीं। तीनों अर्थियां श्री पागल बाबा गंगासागर धाम स्थित श्मशान स्थल तक पहुंची। वहां वैदिक रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। एक साथ तीन चिताओं को जलते देख वहां उपस्थित लोग अपने आंसू नहीं रोक सके। कारोबारी राजीव पोरवाल तथा उनकी पत्नी मधु की संयुक्त चिता को उनके बड़े बेटे सूर्य मोहन पोरवाल ने मुखाग्नि दी। वहीं राजीव पोरवाल के छोटे बेटे शुभम को उसके चचेरे भाई राजा ने मुखाग्नि दी। इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री अशोक यादव, पूर्व मंत्री विनोद यादव कक्का, पूर्व विधायिका सावित्री कठेरिया, चेयरमैन लखना गणेश पोरवाल, पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज यादव बंटी, शरद पोरवाल, पुष्पेन्द्र यादव रिंकू, कमलेश कठेरिया, डॉ. योगेन्द्र दुबे, चंदन दुबे, करुणाशंकर दुबे, रोहित भंसाली, अरुण मुखिया, राजेन्द्र अवस्थी, भगवानदास पोरवाल सहित सैकड़ों लोगों ने नाम आखों से विदाई दी।

# शिवा एचपी जंक्शन पर ऑनलाइन सीएनजी सेवा शुरू


फीता काटकर शुभारंभ करते डायरेक्टर राहुल गुप्ता व अन्य।

संवाददताता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार।** शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम कैस्त के पास इटावा को जाने वाली सड़क पर स्थित शिवा एचपी जंक्शन पर पेट्रोल पंप के मालिक डायरेक्टर राहुल गुप्ता व टोरेंट कंपनी के अधिकारियों ने फीता काटकर 24 घंटे ऑनलाइन सीएनजी सेवा जनता को समर्पित किया।

डायरेक्टर राहुल गुप्ता ने बताया कि टोरेंट कंपनी के सहयोग से मेरे यहाँ अब 24 घंटे अच्छे प्रेशर के साथ गुणवत्तापूर्ण सीएनजी उपलब्ध रहेगी। शिवा एचपी जंक्शन पर आने वाले प्रत्येक सीएनजी वाहन को तुरंत सीएनजी मुहैया कराई जाएगी। इस सुविधा से ग्राहकों का समय भी बचेगा साथ ही अच्छे प्रेशर के साथ सीएनजी भी मिलेगी। उन्होंने कोरोना काल को याद करते हुए बताया कि उस विषम परिस्थिति में भी सीएनजी वाहनों की लंबी कतारों के बीच सभी ग्राहकों को हर सुविधा के साथ मेरे यहां सीएनजी उपलब्ध कराई गई थी। इस अवसर पर पेट्रोल पंप के एमडी विनोद यादव मैनेजर पप्पू यादव समेत समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नारी शिक्षा पर किया जागरूक

संवाददताता बकेवर इटावा


एनएसएस शिविर में भाग लेते छात्र। अमृत विचार

- राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का पांचवा दिन

**अमृत विचार।** जनता कॉलेज, बकेवर की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का शुभारंभ प्रातः योग एवं ध्यान सत्र से किया गया। डॉ. एम.पी. यादव ने हार्टफुलनेस योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान से मानसिक संतुलन, एकाग्रता एवं सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है, जिससे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है।

प्रथम तकनीकी सत्र में "मिशन शक्ति एवं नारी शिक्षा" विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन प्रदान करना है। स्वयंसेवकों ने महिला हेल्पलाइन 1090 की उपयोगिता, नारी शिक्षा के महत्व तथा महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही साइबर एवं वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। द्वितीय सत्र में शिक्षा के महत्व पर व्याख्यान आयोजित हुआ, जिसमें विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया। तृतीय सत्र में स्वयंसेवकों ने खितौरा गांव का सर्वेक्षण कर शिक्षा, कृषि एवं रोजगार से संबंधित समस्याओं की जानकारी एकत्र की तथा समाधान के संभावित सुझावों पर चर्चा की। चतुर्थ सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत मिशन शक्ति एवं नारी शिक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का प्रभावी मंचन किया गया, जिसे ग्रामीणों ने सराहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# एसडीएम ने ओवरलोड ट्रक को किया सीज

संवाददताता राजापुर चित्रकूट



सीज किया गया ओवरलोडेड ट्रक।

**अमृत विचार।** राजापुर तहसील क्षेत्र की नदियों में अवैध खनन के खिलाफ जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव और अन्य अधिकारी लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। बीते दिन राजापुर कर्वी मार्ग पर मौरंग का ओवरलोड परिवहन करने पर एक ट्रक सीज किया गया।

उप जिलाधिकारी ने बताया कि यमुना, पयस्वनी और बागें नदी में हो रहे अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी। बताया कि उनके साथ तहसीलदार भारत प्रताप सिंह छापेमारी कर रहे हैं। राजापुर-कर्वी मार्ग पर उपखनिज बालू मोरंग का ओवरलोड परिवहन किए जाने पर एक ट्रक के विरुद्ध कार्रवाई की गई। चालक प्रपत्र नहीं उपलब्ध नहीं कर पाया। इससे ट्रक सीज करते हुए थानाध्यक्ष राजापुर लाखन सिंह की अभिरक्षा में दे दिया गया है। बताया कि अवैध परिवहन, अवैध बालू खनन तथा ओवरलोडिंग किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिवहनकर्ताओं को आगाह किया है कि एमएम प्रपत्र 11 लेकर ही परिवहन करें और बिना प्रपत्र परिवहन करते हुए यदि कोई पकड़ा जाता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दी जानकारी

ऋण वितरण एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम संपंन

# युवाओं को सशक्त बनाना शासन की मंशा : डीएम

कार्यालय संवाददाता इटावा



लाभार्थियों को ऋण का चेक देते डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत एमएसएमई वृहद ऋण वितरण शिविर एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि अधिक से अधिक युवाओं एवं कारीगरों को स्वरोजगार से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराकर उद्यम स्थापना हेतु हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र लाभार्थियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ अनिवार्य रूप से प्राप्त हो, इसके लिए संबंधित विभाग एवं बैंक आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अंतर्गत लाभार्थी को ऋण पर कोई ब्याज देय नहीं है तथा अतिरिक्त धनराशि का कोई भार नहीं पड़ता है। लाभार्थी को केवल मूल ऋण राशि का ही भुगतान करना होता है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से युवा अपनी लघु इकाई अथवा सूक्ष्म उद्योग स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

उन्होंने लाभार्थियों से आह्वान किया कि प्राप्त ऋण राशि का सदुपयोग केवल आर्थिक गतिविधियों एवं उद्यम स्थापना में ही किया। उन्होंने कहा कि जनपद में लगभग 1700 अतिरिक्त लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत दो राजमिस्त्रियों को टूलकिट एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही मशरूम उत्पाद इकाई हेतु 5 लाख का ऋण प्राप्त करने वाली लाभार्थी गीता को सम्मानित किया गया।

# साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददताता इटावा


कार्यक्रम का शुभारंभ करते एसएसपी साथ में अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** साइबर सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता हेतु पुलिस विभाग द्वारा सुदिति ग्लोबल एकेडमी में अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर की वर्चुवल उपस्थिति एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज, कानपुर हरीश चन्दर की उपस्थिति में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान साइबर एक्सपर्ट रक्षित टण्डन ने साइबर अपराधों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, ओटीपी ठगी, सुरक्षित पासवर्ड प्रबंधन, सोशल इंजीनियरिंग, फेक लिंक और डिजिटल भुगतान से जुड़ी ठगी के तरीकों की गहन जानकारी दी। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर ने वर्चुवल उपस्थिति में कहा कि साइबर जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पुलिस विभाग आम नागरिकों तक साइबर सुरक्षा के मूल सिद्धांत पहुचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हर नागरिक को अपने मोबाइल, बैंकिंग ऐप्स और सोशल मीडिया अकाउंट्स की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए, ताकि ठगों के जाल में न फसें। उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र हरिश चन्दर ने साइबर एक्सपर्ट रक्षित टण्डन को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एसएसपी ने बताया कि इटावा पुलिस ने साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है और साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने में इटावा पुलिस सक्षम हुई है। विगत वर्ष में इटावा पुलिस द्वारा 44 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अपराध में प्रयुक्त 2412 संदिग्ध मोबाइल नम्बरों को भी ब्लॉक कराया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### फाटक में खराबी से लगा जाम

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा स्थित रेलवे क्रासिंग 13 बी के उत्तरी बूम की मोटर में तकनीकी खराबी आने के चलते शुक्रवार को 10 :50 पर रेलवे टीम ने इमरजेंसी बूम लगाकर काम शुरू किया जिसके चलते पौन घन्टे तक मरम्मत कार्य के चलते फाटक बंद रहने से वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। 11 :37 पर तकनीकी खराबी को दूर करने बाद क्रासिंग खुलने पर वाहनों का जाम लगा।

### संपूर्ण समाधान दिवस आज

**औरैया।** शासन के निर्देशानुसार माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 21 फरवरी को जनपद की तहसील अजीतमल में जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा।

### डीडीओ ने सुनीं ग्रामीणों की शिकायतें

**अयाना।** ग्राम पंचायत ऐमा सेंगनपुर में शुक्रवार को जिला विकास अधिकारी सतीश पांडेय की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान अनवरी बेगम ने पेंशन न बनने की शिकायत की। डीडीओ ने समस्या के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

# हादसे के बाद नहर पटरी पर मिट्टी भराई शुरू

## तीन लोगों की मौत के बाद सिंचाई विभाग हरकत में आया, 12 घंटे में शुरू हुई नहर पटरी की मरम्मत

संवाददाता अछल्दा(औरैया)


घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी खराब पड़े।


नहर के पास रखे खोखे हटाए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार रात निचली गंग नहर रोड़ पर गांव तुरुकपुर के सामने कार नहर में गिरने से पलट गई थी। हादसे में पिता, मां, बेटा की मौत होने बाद आखिरकार सिंचाई विभाग हरकत में आ ही गया। नहर पटरी पर मरम्मत कार्य शुरू किया गया है।

निचली गंग नहर पुल से करीब 200 मीटर तक नहर किनारे पटरी क्षतिग्रस्त और कई स्थानों पर बिल्कुल नहीं थी, जिसके कारण वाहन अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा था। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देशन पर रात से ही सिंचाई विभाग की ओर से कार्य प्रारंभ करा दिया गया। ठेकेदार सर्वेश कुमार के निर्देशन में रात भर मजदूरों ने करीब तीन फीट तक सड़क किनारे बालू डालकर अस्थायी पटरी तैयार की। इसके बाद मिट्टी डालकर रास्ते को समतल करने का काम भी शुरू कर दिया गया। घटना के 12 घंटे बाद कार्य शुरू हुआ। इस अभियान में सड़क किनारे पड़ा गोबर और कूड़ा भी हटवाया गया। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता सुभाष चन्द्र ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर नहर किनारे रखे खोखों को भी हटाने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। जिस पर ग्रामीणों ने सात पेटियों को स्वयं हटा लिया। वहीं नहर पुल से बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे तक सुरक्षा दीवार बनवाई जाएगी। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आसपास फैली गंदगी को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार से कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर थाना पुलिस पूरी तरह सहयोग के लिए तैयार है और आवश्यक होने पर फोर्स उपलब्ध कराई जाएगी। सिंचाई विभाग के शनत कुमार सींच पाल, अनिल कुमार सींच पर्यवेक्षक, आनंद कुमार सींच पर्यवेक्षक धर्मेंद्र प्रताप, अशोक कुमार, उपदेश कुमार आदि अपनी साइडों पर जेसीबी मशीन से मिट्टी भराई और ट्रैक्टरों से मिट्टी और बालू डाली जाने का कार्य करवाया जा रहा था। पूर्व प्रधान प्रेम किशुन राजपूत, हरिओम, कप्तान सिंह आदि ग्रामीणों ने कहा कि यदि पहले ही पटरी दुरुस्त कर दी गई होती तो इतनी बड़ी घटना न होती।

### तुरुकपुर में घटना स्थल के सामने लगे पुलिस कैमरे बंद मिले, शीघ्र ठीक कराने के निर्देश

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तुरुकपुर में घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना स्थल के ठीक सामने लगे पुलिस विभाग के सीसीटीवी कैमरे बंद पाए गए। स्थानीय लोगों में कप्तान सिंह का कहना है कि यदि कैमरे चालू होते तो हादसे की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती थी। ग्रामीणों के अनुसार कैमरे लंबे समय से खराब पड़े हैं और उनकी नियमित देखरेख नहीं की जा रही है। इतना ही नहीं, कैमरों के आसपास पेड़ों की घनी डालियां भी फैल गई हैं, जिससे दृश्य पूरी तरह से बाधित हो रहा है। लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। अछल्दा क्षेत्र में पहले भी निचली गंग नहर के पास कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद निगरानी तंत्र को दुरुस्त नहीं किया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खराब कैमरों को शीघ्र ठीक कराया जाए और पेड़ों की छंटाई कराकर निगरानी व्यवस्था को सक्रिय किया जाए।

# अछल्दा में नए नहर पुल के निर्माण की प्रक्रिया शुरू

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे में अंग्रेजी शासनकाल में बने निचली गंग नहर के पुराने पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए विभाग ने उसे भारी वाहनों के लिए असुरक्षित घोषित कर दिया है। बड़े वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए पुल पर हाइटगेज भी लगा दिए गए हैं। अब पुराने पुल के समानांतर लगभग 3.15 करोड़ रुपये की लागत से नए पुल का निर्माण प्रस्तावित है, जिसकी स्वीकृत धनराशि विभाग को प्राप्त हो चुकी है। जेसीबी मशीन से साफ-सफाई के साथ प्रारंभिक कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

नहर बाजार क्षेत्र में निर्माण कार्य शुरू होने के बाद सिंचाई विभाग की भूमि पर बने भवनों के स्वामियों और दुकानदारों में चिंता बढ़ गई है। वर्ष 1992 से विभाग द्वारा यहां के भवन स्वामियों से किसी प्रकार का किराया नहीं लिया गया है, हालांकि समय-समय पर नोटिस चस्पा किए जाते रहे हैं।

शुक्रवार को नहर बाजार स्थित प्रेम नारायण दुबे के आवास पर पहुंचे प्रदेश सरकार के पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत के समक्ष भवन स्वामियों व दुकानदारों ने अपनी समस्या रखी।

उन्होंने मांग की कि यदि किराया निर्धारित किया जाए तो उसे जमा कराने की स्पष्ट व्यवस्था की जाए, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की कार्रवाई की आशंका न रहे। पूर्व मंत्री ने समस्या के समाधान का आश्वासन देते हुए सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता संजय कुमार से वार्ता की। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि इस संबंध में विभागीय बैठक के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।


खोखे हटवाते सहायक अभियंता सुभाष चन्द्र। ।अमृत विचार

# सड़क क्षतिग्रस्त करने में पुलिस ने की कार्रवाई

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)

**अमृत विचार।** कुदरकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर खास में निर्माणाधीन सरकारी सड़क को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। 12 फरवरी 2026 को करीब दोपहर 3 बजे 100 मीटर लंबी सीसी सड़क पर एक फार्च्यूनर कार चढ़ाकर उसे नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में वायरल हो गया था। जानकारी के अनुसार ग्राम रामपुर खास में ठेकेदार मैसर्स बालेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा 100 मीटर सीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान वाहन के चालक ने नवनिर्मित सड़क पर गाड़ी चढ़ा दी। जिससे ताजा बनी सरकारी सड़क क्षतिग्रस्त हो गई।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड औरैया के अवर अभियंता प्रमोद प्रकाश की तहरीर के आधार पर थाना कुदरकोट में 17 फरवरी को अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की विवेचना स्वयं थानाध्यक्ष द्वारा की जा रही है। विवेचना के दौरान पुलिस ने वांछित फार्च्यूनर कार को 19 फरवरी को नियमानुसार कब्जे में ले लिया। वाहन को थाना परिसर में दाखिल कर खड़ा करा दिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने किया सम्मान समारोह

संवाददाता, फफूंद, औरैया


एडीओ संतोष पांडेय व प्रतिनिधि धीरेन्द्र दोहरे व अन्य सम्मानित किये गए कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक भाग्यनगर परिसर में ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हाल ही में सम्पन्न हुए संघ के चुनाव के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की ओर से यह पहली औपचारिकता थी।

जिसमें ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धीरेन्द्र दोहरे, एडीओ पंचायत संतोष पाण्डेय तथा अन्य ब्लॉक कर्मियों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। संघ के नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष दीपू ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने बताया कि चुनाव के बाद संगठन को और मजबूत करने तथा कर्मचारियों की एकजुटता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धीरेन्द्र दोहरे ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की स्वच्छता व्यवस्था में सफाई कर्मचारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

**• नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व एडीओ पंचायत को पहनाई फूल मालाएं**

उन्होंने भरोसा दिलाया कि कर्मचारियों की जायज मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरा सहयोग देगा। एडीओ पंचायत संतोष पाण्डेय ने भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान और ग्रामीण स्वच्छता को प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन व कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। कार्यक्रम में संघ के अन्य ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

अंत में सभी ने संगठन की मजबूती और क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया।


## कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर

पत्रांक 3799/15–1 दिनांक, कानपुर 18–02–2026

**प्रकाशन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वृक्ष संरक्षण अधिनियम– 1976 में प्रत्येक वृक्ष को पातन करने के उपरान्त पातित किये गये वृक्ष के स्थान पर दोगुने पौधे रोपित करने और उनकी पश्चातवर्ती देख–रेख के लिये डाकघर बचत पासबुक / राष्ट्रीय बचत पत्र अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक करवाकर 05 वर्षो के लिये प्रभागीय कार्यालय में गिरवी के रूप में जमा की गयी थी। वर्तमान में कानपुर वन प्रभाग के अन्तर्गत वर्ष 2014 से वर्ष 2018 तक कुल रू0 177800.00 की जमानत धनराशि जमा है जिसमें किसी भी प्रकार का दावा प्राप्त न होने के कारण धनराशि को राजकीय कोष /विभागीय बजट में सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है। अतः जनपद–कानपुर नगर के अन्तर्गत जिस भी आवेदनकर्ता द्वारा वर्ष 2014 से वर्ष 2018 के मध्य वृक्ष पातन अनुज्ञा प्राप्त की है, वह प्रत्येक दशा में अपना दावा एवं काटे गये वृक्षों के बदले रोपण सम्बन्धी प्रमाण पत्र दिनांक 25.02.2026 तक कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, दीन दयाल नगर, कानपुर नगर–208002 में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उक्त दिनांक व्यतीत हो जाने के उपरान्त किसी भी व्यक्ति विशेष का दावा मान्य नही होगी।

**भवदीया**
**(दिव्या)**
**प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर**


# पुरसुकून माहौल मे हुई रमजान के पहले जुमा की नमाज

संवाददाता, फफूंद, औरैया


रमजान मे पहले जुमा की नमाज अदा करते नमाजी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार को पवित्र माह रमज़ान का दूसरा रोज़ा और पहला जुमा था पहले जुमा को मस्जिदों में रोज़ेदारों की अधिक भीड़ नज़र आई और नमाज़ से पहले उलमाएकिराम ने रमज़ान और रोज़े की फ़ज़ीलत और अहमियत बयान की। वहीं रमजान के पहले जुमा में अन्य जुमा की अपेक्षा नमाजियों की अधिक संख्या रही।

शुक्रवार को दरगाह बुख़ारी शाह में हाफिज रिजवान ने व मदीना मस्जिद में मौलाना असरार ने एक बजे तथा जामा मस्जिद आस्ताना आलिया में क़ारी अय्यूब चिश्ती ने दो बजे जुमा की नमाज़ अदा कराई। रमज़ान के पहले जुमा की नमाज़ से पहले जामा मस्जिद आस्ताना आलिया में मौलाना सैयद मज़हर मियां चिश्ती ने मस्जिद में उपस्थित नमाजियों को रमज़ान की अहमियत और फ़ज़ीलत बयान करते हुए बताया कि रोज़ा रोज़ेदार के लिए ढाल है। जिस तरह ढाल तलवार के वार से बचाती है उसी तरह रोज़ा रोज़ेदार को जहन्नुम की भड़कती हुई आग से बचाएगा। कहा कि अल्लाह रोज़ाना इफ्तार के वक्त दस लाख ऐसे लोगों को जहन्नुम से रिहाई अता फरमाता है कि जिनके गुनाहों की वजह से जहन्नुम उनपर वाजिब हो चुकी हो। वहीं, जुमा की नमाज़ के बाद उपस्थित लोगों ने मस्जिद के पेश इमामों के साथ मिलकर अमन चैन की दुआएं मांगी। जुमा की नमाज के समय मस्जिदों पर पुलिस की मौजूदगी रही।

**• नमाज के बाद मांगी गई अमन चैन की दुआएं**

# ओवरटेक के विवाद में मुख्य चौराहे पर हंगामा

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)

**अमृत विचार।** कुदरकोट कस्बे के मुख्य चौराहे पर गुरुवार को ओवरटेक को लेकर दो वाहन चालकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने बीच सड़क पर गाड़ियां रोककर खींचतान शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार भरथना की ओर से कुदरकोट आ रही दो गाड़ियों के बीच रास्ते में ओवरटेक को लेकर कहासुनी हुई। इसी दौरान दोनों वाहन आपस में हल्के टकरा भी गए। इसके बाद दोनों चालक एक-दूसरे का पीछा करते हुए मुख्य चौराहे तक पहुंच गए और वहीं सड़क पर ही विवाद करने लगे। राहगीरों की भीड़ जुटने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर कुदरकोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर वाहनों को कब्जे में लिया। पुलिस कार्रवाई के बाद यातायात दोबारा सुचारु कराया गया।

इसी मामले में औरैया पुलिस ने शांति भंग की आशंका में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 20 फरवरी 2026 को थाना कुदरकोट क्षेत्र में की गई। पुलिस अधीक्षक औरैया के निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी बिधूना के पर्यवेक्षण में चलाए गए अभियान के तहत थानाध्यक्ष राममगन सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामवीर सिंह ने पुलिस टीम के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गौरव मिश्रा (25) पुत्र शिवशंकर मिश्रा निवासी सरैया, थाना भरथना, जनपद इटावा तथा ब्रजेन्द्र सिंह चौहान (35) पुत्र उमासिंह चौहान निवासी नगला गिरन्द सिंह, थाना भरथना, जनपद औरैया के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आवश्यकतानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### 33 उपभोक्ताओं का कराया ओटीएस

**बेला, औरैया।** उत्तर प्रदेश में शासन की मनसा के अनुरूप बिजली बिल राहत योजना के अन्तर्गत 2025– 2026 में विद्युत बकायेदारों को, बकाया राशि में छूट को लेकर, 20 फरवरी दिन शुक्रवार को महा अभियान चलाया गया है। जिसमें विद्युत उपखण्ड बेला के अंतर्गति कस्बा याकूबपुर में विद्युत विभाग द्वारा एक विशाल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विद्युत कर्मियों ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजना को लोगों से जागरूक किया। जिसके पश्चात विद्युत बकायेदारों का योजना के अंतर्गत 33 उपभोक्ताओं का ओटीएस किया गया, जिसमें लगभग 29998 का राजस्व भी वसूला गया। इसी अभियान में लंबे समय से विद्युत बिल जमा न करने वाले कई कनेक्शनों को भी काटा गया।


## कार्यालय नगर पंचायत कुरारा- हमीरपुर

पत्रांक – मेमो / नोटिस/न0पं0कु0/2025–26 दिनांक–19–02–2026

**सूचना प्रकाशन**

**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदिकाओं द्वारा इस कार्यालय के गृहकर अभिलेखो में नवीन करण निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम व पता सहित नियमानुसार अंकित है। उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। बादम्याद अन्यथा कि स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका उत्तरदायित्व नगर पंचायत कुरारा का नही होगा।

| क्र. सं. | भवन सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नया भवन | श्रीमती रजनी पत्नी नेकराम | संजय गुप्ता पुत्र सुदामा प्रसाद | बस स्टैण्ड नयी बस्ती | 09 | बैनामानुसार |
| 2 | नया भवन | भगवानदीन पुत्र राजाराम | मंगल सिंह पुत्र जगत सिंह | बस स्टैण्ड नयी बस्ती | 09 | बैनामानुसार |
| 3. | नया भवन | प्रियंका पत्नी संतराम | मनिया पुत्र जनकिया | बस स्टैण्ड नयी बस्ती | 09 | बैनामानुसार |
| 4 | म0सं0–92 | दिनेश कुमार, सतीश कुमार पुत्रगण ओमप्रकाश | रामकली पत्नी काशीप्रसाद व रामसागर पुत्र काशीप्रसाद | बजार का उत्तरी भाग | 05 | बैनामानुसार |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर**


**मिलेगी राहत** रेलवे क्रॉसिंग 13–बी पर लगने वाले जाम से राहत दिलाने के लिए ओवरब्रिज का निर्माण होना है

# 73 .42 करोड़ की लागत से आरओबी निर्माण प्रक्रिया शुरू

संवाददाता अछल्दा (औरैया)


बाईपास ओवरब्रिज पर लेखपाल खुट्टी लगाकर सीमांकन करते हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में लंबे समय से प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण को लेकर जिला प्रशासन ने अहम पहल करते हुए शुक्रवार को प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ कर दिया। प्रस्तावित स्थल पर पहुंची संयुक्त टीम ने प्रारंभिक सर्वे, नापजोख और भूमि सीमांकन का कार्य शुरू कर दिया है।

रेलवे क्रॉसिंग 13-बी पर आए दिन लगने वाले जाम से आमजन, व्यापारियों और दैनिक यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। घंटों तक फाटक बंद रहने से यातायात बाधित रहता है और बाजार क्षेत्र भी प्रभावित होता है। ऐसे में ओवरब्रिज का निर्माण क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

शासन स्तर से स्वीकृत इस बाईपास ओवरब्रिज की कुल लंबाई लगभग 1.8 किलोमीटर प्रस्तावित है। परियोजना की कुल लागत 73 करोड़ 42 लाख 25 हजार रुपये निर्धारित की गई है। इसमें से 20 करोड़ 36 लाख 62 हजार रुपये की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। अवमुक्त राशि में से 16 करोड़ 4 लाख 65 हजार रुपये अनुदान संख्या–57 तथा 4 करोड़ 31 लाख 97 हजार रुपये अनुदान संख्या–83 के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराए जाएंगे। भूमि अधिग्रहण एवं सर्वे कार्य में अवर अभियंता संकेत कुमार, अजीत कुमार, जियो-टेक्नो सर्वेयर टीम के इंजीनियर सुशील कुमार और इंजीनियर शैलेंद्र सिंह शामिल रहे। टीम ने प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण करते हुए यातायात दबाव, आसपास की आबादी और दुकानों की स्थिति का आकलन किया। मानचित्र के अनुसार ओवरब्रिज की चौड़ाई 17 मीटर प्रस्तावित है। इस दौरान लेखपाल सतेंद्र यादव और दीपक कुमार खुट्टी लगवाने की प्रक्रिया में मौजूद रहे। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर अपने सुझाव दिए। अधिकारियों ने बताया कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का प्रयास किया जाएगा।


## कार्यालय नगर पंचायत सरीला (हमीरपुर)

पत्रांक: 329/न0पं0– सरीला/ नि0वि0/ 2025–2026 दिनांक 19 फरवरी, 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त फर्मो /ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सरीला द्वारा मुहाल गुरुदेवपुरा वार्ड 09 में एम0आर0एफ0 सेन्टर में मिट्टी भराई का कार्य हेतु निविदायें दिनांक 26.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत सरीला में आमंत्रित की जाती है जो अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिनांक 26.02.2026 को समय 03: 00 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगीं। जिनकी बिक्री कार्यालय नगर पंचायत सरीला में दिनांक 25.02.2026 को सायं 05.00 बजे तक की जायेगी। प्रत्येक निविदा दाता द्वारा निविदा शुल्क व 02 प्रतिशत जमानत राशि नगद /आर0टी0जी0एस0 ट्रांजेक्शन नम्बर सहित मूल प्रति कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। आनलाइन भुगतान हेतु ब्रांच सरीला के भरतीय स्टेट बैंक में नगर पंचायत के एम0बी0 फण्ड खाता सं0– 40180859960 आई0एफ0एस0सी0 कोड– SBIN0017279 में जमा की जायेगी। साथ ही 100 रू0 के स्टाम्प में स्वघोषणा पत्र, 10 रू0 के स्टाम्प में 90 दिवस निविदा वैधता शपथ पत्र व 10 रू0 के स्टाम्प पर करेक्टनेस शपथ पत्र भी निविदा के साथ मूल रूप से जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क, जमानत राशि एवं स्वघोषणा पत्र एवं शपथ पत्र मूल रूप से नगर पंचायत में ससमय न जमा करने की स्थिति में ठेकेदार की निविदा को अवैध माना जायेगा एवं प्रत्यक कार्य के लिये अलग–अलग निविदा ही मान्य होगी अन्यथा बिना कारण बताये एक अथवा सम्पूर्ण निविदायें अस्वीकार कर दी जायेगी। स्वीकार/ अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष /अधिशासी अधिकारी महादय में निहित है। नियम एवं शर्ते कार्यालय नगर पंचायत सरीला में कार्य दिवस में देखीं जा सकती है।

**नोटरू– निविदा सन्दर्भित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित विभाग/ पटल से सम्पर्क करें।**

| क्रमांक | मुहाल | कार्य का विवरण | आगणन राशि (जी0एस0टी0 रहित) | जमानत राशि (02%) | निविदा मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुरुदेवपुरा | नगर पंचायत सरीला द्वारा मुहाल गुरूदेवपुरा वार्ड 09 में एम0आर0एफ0 सेन्टर में मिट्टी भराई का कार्य । | 236000.00 | 4720.00 | 250.00 | 01 माह |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पचायत सरीला**
**हमीरपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पचायत सरीला**
**हमीरपुर**

# विस में उठाया बेतवा व यमुना में दीर्घ सेतु और बाईपास का मामला

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- उच्च स्तरीय समिति से निर्माण कार्यों की जांच कराए जाने की बात कही

**अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय में पिछले करीब 9 साल से बेतवा एवं यमुना नदियों में दीर्घ सेतु एवं बाईपास निर्माणाधीन हैं। इनके कार्य पूर्ण होने की अवधि भी समाप्त हो चुकी है। लेकिन निर्माण कार्य लगभग बंद पड़ा है। इनकी स्वीकृति लागत 17209.42 लाख बढ़कर 30275.55 लाख हो चुकी है।

इस मामले को सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति ने विधानसभा में उठाया। कहा इस प्रकरण की उच्च स्तरीय समिति से जांच कराकर संबंधित ठेकेदारों व अधिकारियों के विरुद्ध जिम्मेदारी तय करते हुए कठोरतम कार्रवाई कर शीघ्र कार्य पूर्ण कराए जाने को कहा है। विधायक ने सदन में नियमावली 2023 के नियम-51 के अन्तर्गत मामला उठाया।



विस में बोलते सदर विधायक।

विधायक सदर ने सदन का अविलंब लोक महत्व विषय पर लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। कहा कि उन्होंने इस मामले की सूचना ली तो अवगत कराया गया है कि बेतवा नदी पर निर्माणाधीन सेतु की भौतिक प्रगति 86 प्रतिशत बताई है। कहा बेतवा नदी पर 7-7 मीटर के दो सेतु स्वीकृत हैं। जिसमें एक पुल का लगभग 70 प्रतिशत के आसपास काम हुआ है। वहीं दूसरे सेतु अभी प्रारंभिक स्तर पर ही है। बेतवा नदी पर निर्माणाधीन दोनों सेतुओं की भौतिक प्रगति 30 प्रतिशत से भी कम प्रतीत होती है। इसी प्रकार यमुना नदी पर भी दो सेतुओं निर्माण होना है जिसमें बताया गया कि अभी 70 फीसद काम हो चुका है। जबकि निर्माणाधीन दोनों सेतुओं की भौतिक प्रगति 25 प्रतिशत से भी कम है। बाईपास के अतिरिक्त पहुंच मार्ग तथा मुख्य पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 28 दिसंबर 2016 से शुरू हुआ। इसकी समाप्ति कि तिथि 27 दिसंबर 2017 थी। नौ वर्ष बीतने के बाद अभी 50 प्रतिशत से कम काम हो सका है। विधायक ने कहा कि ठेकेदार द्वारा पूर्व की दरों पर गठित अनुबंध पर ही कार्य किया जा रहा है। जबकि सूचना में बताया गया कि परियोजना की मूल प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश दो जनवरी 2017 को धनराशि 17209.42 लाख रुपये की प्रदान की गई थी। अवगत कराया कि चार वर्ष पश्चात धरातल में बिना कोई कार्य कराए बिना शासनादेश 30 दिसंबर 2021 को 30275.55 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। जिससे स्पष्ट होता है कि शासकीय धन का दुरुपयोग हो रहा है। कहा सेतु निर्माण की लक्षित तिथि दिसम्बर 2026 है। लगभग नौ वर्ष व्यतीत होने के बाद भी परियोजना में मात्र 25-30 प्रतिशत कार्य हुआ है। अग्रिम आने वाले 9-10 महीने में कार्य पूर्ण किए जाने का दावा किया जाना सत्यतता से परे एवं भ्रमित करने वाला है। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया जाना है कि ठेकेदार द्वारा उक्त परियोजना में मात्र एक लांचर का उपयोग किया जा रहा है। एक लांचर एक दिन में लगभग 4-5 मीटर काम कर पाता है। पुलों की लंबाई को ध्यान में रखते हुए यदि लांचरों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो एक लांचर से यह कार्य होने में लगभग 2-3 वर्ष लगेंगे। परियोजना का अनुबंध कई वर्षों पूर्व ही समाप्त हो गया था, लेकिन विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत से शासकीय धन की क्षति की पहुंचाई जा रही है। परियोजना का समय से काम पूरा न होने के कारण आम जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने समय से कार्य पूर्ण न होने एवं शासकीय धन की क्षति होने पर संबंधित ठेकेदारों व अधिकारियों के विरुद्ध जिम्मेदारी तय करते हुए कठोरतम कार्रवाई कर शीघ्र कार्य को पूर्ण कराए जाने को नियम 51 के अन्तर्गत वक्तव्य की मांग करते हैं।

## मुझे मेरी बीबी से बचाओ, पति ने दर्ज कराई शिकायत

**मौदहा (हमीरपुर)।** दहेज उत्पीड़न, मारपीट और बच्ची छीनने का झूठा मुकदमा दर्ज कराने के बाद अब पत्नी राजीनामा का दबाव बना रही है। पीड़ित पति ने शिकायती पत्र पुलिस को दिया है। कस्बे के मोहल्ला कजियाना निवासी मो उमर ने क्षेत्राधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह रागौल निवासी बल्लू की पुत्री सना के साथ हुआ था। इसके बाद पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का एक झूठा मुकदमा उनके परिवार पर दर्ज कराया है। जिसकी विवेचना कोतवाली पुलिस कर रही है। लेकिन अब ससुराली उस पर राजीनामा का दबाव बना रहे हैं। राजीनामा नहीं करने पर 2-3 मुकदमे दर्ज कराने की धमकी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### बेटे-बहू को पड़ोसी ने लाठी मारकर किया घायल

**पौथिया।** ललपुरा थानाक्षेत्र के स्वासा बुजुर्ग गांव निवासी राममिलन ने तहरीर देकर बताया कि उसके लड़के हरी प्रसाद व बहू ज्ञानदेवी को पड़ोसी पवन ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया है। थाना प्रभारी राकेश कुमार सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### स्वास्थ्य शिविर 22 को

**सुमेरपुर।** कस्बे में मैथिलीशरण गुप्त मार्ग पर आगामी 22 फरवरी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। संयोजक डॉ शिवम गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में हृदय एवं पेट रोग से संबंधित मरीजों की नि:शुल्क जांच की जाएगी साथ ही रक्तदान शिविर होगा। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे करेंगे। शिविर में कृष्णा सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

### ट्रक की टक्कर से दो किशोर गंभीर घायल

**मौदहा।** हाईवे में राठ तिराहे के पास बाइक सवारों को ट्रक ने टक्कर मार दी। किशोरों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सुधार न होने पर दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया है। गुरुवार दोपहर नरयाइच गांव निवासी मुस्ताक अली (15) पुत्र मोहम्मद अली, साथी सफरूद्दीन (17) पुत्र छोटे पहलवान बाइक में सवार होकर कस्बे की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे ट्रक के धक्के से गिरकर घायल हो गए।

### जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी हालत

**कुरारा।** कस्बे के वार्ड नंबर 8 में परिजनों से नाराज महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वार्ड आठ निवासी संतोषी (45) पत्नी रमेश ने परिजनों से नाराज होकर शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

### रौब गांठने के लिए तमंचे के साथ फोटो किया अपलोड

**सुमेरपुर।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म में फोटो अपलोड करने का शौक युवाओं में कम नहीं हो रहा है। कस्बे के युवक ने लोगों के रौब गांठने के उद्देश्य से तमंचे के साथ फोटो अपलोड किया है। उसने अपनी फेसबुक आईडी से अवैध असलहो संग फोटो अपलोड करके सनसनी पैदा कर दी है।

### तीन जुआरी पकड़े एक भागा

**मौदहा।** कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक दिशांत खोखर ने पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर हैदरिया निवासी नदीम उर्फ़ शेरू, रागौल निवासी रुकमुददीन और नौशाद उर्फ़ नाद को गिरफ्तार किया है। जबकि सिचौलीपुरवा निवासी यूनुस भागने में सफल रहा। पुलिस जामा तलाशी व फड़ में ढाई हजार रुपये मिले हैं। पुलिस ने चारों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इन दिनों कस्बे के साथ खेतों में जुएं के फड़ सज रहे हैं। जिनमें पिपरौंदा रोड, कपसा रोड, छिमौली रोड सहित परछा रोड के आसपास के खेत जुआरियों से गुलजार हैं।

# मौरंग, मिट्टी के अवैध खनन पर प्रशासन ने मारा छापा

## पोकलैंड और दो ट्रक किए सीज, मिट्टी लदा ट्रक भी पकड़ा

**कार्रवाई**

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मझगवां थाने के टोला खंगारन गांव के पास चल रहे मौरंग के अवैध खनन पर गुरुवार रात प्रशासन और पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की। इसमें एक पोकलैंड और दो ट्रक सीज किए गए। इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

टोलाखंगारन गांव के पास से धसान नदी निकली है। जहां से हर रोज बड़ी तादाद में अवैध मौरंग का खनन होता है। ग्रामीण बताते हैं कि रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों और ट्रकों में मौरंग खनन किया जा रहा है। गुरुवार रात एसडीएम अभिमन्यु कुमार और सीओ राजीव प्रताप सिंह ने छापामार कार्रवाई की। मौके से दो ट्रक और एक पोकलैंड मशीन जब्त की।



खनन के दौरान पकड़ी पोकलैंड मशीन साथ में पुलिस और प्रशानिक अधिकारी।

बताया गया कि एक निजी भूमि पर पिछले काफी समय से अवैध खनन चल रहा था। महोबा का एक युवक निजी भूमि से अवैध खनन करा रहा था। एसडीएम ने चोरी छिपे मिट्टी का अवैध खनन कर ले जा रहे ट्रक को भी पकड़ लिया। एसडीएम ने बताया कि दस्तावेज न मिलने पर ट्रक को सीज कर दिया है। एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने बताया कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर चलने नहीं दिया जाएगा।

## किशोरी को भगा ले जाने के दोषी को 5 वर्ष की कैद

**हमीरपुर।** थाना मौदहा के एक गांव से किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में अदालत ने अभियुक्त को पांच साल के कठोर कारावास व 11 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।



एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आठ मार्च 2017 को एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी को पड़ोसी अजय बहला फुसलाकर भगा ले गया था। इस मामले में धारा-363, 366 व 08 पॉक्सो एक्ट में अभियुक्त अजय पुत्र जयनारायन के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। आपरेशन कन्विक्शन के तहत इस मामले में अभियोजन विभाग से समन्वय कर साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की गई। जिसके चलते न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने अजय को दोषसिद्ध करते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास व 11 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# ड्यूटी से लौट रहे दरोगा की सड़क हादसे में थम गई सांस, मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** चित्रकूट के मानिकपुर थानाक्षेत्र में एक सड़क हादसे में मौदहा निवासी दरोगा गफ्फूर खां की मौत हो गई। वे देर शाम ड्यूटी से लौटते समय काली घाटी के नीचे दुर्घटना का शिकार हो गए। दरोगा पुलिस लाइन में तैनात थे और बाइक से मानिकपुर की ओर जा रहे थे।

लोगों की सूचना पर सरैया-मानिकपुर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल दरोगा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। इलाज के दौरान ही चिकित्सकों ने दरोगा को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट और क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच के निर्देश दिए। थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह सड़क दुर्घटना बताई जा रही है।

### संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका मिला वृद्ध का शव

■ **राठ।** जरिया थाने के पहरा गांव में सड़क किनारे एक पेड़ पर वृद्ध का शव रस्सी से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पहरा गांव निवासी मानखां (60) पुत्र मदारी का शव गांव के बाहर एक पेड़ पर संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने बताया कि मानखां बुधवार को ईंट भट्ठे से वापस गांव लौटा था। बताया ईंट भट्ठों में मजदूरी एवं लेबर भेजने की ठेकेदारी का काम करता था। मान खां के द्वारा सिकंदरा में संचालित ईंट भट्ठे में भेजी गई लेबर ईंट भट्ठे से वापस लौट आई थी। जिस वजह से ईंट भट्ठे के मालिक ने उसके साथ गाली गलौज कर दुर्व्यवहार किया था। जिससे आहत होकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने बताया कि अपने पीछे पत्नी धन्ती के अलावा भाई शकूर व सुबराती सहित पुत्र एहसान, मुमताज व लाल मुहम्मद सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया है। जरिया थानाध्यक्ष ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### आग तापने के दौरान किसान की गिरकर मौत

■ **राठ।** जरिया थाने के करही गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते घर में आग ताप रहे एक वृद्ध की जलकर हुई मौत का मामला आया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। शुक्रवार सुबह करही गांव निवासी करन (65) पुत्र चंद्रभान खेत में गेहूं फसल की सिंचाई कर वापस अपने घर लौटा था। घर पर आग जला तापने लगा। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह जलती आग में गिरकर झुलस गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जब परिजनों ने उसे मृत अवस्था में पड़ा देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों ने बताया कि मृतक करन के पास करीब पांच बीघा जमीन थी। जिस पर खेती कर परिवार का गुजर बसर करता था।

# थोक व्यापारी के गोदाम से दाल चावल की 94 बोरी हुईं चोरी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- मौदहा नगर की कोतवाली के बगल में मराठीपुरा का मामला

**अमृत विचार।** मौदहा कोतवाली के बगल में एक दाल चावल के थोक व्यापारी के गोदाम का ताला तोड़ चोर लाखों रुपये का माल लोडर में लादकर रफू चक्कर हो गए। सुबह दुकान की हालत देख व्यापारी ने माथा पीट लिया। घटना की तहरीर कोतवाली में सौंप चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मौदहा नगर की कोतवाली के बगल में मराठीपुरा निवासी सुशील कुमार गुप्ता एक दुकान किराए पर लेकर सालों से दाल चावल समेत अन्य अनाज का थोक व्यापार करते हैं। गुरुवार रात करीब 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गए। सुबह जब दुकान पहुंचे तो दरवाजे का ताला टूटा देखा और अंदर से दर्जनों बोरियां दाल चावल गायब पाया। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में सौंपी है। पीड़ित ने बताया कि दुकान से 94 बोरी दाल चावल गायब है। जिसकी कीमत ढाई लाख रुपये से ऊपर है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के सहारे चोरों की तलाश में जुट गई है। घटना से व्यापारियों में असुरक्षा की भावना घर कर गई है।

### टायर दुकान में आग से लाखों का सामान राख

**सुमेरपुर।** हाईवे पर गल्ला मंडी के समीप टायर की दुकान में आग लगने से करीब 8 लाख का सामान जलकर खराब हो गया। फायर दस्ते ने आग पर काबू पाया। कस्बे के वार्ड 15 संत कबीर नगर निवासी अशोक चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 18 फरवरी की रात दुकान बंद कर घर चला आया। रात 12 बजे दुकान के आसपास के लोगों ने दुकान में आग लगने की सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग से करीब 8 लाख का नुकसान हुआ है।

# अपर आयुक्त के निरीक्षण में मिली खामियों को दुरुस्त करने के निर्देश

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से चित्रकूट धाम बांदा मण्डल के अपर आयुक्त भगवान शरण ने तहसील, नगर पालिका, व विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न अनुभागों का जायजा ले अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने अभिलेखों का अवलोकन कर कक्ष के बाहर फरियादियों के लिए समुचित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जनसुनवाई रजिस्टर की भी जांच की और तहसीलदार को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 10 से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से बैठकर जनसुनवाई करें, जिससे आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। नजारत अनुभाग में तमिला रजिस्टर देखा और लंबित मामलों में शत-प्रतिशत तामिला सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। विकास खण्ड कार्यालय में पृथक जनसुनवाई रजिस्टर तैयार करने के निर्देश दिए, विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर लंबित वादों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने एसआईआर की प्रगति की भी समीक्षा की। कहा कि कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार शेखर मिश्रा, नायबतहसीदार महेंद्र गुप्ता, प्रभारी बीडीओ अनिल पाठक, ईओ सीमा तोमर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



अभिलेखों का निरीक्षण करते अपर आयुक्त।

### ग्राम चौपाल में छाया रहा शौचालय का मुद्दा

■ कुरारा। विकासखंड के बचरौली व भटपुरा गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें शौचालय की मांग का मुद्दा छाया रहा। ग्राम पंचायत बचरौली में मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें बुधिया ने आवास की मांग की। जिस पर उनका नाम जांच कर पात्रता सूची में कराया गया। राजेश्वरी ने शौचालय न मिलने की शिकायत पर विभाग ने मौके पर आवेदन कराया। भटपुरा गांव में सचिव मधु गुप्ता की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल में दो मामले आए। यहां बब्बू ने वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की। जिस पर उनकी केवाईसी कराई गई। लक्ष्मी ने शौचालय की मांग की जिस पर उनका नाम पात्रता सूची में किया गया। चौपाल में ग्राम प्रधान, सचिव नसीम अहमद, कोटेदार, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी आदि मौजूद रहे।



इब्राहिम और जैनब। अमृत विचार

# 6 साल की जैनब, 7 के इब्राहिम ने रखा रोजा

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** गुरुवार से शुरू हुए पवित्र माह रमजान को लेकर जहां मुस्लिम समुदाय में उत्साह है। वहीं बच्चों में अधिक जोश और उत्साह देखा जा रहा है। सहरी में जागने से लेकर तरावीह की नमाज तक सभी जगह बच्चों की संख्या दिखाई दे रही है। इसी सिलसिले में कस्बे के मोहल्ला कसौडा निवासी मजहर हुसैन की छह साल की बेटी जैनब ने पहली बार रोजा रखा। जिसको लेकर घर परिवार के लोगों में खुशी का माहौल है और परिवार के लोगों ने जैनब की लंबी उम्र और कामयाबी की दुआएं कीं। तो वहीं कस्बे के मोहल्ला बाघा निवासी सेवानिवृत शिक्षक फिरोज कमाल के सात साल के नाती इब्राहिम ने भी गुरुवार को पहला रोजा रखा। जिसको अफ्तार के समय सभी ने फूल माला पहनाकर बधाइयों के साथ दुआएं दीं।

**जागरूकता**

गल्हिया गांव में लगे एनएसएस कैंप में दी ग्रामीणों को जानकारी

# शिक्षा का उद्देश्य ज्ञानार्जन नहीं बल्कि उत्तम चरित्र का निर्माण

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ब्रह्मानंद महाविद्यालय की ओर से गल्हिया गांव में लगाए गए एनएसएस शिविर के चौथे दिन युवा शक्ति एवं चरित्र निर्माण के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर गोष्ठी आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि यात्री कर अधिकारी चंदन पांडेय ने कहा राष्ट्र का भविष्य युवाओं के हाथों में है। उनका सशक्त चरित्र ही देश की प्रगति की वास्तविक पूंजी है। उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर विस्तार से जानकारी दी। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.जितेंद्र सिंह ने कहा शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि उत्तम चरित्र का निर्माण भी है। गोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी डा. दुर्गेश कुमार ने कहा कि युवा शक्ति परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत है। यदि यह शक्ति सही दिशा में प्रयुक्त हो तो समाज में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन संभव है। स्वयंसेवकों द्वारा युवा जागरूकता एवं चरित्र निर्माण विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकाली। गोष्ठी में पूजा वर्मा ने कहा सुदृढ़ चरित्र ही सफलता की नींव है। ममता ने कहा युवा शक्ति समाज परिवर्तन की धुरी है। दीपांशी ने कहा नैतिक मूल्यों के बिना विकास अधूरा है। सौम्या ने कहा अनुशासन और परिश्रम से ही लक्ष्य प्राप्त होता है। ज्योति ने कहा युवाओं को सकारात्मक सोच अपनानी चाहिए। करिश्मा ने कहा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि है। गोष्ठी में वंदना, बबनीता, सानिया, मुस्कान, प्रिंसी, संगीता, लेखराज, रानी रहीं।









एनएसएस कैंप में सड़क सुरक्षा की जानकारी देते चंदन पांडेय। मतदाताओं को जागरूक करतीं एनएसएस की छात्राएं। अमृत विचार

### घर-घर जाकर छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं को किया जागरूक

■ **हमीरपुर।** शुक्रवार को ओम हरिहर स्नातक महाविद्यालय कुंडौरा में एनएसएस शिविर के चौथे दिन शिविरार्थियों ने शिव मंदिर प्रांगण दरियापुर से भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक किया। प्रथम व द्वितीय इकाइयों के छात्र छात्राओं ने ग्राम दरियापुर व कुंडौरा का भ्रमण कर मतदाताओं को वोट देने के प्रति जागरूक किया। घर घर जाकर लोगों को जागरूक करने के साथ दीवारों पर स्लोगन बनाए। इसके बाद शिविर स्थल पर वापस आकर जलपान गृहण किया। छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्य डा स्वामी प्रसाद उपस्थिति रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रक्षादीन व रफीक मोहम्मद के अलावा दरियापुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद यादव ने विचार गोष्ठी में हिस्सा लिया। जिसमें वक्ताओं ने एसआईआर पर चर्चा की। डा सरिता दुबे ने महिला मतदाताओं को जागरूक करने पर विशेष बल दिया। इसके अलावा स्वाती, स्नेहा, गोपाल, प्रीती, नेहा, अंकित, सेंजल, सुधा व रागिनी ने विचार व्यक्त किए।

# श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया

संवाददाता मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नायकपुरवा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार को गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, महारास लीला, रासलीला में भगवान शंकर का आना एवं श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया।

पं शिवम मिश्रा ने रास पंच अध्याय का वर्णन कर कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया। रुक्मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा मंडप में श्रीकृष्ण-रुक्मणी पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे।



कथा के दौरान मौजूद महिलाएं।

## महिला ने ससुरालियों पर पेट्रोल डालकर जलाने का लगाया आरोप

**मौदहा।** तहसील परिसर में शुक्रवार को माहौल में उस समय गर्मी आ गई जब एक विवाहिता अधजली हालत में क्षेत्राधिकारी कार्यालय अपनी फरियाद लेकर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते क्षेत्राधिकारी ने तत्काल प्रभाव से रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। बिवांर थानाक्षेत्र के ग्राम उमरी निवासी आरती पुत्री रमेशचंद्र ने क्षेत्राधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह बीते मई 2023 में जनपद महोबा के कबरई थानाक्षेत्र के ग्राम गंज में हुकुम लाल पुत्र रामनाथ प्रजापति के साथ हुआ था। तभी से ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। अक्सर उसके साथ मारपीट करते थे। और चार लाख रुपया की मांग कर रहे थे इसी को लेकर 13 फरवरी को दोपहर में पति हुकुम लाल, ननदोई राजा भैया, सास इंद्राणी, जेठ माखन मारपीट करने लगे। दहेज देने पर असमर्थता जताई तो आरोपियों ने उसके ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। और जेवर छीनकर भगा दिया।

न्यूज ब्रीफ

### 15 मिनट में कराया बीमा का भुगतान

**जालौन।** भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थानीय शाखा द्वारा त्वरित सेवा का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बीमा दावे का 15 मिनट में भुगतान किया गया है। भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थानीय शाखा में एलआईसी पालिसी संख्या-237847166 के अन्तर्गत मृत्युदावा के लिए क्लेम किया गया था। इस पॉलिसी के संबंध में शाखा कर्मचारियों ने त्वरित भुगतान करने का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। शाखा प्रबंधक आरएन गौतम, प्रशासनिक अधिकारी बीडी गौतम, श्रेणी सहायक राममोहन निरंजन व विकास अधिकारी अरुण कुमार यादव के सहयोग से बीमाधारक सुशील गुप्ता की पत्नी पूजा गुप्ता को मात्र 15 मिनट में भुगतान कर दिया । अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तत्परता से पीड़ित परिवार को बिना किसी प्रकार की देरी से दावा राशि मिलने से राहत मिली।

### रेडियोलॉजिस्ट न होने से कबाड़ हो रही अल्ट्रासाउंड मशीन

**जालौन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते वर्ष जून माह में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध करा दी गई थी। लेकिन रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती न होने के कारण यह मशीन अब तक संचालित नहीं हो सकी है। इसको लेकर नगर के लोगों ने प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री को शिकायती पत्र भेजकर रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की मांग की है। सीएचसी जालौन में प्रतिदिन दर्जनों गर्भवती महिलाएं जांच के लिए आती हैं, जिनमें से अधिकांश को अल्ट्रासाउंड की आवश्यकता होती है। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इसके चलते जून माह में अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाई गई थी लेकिन अभी तक रेडियोलॉजिस्ट न होने की वजह से मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोगों को प्राइवेट जांच कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की मांग की गई है। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अस्पताल में पता करने पर पता चला कि महीने में चार दिन निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर मरीजों की व्यवस्था की गई है। लेकिन इसका लाभ सभी महिलाओं को नहीं मिल पाता है। अथवा किसी को तत्काल अल्ट्रासाउंड की आवश्यकता हो तो उसे भी इसका लाभ नहीं मिल पाता है। मांग करते हुए कहा कि सीएचसी में अल्ट्रासाउंड सुविधा को शुरू कराने के लिए रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की जाए।

# रमजान के पहले जुमे को मस्जिदों में जुटी भीड़

संवाददाता कार्यालय, महोबा


जुमा की नमाज में दुआ मांगते लोग। अमृत विचार

- नमाजियों ने मुल्क की तरक्की और देश में अमन चैन की मांगी दुआ

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान के पहले जुमे में मस्जिदें नमाजियों से भर गईं। मस्जिदों में लोगों ने पाकीजगी के साथ पहुंचकर रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा की। नमाज के बाद सभी ने मुल्क की तरक्की, आपसी भाईचारा और देश में अमन चैन की दुआएं मांगी। दूसरे रोजे को ही जुमा पड़ने से मुस्लिम समुदाय के लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। बच्चे, जवान और बुजुर्ग जुमे की नमाज अदा करने के लिए पहले से ही जामा मस्जिदों में पहुंच गए। गुरुवार से रमजान माह शुरू हो गया है, जिसके चलते मुस्लिम समुदाय में रोजा रखने और नमाज अदा करने में मशगुल रहते हैं। दूसरे रोजे में जुमा पड़ने के कारण सुबह से ही जुमे की नमाज की तैयारी में लोग जुट गए। मुस्लिम बाहुल इलाकों में रोजे शुरू हो जाने के कारण खासी चहल पहल दिखाई दी। नहा धोकर लोग सुबह से ही तैयार हो गए और जुमे की नमाज के लिए पहले से मस्जिदों में दाखिल हो गए, जिससे नमाज पढ़ने के लिए मस्जिदों में जगह मिल जाए। शहर में करीब तीन दर्जन से ज्यादा मस्जिदों में जुमे की नमाज पढ़ी जाती है। रमजान माह में हर नमाज में नमाजियों की संख्या में इजाफा हो जाता है और जुमे की नमाज में तो भारी भीड़ जुटती है। अब मस्जिदों के आगे अधिक जगह न होने के कारण लोग मस्जिदों के अंदर नमाज पढ़ने के लिए पहले से जाकर जगह बना लेते हैं, यही वजह है कि बाद में मस्जिद पहुंचने वाले लोगों को या तो छत के ऊपर या खुले आसमान के नीचे जुमे की नमाज पढ़नी पड़ती है। रोजा रखने के साथ पहले ही रमजान को जुमा पड़ने से तमाम दुकानदारों ने दुकानें नहीं खोली।

## 928 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**महोबा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड की परीक्षा में दूसरे दिन पहली पाली में हाई स्कूल के 579 और इंटरमीडिएट के 349 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। बोर्ड परीक्षा नकल विहीन करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में बनाए गए सचल दल ने परीक्षा केदो का निरीक्षण किया। शुक्रवार को सुबह पहली पाली में हाई स्कूल के सामाजिक विज्ञान पेपर में पंजीकृत 12011 परीक्षार्थियों की सापेक्ष 11432 परीक्षार्थी उपस्थित रहे 579 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे जबकि इन दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की अंग्रेजी विषय में पंजीकृत 9181 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8832 परीक्षार्थी मौजूद रहे।

# सियार के हमले से महिला घायल, परिजनों ने मार डाला

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** घर के समीप बकरी चराते समय एक महिला पर सियार ने हमला करके घायल कर दिया। महिला की चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंच गए और सियार को मार कर महिला को छुड़ाया।

कस्बे के नाना ढाबा के समीप निवास करने वाली रामकुंवर (40) घर के समीप बकरी चरा रही थी, तभी एक सियार ने उस पर हमला कर दिया। महिला ने सियार के हमले से बचने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी और सियार ने महिला के हाथ को जबड़े में दबाकर घसीटने का प्रयास करते हुए उसे काटने लगा, जिससे महिला घायल हो गई। महिला की चीखपुकार सुन परिजन और पड़ोसी बाहर आए तो सियार को देखकर लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंचे गए। महिला का पति मैयादीन, देवर घनश्याम और देवरानी अनीता ने महिला को बचाने का प्रयास करते हुए सियार से छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन सियार महिला का हाथ बुरी तरह से पकड़े हुए था। इस दौरान देवर घनश्याम ने सियार की गर्दन को पीछे से दबोच लिया। पति मैयादीन और देवरानी अनीता ने लाठी डंडों से सियार पर हमला कर दिया, जिससे सियार की मौत हो गई और महिला को छोड़ दिया।

# छात्रों की बाइक पिकअप में घुसी, एक की गई जान

## दूसरा छात्र घायल, 10वीं की परीक्षा देने बाइक से जा रहे थे छात्र

कार्यालय संवाददाता, महोबा


अस्पताल में लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना कबरई क्षेत्र के मकरबई निवासी दो छात्र बाइक से बोर्ड परीक्षा देने के लिए ब्रह्मचारी इंटर कॉलेज खन्ना जा रहे थे। चालक का बाइक से संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे पंचर खड़ी पिकअप से टकरा गई, जिससे एक छात्र की मौत हो गई जबकि दूसरा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है। छात्र की मौत से परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

मकबरई गांव निवासी शिवम (17) सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज कबरई में हाईस्कूल में पढ़ता था। शुक्रवार की सुबह अपने साथी उमेश के साथ बाइक पर सवार होकर ब्रह्मचारी इंटर कॉलेज हाईस्कूल के सामाजिक विज्ञान का पेपर देने जा रहा था, तभी बरबई गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक से उमेश का संतुलन बिगड़ और सड़क किनारे खड़ी पंचर पिकअप से बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार छात्र उछलकर सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। दुर्घटना देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को देख पुलिस और एम्बुलेंस को फोन कर मदद के लिए बुलाया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचा, जहां पर डाक्टरों ने घायलों का डाक्टरी परीक्षण करते हुए शिवम को मृत घोषित कर दिया। जबकि उमेश को भर्ती कर इलाज शुरू किया। मौत की खबर मकरबई गांव पहुंचते ही परिजन आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे और रोने पीटने लगे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से बाइक और पिकअप तरह क्षति ग्रस्त हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है। उधर घटना के बाद गांव में मातम छा गया है।

## मस्जिदों में नमाज को उमड़े नमाजी

**कालपी (जालौन)।** कालपी नगर में स्थित दर्जन भर मस्जिदों में कड़ी सुरक्षा के बीच रमजान माह के प्रथम जुमे पर मस्जिदों पर भारी तादाद में रोजेदारों तथा नमाजियों ने नमाज अदा की।

रमजान माह के पहले जुमा में बड़ी संख्या में नमाजी मस्जिदों में पहुंचे और नमाज अदा की। मस्जिदों में रोजेदारों और नमाजियों की भारी भीड़ रही। रमजान मुबारक के पहले जुमा की नमाज अदा करने के लिए निर्धारित समय से पहले ही नमाजियों ने मस्जिदों में पहुंचना शुरू कर दिया था। खानकाह मुहम्मदिया मस्जिद में मुफ्ती-ए-शहर मौलाना अशफाक अहमद बरकाती ने नमाज अदा कराई। उन्होंने अपनी तकरीर में रोजा, नमाज, जकात, हज के बारे में जानकारी देते हुए नेकी के रास्ते में चलने का आह्वान किया। बड़ा बाजार स्थित शाही जामा मस्जिद में मौलाना नजमुल हुदा की इमामत में दोपहर एक बजे हजारों नमाजियों के द्वारा नमाज अदा की गई। बड़ी मस्जिद मुड़िया गुम्बद मस्जिद, मखदूमिया मस्जिद में इमाम मौलाना जियाउद्दीन ने नमाज अदा कराई। तहसील मस्जिद, खजूर वाली मस्जिद, शुभान मस्जिद हरीगंज आदि के अलावा गुलौली गांव की मस्जिदों में भी भीड़ रही।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा


परेड के दौरान समीक्षा करते एसपी। अमृत विचार

- साप्ताहिक परेड में सलामी लेने के बाद पुलिस कर्मियों की कराई दौड़

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुलिस लाइन मैदान में साप्तहिक परेड का आयोजन किया, जिसमें पुलिस अधीक्षक ने सलामी ली। परेड के दौरान पुलिस कर्मियों की शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस का आंकलन करने के लिए जनपद के विभिन्न थानों एवं शाखाओं में तैनात पुलिस कर्मियों, आरटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षकों की परेड के अलावा दौड़ कराई गई। साप्ताहिक परेड के बाद पुलिस लाइन स्थित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के बाद परेड की सघन जांच पड़ताल करते हुए पुलिस कर्मियों की परेड कराई गई। परेड दौरान एसपी ने प्रशिक्षण के लिए आए नवचयनित रीक्रूट आरक्षी की पीटी, परेड का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन, व्यवहार कुशलता एवं पुलिस सेवा के नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ब्रीफ किया गया। फिटनेस ड्रिल में नवचयनित आरक्षियों का शारीरिक परीक्षण भी लिया गया साथ ही ट्रेनिंग उस्ताद को निर्देशित किया गया कि वे रीक्रूट आरक्षियों को सभी आवश्यक प्रशिक्षण बिंदुओं से समुचित रूप से अवगत कराएं।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करते हुए एसपी ने पुलिस लाइन स्थित मेस का गहन निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को परखा और पुलिस कर्मियों एवं प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों के लिए उपलब्ध भोजन व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। एसपी ने क्वार्टर गार्द, बैरक, परिवहन शाखा एवं पुलिस लाइन परिसर की अन्य इकाइयों का क्रमवार निरीक्षण किया गया। निर्माणाधीन भवनों एवं परिसर की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मचारियों को साफ सफाई एवं समुचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में उच्च स्तर की स्वच्छता, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं पर प्रतिदिन ध्यान रखे जाने की भी बात कही। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह व प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सिंह प्रभारी आरटीसी अरविंद सिंह गौर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# खड़ी गाड़ी का चालान करने पर वाहन मालिक ने आत्महत्या का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- एआरटीओ ने हंगामा काट रहे वाहन मालिक पर दर्ज कराया मुकदमा


हंगामा काट रहे युवक को ले जाती पुलिस।

**अमृत विचार।** चेकिंग के दौरान खड़े वाहन का चालान किए जाने से नाराज वाहन मालिक ने एआरटीओ कार्यालय में जाकर हंगामा किया। बाद में पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिससे कार्यालय में अफरा तफरी का माहौल हो गया। घटना के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को पकड़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद एआरटीओ ने ट्रक स्वामी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है।

कबरई कुंहेटा मार्ग पर एआरटीओ दयाशंकर अपनी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, तभी एक ट्रक के प्रपत्र में कमी होने के कारण उसका चालान कर दिया। चालान की सूचना मिलते ही ट्रक स्वामी ब्रजेश विश्वकर्मा एआरटीओ कार्यालय पहुंचा और चालान किए जाने को लेकर हंगामा करने लगा, कोई सुनवाई नहीं हुई तो उसने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने की धमकी दी। हंगामा की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन मालिक को काबू में कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एआरटीओ ने बताया कि चेकिंग दौरान वाहन का बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं था साथ ही वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगी हुई थी और न ही चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस था, इसलिए वाहन का चालन किया गया। एआरटीओ ने हंगामा काट रहे युवक के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। उधर वाहन मालिक बृजेश का कहना है कि वाहन खड़ा हुआ था इसके बाद भी आरटीओ ने चालान कर दिया जबकि यह नियम विरुद्ध है।

## ट्रेन से कटकर किशोरी ने दी जान

**कुलपहाड़ महोबा।** झांसी मानिकपुर रेल लाइन पर रेलवे स्टेशन बेलाताल और कुलपहाड़ के बीच में एक किशोरी ने 10 से कटकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है किशोरी की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाली कुलपहाड़ के बेलाताल गांव निवासी दयाशंकर की 14 वर्षीय पुत्री ने रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन के आने से पहले पटरी में लेट कर जान दे दी। चरवाहों ने इसकी सूचना गांव में दी मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने उसकी पहचान प्रीति 14 के रूप में की इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# नुक्कड़ नाटक के जरिये किया जागरूक

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)


गोष्ठी में जानकारी देते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय सेवा योजना सप्ताहिक शिविर के चौथे दिन श्रीकिशोर गोस्वामी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अन्तर्गत रैली निकालने के अलावा नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक में खुशी पाठक एवं डोली रैकवार ने विशेष योगदान किया। कार्यक्रम में प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर दिनेश कुमार एवं द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कुमार की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय स्टाफ में रवि तिवारी, ईशा, सुरेश नगायच, शिवम् विश्वकर्मा की देखदेख अभियान चलाया गया।

जय बुन्देलखण्ड महाविद्यालय के एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिवस कन्याभ्रूण हत्या व परिवार नियोजन विषय पर गोष्ठी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता छोटेलाल ने कन्याभ्रूण हत्या को महापाप की संज्ञा देते हुए कहा कि सरकार ने इसके कठोरतम कानून बनाया है, फिर भी लोगों को इस प्रथा को रोकने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने संतुलन बनाए रखने व कन्याभ्रूण रोकने पर बल दिया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत ने परिवार नियोजन विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम अधिकारी विपिन कुमार ने सभी का आभार जताया और राष्ट्रीयगान के साथ समापन की घोषणा की। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. कल्पना अवस्थी, विनीता, पुष्पा देवी, दशरथ राजपूत, इखलाक अहमद, नीरज, अनूप यादव, सचिन, राजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## यातायात के प्रति किया जागरूक

- साईं डिग्री कालेज में आयोजित किए जा रहे एनएसएस शिविर के चौथे दिन स्वयं सेवक और सेविकाओं ने यातायात जागरूकता रैली निकाली साथ एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। रैली में छात्र छात्राएं हाथों में यातायात नियमों का पालन किए जाने के स्लोग्न लिखी तख्तियां लेकर चल रही थी साथ ही लोगों को यातायात नियमों के तहत वाहन चलाकर स्वयं और दूसरों के जीवन को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी में प्राचार्य एलसी अनुरागी ने मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 197डी की जानकारी दी। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण वाजपेयी ने शिविर की पांच दिवसीय कार्य योजना बताई।

परखी व्यवस्था

जिला उपकारागार के निरीक्षण में जेलर को दिए गए आवश्यक निर्देश

# प्राधिकरण की प्रभारी सचिव ने बंदियों की सुनीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा


उपकारागार का निरीक्षण करतीं प्रभारी सचिव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश राम नगीना यादव के निर्देश पर सिविल जज सीनियर डिविजन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव पूजा ने जिला उपकारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रभारी सचिव ने बंदियों की समस्याओं को सुना उनका निस्तारण कराए जाने के जेलर को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर तत्पश्चात रसोईघर, बैरकों के अलावा उपकारागार परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निरंतर स्वच्छता बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण दौरान सिविल जज सीनियर डिविजन ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पात्र बंदियों के विधिक सहायता प्रदान किये जाने के लिए सदैव तत्पर हैं। इस मौके पर कुछ बंदियों के जमानत प्रार्थना पत्र न्यायालयों में प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिये गये और जो बंदी अत्यंत गरीब है और अपना निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते उन्हें निःशुल्क लीगल एंड डिफेंस काउंसिल नियुक्त करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रभारी सचिव ने जेल में बंदियों की समस्याओं को सुनने के बाद उपकारागार के अस्पताल में भर्ती बंदियों से बात की और उन्हें बेहतर सेवाओं के लिए निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने उपकारागार में बनी बैरकों और रसोईघर का निरीक्षण किया। जहां पर निरंतर स्वच्छता बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए। इस मौके पर जेलर ने बताया गया कि उपकारागार में कुल 309 बंदी निरुद्ध है, जिन्हें प्रातःकाल नाश्ते में चाय, गुड़, पावरोटी दिया गया था और सुबह के भोजन के लिए अरहर की दाल, आलू बैंगन की सब्जी, चावल, रोटी तैयार की गयी है। निरीक्षण के दौरान लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ रामनरेश नरेश यादव, असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा, असिस्टेंट योगेंद्र सिंह आदि रहे।

## शिविर में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

- उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शहर के शिशु ज्ञान मन्दिर इंटर कॉलेज में विधिक जागरूगता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल जज सीनियर डिवीजन पूजा ने की। विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव ने शिविर में चलाए जा रहे मध्यस्थता अभियान 2 .0 के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराना है, जिसमें सभी प्रकार के परिवारिक, फौजदारी व दीवानी वादों से संबंधित मामले सुलह समझौते के माध्यम से सुलझाए जाएंगे। कार्यक्रम कालेज के प्रधानाचार्या अमरचंद्र गुप्ता, अध्यापक ललिता प्रसाद शर्मा व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी ने किया।

## कल लगेगा विशाल विधिक शिविर

- वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 22 फरवरी को एक दिवसीय विशाल विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का सुबह दस बजे से आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार के वादों को विभिन्न विभाग सुलझाया व परामर्श देगे साथ ही इस शिविर में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आवास, विकलांगों, निर्धन व निर्वल वर्गो से सम्बन्धित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव पूजा ने बताया कि इस अभियान का जिले में प्रचार कराए जाने के लिए प्रचार वाहनों को भेजा गया। ताकि शिविर का ज्यादा से ज्यादा लोग फायदा उठा सकें।

# एक नारी के शिक्षित होने से पूरी पीढ़ी सशक्त होती

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय द्वारा सात द्विवसीय शिविर का आयोजन चल रहा है। शिविर के तीसरे दिन समरसता व नारी सशक्तिकरण पर संगोष्ठी का अयोजन किया गया। जिसमें समाज में व्याप्त कुरीतियों व नारी सशक्तिकरण पर बल दिया गया।

सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन समरसता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रथम इकाई के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अवनीश दीक्षित ने समाज में फैली कुरीतियों दहेज प्रथा, जातिवाद, मृत्यु भोज आदि विषय पर विचार रखते हुए कहा कि यह सभी सामाजिक कुरीतियां हैं। इनसे समाज का हित नहीं होता है। समाज में व्याप्त इन कुरीतियों को मिलकर समाप्त किया जाना चाहिए। द्वितीय इकाई प्रभारी विनय दीक्षित ने समाज में फैली कुरीतियों को विकास में बाधक और घातक बताया। कार्यक्रम में चंद्रभान मिश्रा ने नारियों को सम्मान देने के साथ ही उन्हें प्रत्येक क्षेत्र में आगे आने का आहवान किया। कहा कि आज की महिलाएं सभी क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व कर रही हैं। अन्य महिलाओं को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। एक नारी के शिक्षित होने से पूरी पीढ़ी सशक्त हो जाती है। इसलिए उन्हें भी अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाएं। कार्यक्रम में अवधेश दीक्षित, गोपालजी खेमरिया, राघवेंद्र पटेल, नीरेंद्र नायक, शैलेंद्र कुमार, प्रगति भदौरिया, आकांक्षा श्रीधर, विनीत मिश्रा, राजकुमार याज्ञिक रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रविवार को एसआईआर की विशेष अभियान तिथि

**चित्रकूट।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन छह जनवरी को करा दिया गया है। छह जनवरी से छह मार्च तक दावे/आपत्तियों की अवधि है। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में आयोग ने चार विशेष अभियान तिथियां निर्धारित की हैं। इसी के तहत 22 फरवरी को पदाभिहित अधिकारी और बीएलओ पूर्वाह्न 10 .30 बजे से अपराह्न साढ़े चार बजे तक उपस्थित रहकर दावे/आपत्तियों अर्थात फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8 इत्यादि को प्राप्त करेंगे। इस संबंध में कोई भी जानकारी निर्वाचन कार्यालय के टोल फ्री नंबर 05198-298090-1950 पर प्राप्त की जा सकती है।

### फर्नीचर खरीदने के लिए दी गई अनुमति

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि चयनित 120 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों के लिए फर्नीचर खरीदने के लिए शासन से धनराशि आवंटित की गई थी। जिलाधिकारी के अनुमोदन के पश्चात चयनित फर्म को क्रयादेश निर्गत किए जाने की अनुमति दी गई है।

### सीडीओ ने किया मंडौर की गौशाला का मुआयना

**मऊ (चित्रकूट)।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने शुक्रवार को स्थायी गोआश्रय केंद्र मंडौर का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में गोवंशों की अधिक संख्या के मद्देनजर चरही को बड़ा बनाने और गोवंशों को पर्याप्त मात्रा में पशु आहार देने के निर्देश दिए। निर्देशित किया कि जिन गोवंशों की टैगिंग नहीं हुई है उनकी टैगिंग तत्काल कराएं और चारे, भूसे, चूनी, चोकर की वास्तविक स्थिति के आधार पर ही भुगतान करें।

### भरतकूप मंदिर से आठ मुकुट चोरी

**चित्रकूट।** भरतकूप के प्राचीन मंदिर से गुरुवार रात चोरों ने ताला तोड़कर गर्भगृह से भगवान के आठ कीमती मुकुट चोरी कर लिए। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया। बताया जा रहा है कि मंदिर के बगल के कक्ष में महंत लवकुश दास विश्राम कर रहे थे, जबकि रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़ा और सीधे गर्भगृह में प्रवेश कर गए। इस प्राचीन मंदिर में भगवान श्रीराम के साथ माता सीता, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न की दिव्य मूर्तियां विराजमान हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### ट्रैक्टर ने किशोर को कुचला, मौत

**चित्रकूट।** भरतकूप थानांतर्गत लुखरिहा गांव में शुक्रवार सुबह ट्रैक्टर की टक्कर से किशोर की मौत हो गई। बताया जाता है कि सोनू (12) पुत्र रामनारायण दुकान से बिस्किट लेकर सड़क किनारे खड़ा था। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोनू अपने मातापिता का इकलौता पुत्र था और कक्षा पांच में पढ़ता था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




सजा सुनकर पुलिस की मौजूदगी में बाहर आता रामभवन और उसकी पत्नी दुर्गावती। अमृत विचार

मानव सभ्यता को शर्मसार कर दिया था जेई और उसकी पत्नी की करतूतों ने

# अबोध बच्चों के पोर्न वीडियो शूट करता था चित्रकूट का 'जेफरी एपस्टीन'

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग के अवर अभियंता रामभवन और उसकी पत्नी दुर्गावती की जब घिनौनी करतूत का खुलासा सीबीआई ने किया था तो पूरे जिले के लोग सन्न रह गए थे। एक सरकारी कर्मचारी की इन वासनात्मक हरकतों के जब एक के बाद एक खुलासे और सबूत सामने आए थे तो पड़ोसी लोगों ने दांतों तले अंगुलियां दबा ली थीं कि सामान्य और संयत दिखने वाला यह जेई अंदर से कितना हैवान है।

रामभवन और उसकी पत्नी दुर्गावती ने एसडीएम कालोनी स्थित अपने किराये के मकान के एक कमरे को बाकायदा शूटिंग रूम में तब्दील कर दिया था। चमकदार रोशनी और कई कैमरों के बीच अबोध बच्चों के साथ ये वासना का ऐसा नंगा नाच खेलते थे, जिसे सभ्य समाज सोच भी नहीं सकता। नाबालिग बच्चों को खिलौने, टाफी और चाकलेट का लालच देकर फांसना और फिर उनकी मासूमियत का फायदा उठाना इनकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका था। बताया जाता है कि इसमें पांच से 15 साल के बच्चे थे और ये चित्रकूट जिले के अलावा बांदा और हमीरपुर के भी थे। दंपती इन वीडियो को डार्क वेब नामक पोर्न साइट को बेचकर भारी रकम कमा रहे थे। सन् 2020 में सीबीआई ने जेई को गिरफ्तार किया था। बाद में पत्नी दुर्गावती की भी उसके इस घिनौने कृत्य में संलिप्तता पाई गई थी।



अधिवक्ताओं में भी नजर आया दोषी दंपती के खिलाफ जबर्दस्त आक्रोश। अमृत विचार

सीबीआई ने जांच के दौरान पाया था कि दंपती ने लगभग 33 मासूमों का यौन शोषण किया और उनके अश्लील वीडियो बेचे। शोषित बच्चों में ज्यादातर बालक थे। गिरफ्तारी के समय इससे लगभग आठ लाख रुपये, आपत्तिजनक वीडियो और सेक्स टॉय बरामद किए गए थे। बताया जाता है कि सीबीआई को जांच के दौरान लगभग दो लाख वीडियो और फोटो मिली थीं, जो लगभग तीन दर्जन देशों की वेबसाइटों में अपलोड थीं।

### ऐतिहासिक और सबक है फैसला: सौरभ सिंह



शासकीय अधिवक्ता सौरभ कुमार सिंह ने कहा कि यह फैसला ऐतिहासिक है और उन गंदी मानसिकता के लोगों के लिए सबक है, जो बच्चों का शोषण करते हैं। बताया कि पूरे मामले को सीबीआई ने हैंडल किया और साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने दोषी दंपती को सजा सुनाई।

### मूल रूप से बांदा जिले का निवासी

मूलरूप से बांदा के नरैनी इलाके के रहने वाले दोषी दंपती ने जिला मुख्यालय के एसडीएम कालोनी व कपसेठी इलाके में किराये पर घर ले रखे थे। यहां पर इनके द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को बहला फुसला कर लाया जाता था और उनके साथ अश्लील वीडियो बनाए जाते थे। उसकी करतूत से उसके जिले के लोग भी अवाक रह गये।

### कई बच्चे तो मरणासन्न स्थिति में पहुंच गए

- लोक अभियोजक ने बताया कि सीबीआई को पिन ड्राइव में लगभग दो लाख चाइल्ड पोर्न वीडियो मिले थे। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने आदेश दिया कि दोषी दंपती के घर से प्राप्त रकम भी पीड़ित बच्चों में बांटी जाए। इसके अलावा जुर्माने की रकम भी इनको दी जाए। बताया कि यह पूरा रैकेट था। बताया कि बच्चों की हालत खराब हो गई थी। कई चलने में असमर्थ हो गए, कई की आंखें टेढ़ी हो गईं। कई बच्चे तो मरणासन्न स्थिति में पहुंच गए थे और कई दिन अस्पताल में भर्ती रहे। सरकार को भी कोर्ट ने आदेश दिए हैं कि ऐसे मामलों पर ध्यान दिया जाए, जिससे अबोध बच्चों की जिंदगी न बर्बाद हो।

### इस तरह पकड़ा गया था आरोपी दंपती

- बताते हैं कि ऑनलाइन बाल यौन उत्पीड़न के मामलों को देख रही सीबीआई की विशेष इकाई ने इंटरनेट पर बाल अश्लील सामग्री डालने में लिप्त लोगों पर नजर रखना शुरू किया था और कुछ दिन तक आरोपी पर नजर रखने के बाद उसकी धरपकड़ की थी। सीबीआई की ऑनलाइन बाल यौन शोषण और उत्पीड़न रोकथाम/अन्वेषण ओसीएसएई की विशेष इकाई ने इसे गिरफ्तार किया था।

- 2020 में सीबीआई ने दोनों को पकड़ कर किया था खुलासा

### दिल्ली सीबीआई ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली सीबीआई ने अक्टूबर 2020 में दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सीबीआई की ओर से विशेष अभियोजक धारा सिंह ने मुकदमे की पैरवी की। विशेष न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध), 506 (आपराधिक धमकी), 120B (आपराधिक साजिश), सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67-बी तथा पॉक्सो अधिनियम, 2012 की कई गंभीर धाराओं के तहत दोषियों को दोषी ठहराया। कोर्ट ने दोषियों को मृत्युदंड और आजीवन कारावास, कठोर कारावास और भारी जुर्माने की सजा सुनाई।



चौरासी कोसी परिक्रमा में शामिल साधु-संत। अमृत विचार

## 12 दिन तक श्रद्धालु करेंगे 135 किमी की परिक्रमा

- तीर्थक्षेत्र में चौरासी कोसी परिक्रमा का शुभारंभ

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** जानकीकुंड स्थित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट से शुक्रवार को 12 दिवसीय चित्रकूट चौरासी कोसी परिक्रमा का शुभारंभ हुआ। पदयात्रा में विभिन्न राज्यों से सैकड़ों श्रद्धालु एवं संत-महंत पदयात्रा में सम्मिलित हुए। परिक्रमा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन एवं संतों के आशीर्वचन के साथ हुआ। संपूर्ण वातावरण भजन, रामनाम संकीर्तन और आध्यात्मिक उत्साह से भक्तिमय हो उठा। यह परिक्रमा प्रतिवर्ष फाल्गुन शुक्ल द्वितीया से त्रयोदशी तक श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट (बड़ी गुफा) के तत्वावधान में की जाती है। लगभग 12 दिनों में 135 किलोमीटर की यह पदयात्रा बड़ी गुफा से प्रारंभ होकर स्फटिक शिला, टाठीघाट, सती अनुसुइया, गुप्त गोदावरी, मड़फा महादेव, भरतकूप, व्यासकुंड, रैपुरवा धाम, सूरजकुंड, गणेशबाग, सिद्धपुर, कोटि-देवांगना, हनुमानधारा और रामघाट होते हुए पुनः श्री रघुवीर मंदिर पहुंचकर फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी को विश्राम प्राप्त करेगी। आयोजकों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट ने परिक्रमा अवधि के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। ट्रस्टी डा. बीके जैन, उषा जैन, इलेश जैन ने श्रद्धालुओं को परिक्रमा के लिए शुभकामनाएं दीं।

## डीसीएम से बरामद किए भैंस व पड़वे तीन गिरफ्तार

**चित्रकूट।** मारकुंडी पुलिस ने क्रूरतापूर्वक 35 भैंसों, पड़वों को लादकर ले जाने में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

19 फरवरी को एसआई अरविंद कुमार सिंह को रात में गश्त के दौरान छेरिहा गांव में मुखबिर से सूचना मिली कि इटवा डुड़ैला सीमा के पास एक डीसीएम में पशुओं के मुंह को रस्सी से बांधकर मानिकपुर की ओर ले जाया जा रहा है। पुलिस टीम ने थाना तिराहा के पास डीसीएम को पकड़ लिया। आरोपियों ने अपने नाम सब्बीर पुत्र हनीफ निवासी सचौली थाना थरियाव जिला फतेहपुर, सहीम अली पुत्र मुख्तार अहमद निवासी पूरेइलियास खोजे का पुरवा थाना हुसैनगंज जिला फतेहपुर और वीरन सिंह निवासी फतेहपुर बताए। बताया कि भैंसों, पड़वों को सतना से फतेहपुर बेचने के लिए ले जा रहे हैं। ये लोग कागजात भी नहीं दिखा पाए। पशुओं तथा वाहन को थाना परिसर में खड़ा किया गया।

## 11 सुपरवाइजरों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय रोका

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** पुष्टाहार वितरण और आधार फेस प्रमाणीकरण कार्य में लापरवाही पर जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा ने बड़ी कार्रवाई की है। विभागीय समीक्षा में जिन सेक्टरों की प्रगति 60 प्रतिशत से कम पाई गई, वहां तैनात ग्यारह सुपरवाइजरों सहित कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय रोक दिया गया है।

डीपीओ ने बताया कि शासन स्तर से लगातार निर्देश दिए जा रहे थे कि लाभार्थियों को पुष्टाहार वितरण आधार फेस मैचिंग के माध्यम से ही किया जाए कि फर्जी वितरण और अनियमितताओं पर रोक लग सके। लेकिन कई सेक्टरों में कार्य बेहद धीमा और लापरवाहीपूर्ण मिला। ब्लॉकवार समीक्षा में सामने आया कि जिले में कुल 61,299 पात्र लाभार्थियों के सापेक्ष मात्र 36,300 का ही फेस मैचिंग के साथ वितरण हुआ, जो केवल 60.63 प्रतिशत है। कई सेक्टरों में यह आंकड़ा 40 से 55 प्रतिशत के बीच ही सिमटा मिला, जिसे गंभीर लापरवाही मानते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की गई। जिन सुपरवाइजरों पर कार्रवाई हुई, उनमें भरतपुर, लोढ़वारा, बियावल, पूरबपताई, बछरन, सरधुआ, भदेहदू बिहरवां, असोह, सरैयां, ऊंचाडीह, छीबों शामिल है। कई सेक्टरों में बेहद कमजोर प्रदर्शन मिलने पर संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय रोका गया, इसमें कर्वी, मऊ, और पहाड़ी ब्लॉकों के कई सेक्टर हैं। डीपीओ पीडी विश्वकर्मा ने कहा कि पोषण वितरण सरकार की प्राथमिक योजना है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन सेक्टरों का प्रदर्शन खराब है, उन्हें अंतिम मौका दिया जा रहा है। जल्द ही दोबारा समीक्षा होगी और सुधार नहीं मिलने पर निलंबन तक की कार्रवाई की जा सकती है।

### चलती ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**चित्रकूट।** मारकुंडी रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरने से एक यात्री की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान प्रयागराज जिले के तेंदुआवन गांव निवासी कुंदन लाल पुत्र स्व. रामकुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि कुंदन लाल मध्य प्रदेश के भोपाल में नौकरी करता था और छुट्टी लेकर घर लौट रहा था। पुलिस का कहना है कि प्रथमदृष्टया मामला हादसा प्रतीत हो रहा है, अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैने अपना नाम PREM NARAIN से बदलकर PREM NARAIN PORWAL रख लिया अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। PREM NARAIN PORWAL R/0-6/854 SHIV MANDIR KE PASS, VIKAS NAGAR S-O DIST-LUCKNOW-226022 (U.P.)

**सूचना**
मैं VASEEM पुत्र श्री HASANAIN, निवासी ग्राम-58, सराय जरगर, पो0 -खारोसा, थाना- कोतवाली देहात, गोण्डा, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैने अपना नाम बदलकर WASEEM AHMAD कर लिया है, अतः आज से मुझे WASEEM AHMAD के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **इकबाल अहमद पुत्र नजीबुल हसन निवासी-गाड़ी बाजार कस्बा व तहसील करनैलगंज जनपद गोंडा** का निवासी हूँ। मेरे समस्त अभिलेख में जन्मतिथि 11/02/1991 दर्ज है, जोकि सही एवं सत्य है। भविष्य में मेरे अन्य अभिलेख का सत्यापन इसी जन्मतिथि के आधार पर माना जाए।

**सूचना**
मैं अपने बडे पुत्र रिंकू वर्मा का चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके किसी भी कृत्य से मेरा या मेरे परिवार का वास्ता सरोकार नहीं होगा, **राधेश्याम वर्मा पुत्र पारसनाथ वर्मा मोहल्ला बमपुलुस करनैलगंज, गोण्डा**

**सूचना**
मै **हरतालिका उर्फ ननकऊ पुत्र संतलाल ग्राम व पोस्ट भोजपुर जनपद रायबरेली** का मूल निवासी हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा में पालिसी संख्या 215573909 में मेरा नाम ननकऊ अंकित है जबकि मेरा नाम हरितालिका उर्फ ननकऊ के नाम से जाना पहचाना जाता हूं।

**सूचना**
मैने अपना नाम TANVEER SARA से बदलकर TANVEER ZAHARA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0- MOHAMMAD HAIDER ADD-MOHALLA JAFRABAD JALALPUR DIST-AMBEDKAR NAGAR-224149(U.P.)

**सूचना**
मै **दानिश पुत्र हासिम अली निवासी ग्राम व पो0 परियर, थाना कोतवाली सफीपुर, जनपद उन्नाव उ0प्र0,** मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स जिसका नं0-यू0पी0 35- 20230011013 है। जिसमे पिता का नाम त्रुटिवश मोहम्मद हासिम अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड, पैनकार्ड व शैक्षिक अभिभलेखो में पिता का नाम हासिम अली अंकित है जो सच व सही है। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स में मेरे पिता का नाम मोहम्मद हासिम के स्थान पर सही व वास्तविक नाम हासिम अली लिखा जावे।

**सूचना**
मैने और मेरी पत्नी ने अपने बड़े बेटे पुनीत कुमार व उसकी पत्नी चेतना के गलत चाल-चलन के कारण अपनी सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं,उपरोक्तों के कोई कृत्य,वाद- विवाद,लेन-देन से हमारे परिवार का कोई वास्ता-सरोकार नहीं होगा। **रविकांत पुत्र वेदप्रकाश,सुनीता पत्नी रविकांत,ग्राम बेटियापुर-बेर,भरथना, इटावा,यू.पी.**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथी दिवाकर रावत पुत्र श्री रामकुमार निवासी-सी-3152, राजाजीपुरम, लखनऊ का हूं। शपथी की पुत्री का सही व शुद्ध नाम आद्रीका रावत है। त्रुटिवश शपथी की पुत्री का नाम शैक्षिक अभिलेखों में आद्रीका रानावत अंकित हो गया है जो गलत है। अतः शपथी अपनी पुत्री का सही व शुद्ध नाम आद्रीका रावत अंकित कराना चाहता है। **- शपथी**

**सूचना**
मैंने अपने पौत्र पंकज पुत्र स्व. अशोक कुमार को उसके गलत बर्ताव चाल-चलन के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, अब उससे मेरा मेरी पत्नी राम प्यारी, पौत्र अंकित की पत्नी गायत्री, साधना पत्नी पंकज उसकी पुत्री अवनि आयु 10 साल, पुत्र अर्नव आयु छह साल से कोई संबंध नही है। इसके किसी कृत्य के लिए हम सब लोग जिम्मेदार नहीं हैं। **रामकृष्ण पुत्र सुबेदार, निवासी मो. कासूपेट, सांडी रोड, बिलग्राम-हरदोई**

**कार्यालय नगर पंचायत सरीला (हमीरपुर)**

पत्रांकः 329/न0पं0- सरीला/ नि0वि0/ 2025-2026 — दिनांक 19 फरवरी, 2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त फर्मो /ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सरीला द्वारा मुहाल गुरुदेवपुरा वार्ड 09 में एम0आर0एफ0 सेन्टर में मिट्टी भराई का कार्य हेतु निविदायें दिनांक 26.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत सरीला में आमंत्रित की जाती है जो अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिनांक 26.02.2026 को समय 03: 00 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगीं। जिनकी बिक्री कार्यालय नगर पंचायत सरीला में दिनांक 25.02.2026 को सायं 05.00 बजे तक की जायेगी। प्रत्येक निविदा दाता द्वारा निविदा शुल्क व 02 प्रतिशत जमानत राशि नगद /आर0टी0जी0एस0 ट्रांजेक्शन नम्बर सहित मूल प्रति कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। आनलाइन भुगतान हेतु ब्रांच सरीला के भरतीय स्टेट बैंक में नगर पंचायत के एम0बी0 फण्ड खाता सं0- 40180859960 आई0एफ0एस0सी0 कोड- SBIN0017279 में जमा की जायेगी। साथ ही 100 रू0 के स्टाम्प में स्वघोषणा पत्र, 10 रू0 के स्टाम्प में 90 दिवस निविदा वैधता शपथ पत्र व 10 रू0 के स्टाम्प पर करेक्टनेस शपथ पत्र भी निविदा के साथ मूल रूप से जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क, जमानत राशि एवं स्वघोषणा पत्र एवं शपथ पत्र मूल रूप से नगर पंचायत में ससमय न जमा करने की स्थिति में ठेकेदार की निविदा को अवैध माना जायेगा एवं प्रत्यक कार्य के लिये अलग-अलग निविदा ही मान्य होगी अन्यथा बिना कारण बताये एक अथवा सम्पूर्ण निविदायें अस्वीकार कर दी जायेगी। स्वीकार/ अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष /अधिशासी अधिकारी महादय में निहित है। नियम एवं शर्ते कार्यालय नगर पंचायत सरीला में कार्य दिवस में देखीं जा सकती है।
**नोटरू- निविदा सन्दर्भित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित विभाग/ पटल से सम्पर्क करें।**

| क्रमांक | मुहाल | कार्य का विवरण | आगणन राशि (जी0एस0टी0 रहित) | जमानत राशि (02%) | निविदा मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुरुदेवपुरा | नगर पंचायत सरीला द्वारा मुहाल गुरूदेवपुरा वार्ड 09 में एम0आर0एफ0 सेन्टर में मिट्टी भराई का कार्य । | 236000.00 | 4720.00 | 250.00 | 01 माह |

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पचायत सरीला
हमीरपुर

**अध्यक्ष**
नगर पचायत सरीला
हमीरपुर

धर्म-अध्यात्म

सुरसेन में श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ होने से पहले श्रद्धालुओं ने निकाली कलशयात्रा

# मन को शांति प्रदान करती है भागवत कथा : कृष्ण कुंडल

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** सुरसेन गांव में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने पीतवस्त्रों में सिर पर कलश रखकर पूजा अर्चना की। कथा व्यास कृष्ण कुंडल महाराज ने कहा कि आज जब मनुष्य भौतिकता की दौड़ में भटक रहा है, तब भागवत कथा मन को शांति, संयम और संस्कार प्रदान करती है।

पूरा गांव भक्तिमय माहौल में हो गया। कलश यात्रा गांव का भ्रमण करती हुई लोहदा गांव स्थित चौसठ माता मंदिर तक पहुंची, जहां विधिविधान से जल भरकर पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत यात्रा पुनः कथा स्थल पहुंची और कथा का शुभारंभ किया गया।



श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

आयोजन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण व राधारानी के स्वरूप बने बाल कलाकार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा मार्ग पर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कथा व्यास कृष्ण कुंडल महाराज ने बताया कि आज के समय में जब मनुष्य भौतिकता की दौड़ में भटक रहा है, तब भागवत कथा मन को शांति, संयम और संस्कार प्रदान करती है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं हमें कर्मयोग, भक्तियोग और प्रेम का संदेश देती हैं। कथा व्यास ने कहा कि कलश यात्रा के माध्यम से गांव में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता हैं। यह यात्रा गांव को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने का माध्यम बनी है और समाज में आपसी भाईचारा व सद्भाव को मजबूत करेगी।

उन्होंने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को कथा श्रवण कर अपने जीवन में सत्संग, सेवा और संस्कार को अपनाना चाहिए, तभी समाज में नैतिकता और शांति की स्थापना संभव है। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के दौरान प्रतिदिन प्रवचन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में धर्म, भक्ति और संस्कारों का प्रचार-प्रसार होगा।

इस मौके पर कृष्णदत्त मिश्रा, रमेशचंद्र मिश्रा, शंकर गौतम,संतोष गौतम, राजुलिया मिश्रा,डॉक्टर मिश्रा, अनोल मिश्रा, सुनील मिश्रा, ताराचंद मिश्रा,महेश्वर गौतम, विधायक पांडेय,शिवकुमार चतुर्वेदी,अतुल चतुर्वेदी,राजू तिवारी,बउवा तिवारी,सोनू गुप्ता कमासिन,दिनेश सिंह,ज्ञानेंद्र गौतम,अतुल मिश्रा समेत समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।



नरक क्या है? मेरा मानना है कि यह प्रेम करने में असमर्थ होने का दुख है।
-फ्योदोर दोस्तोवस्की, रूसी साहित्यकार



# पारदर्शी जांच की उम्मीद

महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता अजित पवार की विमान दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु ने राज्य ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी गहरी संवेदना और सवालों का वातावरण निर्मित किया। किसी भी हाई-प्रोफाइल दुर्घटना के बाद स्वाभाविक रूप से संशय और आशंकाएं जन्म लेती हैं। ऐसे में यक्ष प्रश्न यही है कि क्या दुर्घटना के वास्तविक कारण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सामने आ पाएंगे। इस संदर्भ में केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन मंत्रालय का रुख भरोसा जगाने वाला है।

दुर्घटना की जांच का दायित्व 'एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो' यानी एएआईबी को सौंपा गया है, जो अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन आईसीएओ के मानकों के अनुरूप कार्य करता है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी तरह तकनीकी, साक्ष्य-आधारित और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होगी। यह घोषणा स्वयं इस बात का संकेत है कि सरकार इस मामले को औपचारिक प्रक्रिया के रूप में नहीं, बल्कि संस्थागत विश्वसनीयता की कसौटी के रूप में देख रही है। तकनीकी स्तर पर हुई प्रगति इस प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करती है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने पुष्टि की है कि डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर या डीएफडीआर से डेटा सफलतापूर्वक डाउनलोड कर लिया गया है। यह डेटा विमान की गति, ऊंचाई, इंजन की स्थिति और पायलट के तकनीकी इनपुट्स का विस्तृत रिकॉर्ड प्रस्तुत करता है। इस आधार पर एएआईबी ने 30 दिनों के भीतर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की है। समयबद्ध रिपोर्टिंग की यह सार्वजनिक प्रतिबद्धता पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा सकती है, हालांकि कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर यानी सीवीआर से डेटा निकालने में तकनीकी चुनौतियां सामने आई हैं, विशेषकर दुर्घटना के बाद लगी आग के कारण। इसके बावजूद सरकार ने स्पष्ट किया है कि विशेषज्ञों और निर्माता कंपनी की सहायता ली जा रही है, ताकि उपलब्ध प्रत्येक तकनीकी स्रोत का उपयोग किया जा सके। यह दृष्टिकोण इस बात को रेखांकित करता है कि जांच एजेंसियां किसी भी तथ्य को अधूरा छोड़ने के पक्ष में नहीं हैं। इस बीच विपक्ष की ओर से, विशेषकर एनसीपी (एसपी) की नेता सुप्रिया सुले द्वारा पारदर्शी और औपचारिक जांच की मांग की गई है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसी मांगें स्वाभाविक हैं। उल्लेखनीय यह है कि सरकार ने इन आवाज़ों को प्रतिरोध के रूप में नहीं देखा, बल्कि जांच की निष्पक्षता और विधिक प्रक्रिया को दोहराते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। इससे यह संकेत मिलता है कि इस मामले को राजनीतिक विवाद के बजाय सार्वजनिक विश्वास के प्रश्न के रूप में लिया जा रहा है। सरकार द्वारा संबंधित विमानन संचालन और रख-रखाव प्रक्रियाओं की समीक्षा तथा आवश्यक ऑडिट की पहल भी की गई है।

कुल मिलाकर अजित पवार विमान दुर्घटना की जांच तकनीकी संस्थाओं की क्षमता और सरकार की नीयत दोनों की परीक्षा है। अब तक के संकेत, डेटा रिकवरी, समयबद्ध रिपोर्ट की घोषणा और विशेषज्ञ सहयोग, यह दर्शाते हैं कि प्रक्रिया को गंभीरता और विधिक अनुशासन के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। यह जांच न केवल सत्य को सामने लाएगी, बल्कि सार्वजनिक विश्वास को भी सुदृढ़ करेगी।

## प्रसंगवश

# इतिहास के गर्त में समाती मातृभाषाएं

दुनिया भर में अंग्रेजी भाषा के पसरते पांव और मिल रहे संरक्षण ने विश्व में बोली जाने वाली उन सैकड़ों लोक भाषाओं के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है, जो सदियों से बोली जाती रही हैं। इस परिप्रेक्ष्य में चौकानें वाला तथ्य यह है कि विलुप्त हो रही भाषाओं में भारत के तकरीबन 196 भाषाओं का अस्तित्व भी खतरे में है। गत वर्ष पहले 'भाषा रिसर्च एंड पब्लिकेशन सेंटर' द्वारा किए गए 'भारतीय भाषाओं के लोक संरक्षण' की रिपोर्ट से उजागर हुआ था कि विगत 50 वर्षों में भारत में बोली जाने वाली 850 भाषाओं में तकरीबन 250 भाषाएं विलुप्त हो चुकी हैं। इनमें भी 130 से अधिक भाषाओं का अस्तित्व तो पूरी तरह खतरे में है। इस शोध के मुताबिक असम की 55, ओडिसा की 47, त्रिपुरा की 10, महाराष्ट्र एवं गुजरात की 50, मेघालय की 31, मणिपुर की 28, नागालैंड की 17 और त्रिपुरा की 10 भाषाएं मरने यानी खत्म होने के कगार पर हैं। इन्हें बोलने वालों की संख्या लगातार घट रही है। उदाहरण के तौर पर सिक्किम में माझी बोलने वालों की संख्या सिर्फ चार रह गई है। इसी तरह कई अन्य लोक भाषाओं के बोलने वालों की तादाद ऊंगली पर है।



अरविंद जयतिलक
लेखक


गौर करें तो यह लोक भाषाओं के अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती है। चूंकि भारत भाषायी विविधता से समृद्ध देश है और लोक भाषाएं लोक संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती हैं, ऐसे में उनका संरक्षण और भी अधिक जरूरी हो जाता है, लेकिन विडंबना है कि भाषाओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ने के बजाए उदासीनता ज्यादा है। गौर करें तो भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर भी लोक भाषाएं तेजी से विलुप्त हो रही हैं। गत वर्ष पहले मैक्सिको की पुरानतम भाषाओं में से एक अयापनेको के विलुप्त होने की खबर अच्छी खासी चर्चा में रही, इसलिए कि अयापनेको भाषा को जानने और बोलने वाले लोगों की संख्या विश्व में महज दो रह गई है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इन शेष दो लोगों ने भी ठान लिया है कि वह आपस में इस भाषा के जरिए वार्तालाप नहीं करेंगे। मतलब साफ है कि अयापनेको भाषा का अस्तित्व मिटने जा रहा है।

विश्व की हर भाषा की अपनी ऐतिहासिकता और गरिमा होती है। प्रत्येक समाज अपनी भाषा पर गर्व करता है। अयापनेको भाषा की भी अपना एक विलक्षण इतिहास रहा है। इस भाषा को मैक्सिको पर स्पेनिश विजय का गवाह माना जाता है, लेकिन विडंबना है कि जिस अयापनेको भाषा को युद्ध, क्रांतियां, सूखा और बाढ़ लील नहीं पाया वह आज अपने ही लोगों की संवेदनहीनता के कारण अस्तित्व के दौर से गुजरने को मजबूर है। इन सबके बीच सुखद बात यह है कि इंडियाना विश्वविद्यालय के भाषायी नृविज्ञानी अयापनेको भाषा का शब्दकोष बनाकर उसे विलुप्त होने से बचाने की जुगत कर रहे हैं। पर देखा जाए तो भाषाओं के विलुप्त होने की समस्या सिर्फ अयापनेको तक ही सीमित नहीं है। विश्व के तमाम देशों में बोली जाने वाली अन्य स्थानीय भाषाएं भी दम तोड़ रही हैं।

दुनियाभर में तकरीबन 6900 भाषाएं बोली जाती हैं। इनमें से 2500 से अधिक भाषाओं के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। नतीजा इन्हें 'भाषाओं की चिंताजनक स्थिति वाली भाषाओं की सूची' में रखने के लिए मजबूर होना पड़ा है। गत वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा कराए गए एक तुलनात्मक अध्ययन से खुलासा हुआ कि 2001 में विलुप्तप्रायः भाषाओं की संख्या जो 900 के आसपास थी, वह आज बढ़कर तीन गुना के पार पहुंच चुकी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# प्रमाणन की होड़ में दम तोड़ती अकादमिक गुणवत्ता





डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

गलगोटिया यूनिवर्सिटी में रोबोडॉग के प्रदर्शन से जुड़ा हालिया विवाद सोशल और मुख्यधारा मीडिया में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। सतह पर यह मामला उपयुक्तता, प्राथमिकताओं या कैंपस संस्कृति से जुड़ा प्रतीत होता है, लेकिन वास्तविकता में यह भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में वर्षों से पनप रहे एक गहरे और संरचनात्मक संकट का केवल एक लक्षण है। समस्या रोबोडॉग नहीं है। समस्या यह है कि हमारे विश्वविद्यालय धीरे-धीरे क्या बनते चले गए हैं।

पिछले दो दशकों में भारत में उच्च शिक्षा का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। निजी विश्वविद्यालयों, स्ववित्तपोषित कॉलेजों और डिग्री संस्थानों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। इस विस्तार को अक्सर 'शिक्षा तक पहुंच बढ़ने' और 'जनसांख्यिकीय लाभ' के रूप में प्रस्तुत किया गया, लेकिन जब यह विस्तार समानांतर नियमन, अकादमिक कठोरता और जवाबदेही के बिना हुआ, तो इसकी क़ीमत गुणवत्ता को चुकानी पड़ी। परिणाम यह हुआ कि मात्रा बढ़ी, पर गुणवत्ता गिरती चली गई।

आज देश के अधिकांश (हालांकि सभी नही) निजी विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेज शिक्षा के केंद्र कम और डिग्री वितरण केंद्र अधिक बन गए हैं। शिक्षा एक बौद्धिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लेन-देन बनती जा रही है। पैसे के बदले डिग्री। उपस्थिति, अकादमिक भागीदारी, प्रयोगशाला कार्य और बौद्धिक अनुशासन जैसी बातें अब अनिवार्य नहीं रहीं, बल्कि समझौते के दायरे में आ गई हैं। जो कभी उच्च शिक्षा में गैर-समझौतावादी हुआ करता था, वह अब लचीला, कमजोर और विकृत हो चुका है।

यह गिरावट विशेष रूप से उन विषयों में चिंताजनक है, जहां कठोरता अनिवार्य है। सैद्धांतिक पढ़ाई का कमजोर होना एक बात है, लेकिन विज्ञान शिक्षा का खोखला हो जाना कहीं अधिक गंभीर है। आज स्थिति यह है कि छात्र बिना नियमित कक्षाओं में गए और बिना प्रयोगशाला में व्यावहारिक प्रशिक्षण लिए विज्ञान जैसे विषयों में स्नातक और परास्नातक डिग्रियां प्राप्त कर रहे हैं। प्रयोगात्मक कार्य, जो कभी वैज्ञानिक प्रशिक्षण की रीढ़ हुआ करता था, अब औपचारिकता बनकर रह गया है। डिग्रियां तो दी जा रही हैं, लेकिन दक्षता सुनिश्चित नहीं की जा रही।

इस खोखलेपन के परिणाम तब स्पष्ट होते हैं, जब छात्र नौकरी के लिए सामने आते हैं। रसायन विज्ञान में परास्नातक छात्र बुनियादी वैज्ञानिक अवधारणाएं नहीं समझा पाता। कॉमर्स स्नातक डेबिट और क्रेडिट की मूल अवधारणा स्पष्ट नहीं कर पाता। प्रबंधन की डिग्री रखने वाला छात्र समस्या-समाधान और आलोचनात्मक सोच में कमजोर दिखाई देता है। ये कोई इक्का-दुक्का उदाहरण नहीं, बल्कि उद्योग जगत द्वारा बार-बार देखी जा रही सामान्य प्रवृत्तियां हैं। स्वाभाविक रूप से इससे छात्रों और अभिभावकों में निराशा पैदा होती है। वर्षों की पढ़ाई और भारी आर्थिक निवेश के बावजूद जब रोजगार नहीं मिलता, तो सवाल उठते हैं। माता-पिता यह पूछने में बिल्कुल सही होते हैं कि पढ़ाई के बाद भी बच्चा बेरोज़गार क्यों है? रोजगार सृजन एक नीतिगत चुनौती है, लेकिन यह विमर्श एक असहज सच्चाई को नज़रअंदाज़ कर देता है कि बड़ी संख्या में स्नातक वास्तव में रोजगार-योग्य ही नहीं हैं।

यहीं से मूल प्रश्न जन्म लेता है। यदि छात्रों में आवश्यक ज्ञान और कौशल नहीं है, तो उन्हें योग्य घोषित करने वाली डिग्रियां उन्हें कैसे मिल गईं? ऐसी संस्थाओं को बिना अकादमिक गुणवत्ता सुनिश्चित किए प्रमाणपत्र बांटने की अनुमति किसने दी? इसका उत्तर हमें उच्च शिक्षा के नियामक ढांचे में मिलता है। भारत में उच्च शिक्षा की देखरेख कई मंत्रालयों, विभागों और नियामक संस्थाओं द्वारा की जाती है, जिनका घोषित उद्देश्य मानकों की रक्षा, गुणवत्ता सुनिश्चित करना और अकादमिक ईमानदारी बनाए रखना है।

मान्यता प्रणालियां, निरीक्षण, मूल्यांकन और अकादमिक ऑडिट इसी उद्देश्य से बनाए गए थे, लेकिन व्यवहार में ये प्रक्रियाएं अक्सर वास्तविक मूल्यांकन के बजाय औपचारिक अनुष्ठान बनकर रह गई हैं। निरीक्षण प्रायः पूर्व-निर्धारित होते हैं। दस्तावेज़ औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए सजाए जाते हैं। इमारतों और बुनियादी ढांचे को शिक्षण गुणवत्ता पर प्राथमिकता दी जाती है। अनुपालन को सीखने के परिणामों से ऊपर रखा जाता है। छात्रों का वास्तविक अकादमिक अनुभव, शिक्षण की गुणवत्ता, परीक्षा की कठोरता और जिज्ञासा की संस्कृति, इन पर गंभीर और निरंतर निगरानी शायद ही होती है। नतीजतन, संस्थान शिक्षा सुधारने के बजाय नियामकों को 'मैनेज' करना सीख लेते हैं।

इस नियामक शिथिलता ने एक दुष्चक्र को जन्म दिया है। संस्थान न्यूनतम अकादमिक जवाबदेही के साथ चलते रहते हैं, नियामक निगरानी का आभास बनाए रखते हैं और डिग्रियां लगातार जारी होती रहती हैं। इस व्यवस्था की क़ीमत न तो संस्थान चुकाते हैं, न ही नियामक बल्कि छात्र, नियोक्ता और समाज चुकाता है। विडंबना यह है कि एक ओर उद्योग जगत योग्य मानव संसाधन की कमी की शिकायत करता है, वहीं दूसरी ओर देश शिक्षित बेरोज़गारी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। यह कोई विरोधाभास नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का स्वाभाविक परिणाम है, जहां प्रमाणपत्र को क्षमता से ऊपर रखा गया है। कंपनियां नए कर्मचारियों को फिर से प्रशिक्षित करने पर भारी ख़र्च करने को मजबूर हैं, जबकि युवा पेशेवर आत्मविश्वास की कमी और करियर ठहराव से जूझते हैं। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा शिकार वे ईमानदार और प्रतिभाशाली छात्र हैं, जो अक्सर विकल्पों की कमी या भ्रामक ब्रांडिंग के कारण औसत संस्थानों में दाख़िला ले लेते हैं। वे मेहनत करते हैं, सीखना चाहते हैं, लेकिन अंततः उन्हें अपनी काबिलियत से ज़्यादा अपनी मार्कशीट पर दर्ज संस्थान के नाम का बोझ उठाना पड़ता है। उनकी व्यक्तिगत योग्यता संस्थागत विश्वसनीयता की कमी में दब जाती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

गलगोटिया यूनिवर्सिटी में रोबोडॉग के प्रदर्शन से जुड़ा विवाद की उच्च शिक्षा व्यवस्था में वर्षों से पनप रहे एक गहरे और संरचनात्मक संकट का केवल एक लक्षण है।

## आमने सामने



रमजान के नाम पर बेवजह लाउडस्पीकर बजाकर बच्चों की पढ़ाई और बीमार लोगों की सेहत से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों और सरकारों की ओर से बनाए गए कानून का पालन करना चाहिए। मुझे अजान से दिक्कत नहीं है।
-बालमुकुंद आचार्य
बीजेपी विधायक, राजस्थान

बीजेपी विधायक खुद ही एक लाउडस्पीकर हैं, जो हमेशा नफरती बोल बोलते रहते हैं। इन्हें दूसरों से क्या परेशानी होगी, ये तो खुद सड़क से लेकर विधानसभा सदन तक लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। आचार्य बीजेपी की ही भाषा बोल रहे हैं।
-घनश्याम महर
कांग्रेस विधायक
राजस्थान



# राज्यों के चुनाव और भाजपा की स्थिति



डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

इस साल केरल, असम, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भाजपा की सरकार है तो पुडुचेरी में भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए सत्ता में है। भाजपा इन राज्यों की सत्ता में पुनः वापसी करने की भरपूर कोशिश कर रही है, तो पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के हाथों से सत्ता छीन कर वहां पहली बार सरकार बनाने का सपना संजोए हुए है। पार्टी को उम्मीद है कि वह केरल और तमिलनाडु में मजबूत स्थिति में उभरेगी। इन राज्यों के चुनाव भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के लिए भी चुनौती हैं, क्योंकि उनकी ताजपोशी के बाद पहला चुनाव होने जा रहा है। इन चुनावों में उनके रणनीतिक कौशल का भी प्रदर्शन होगा।

बिहार में मिली अभूतपूर्व सफलता से भाजपा उत्साहित है। पार्टी के रणनीतिकारों को लगता है कि इस बार वे पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज हो जाएंगे। माना जा रहा है कि बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं। पार्टी वहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मुस्लिम तुष्टीकरण के आरोप भी लगाती रही है। इसी को मुद्दा बनाकर भाजपा ने वहां मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने के प्रयास शुरू किए हैं।

तृणमूल कांग्रेस को लगता है कि वह जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर पुनः सत्ता पा लेगी, हालांकि वहां भाजपा की निगाहें अभी कांग्रेस और वामपंथी दलों के कदम पर टिकी हुई हैं। कांग्रेस अभी ममता बनर्जी के साथ भी गठजोड़ करने को आतुर दिख रही है, लेकिन अभी उसे कोई भाव नहीं मिला है। कांग्रेस चाहेगी कि इस चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराए, पर यह तभी संभव है, जब उसका वामपंथी दलों या ममता की पार्टी के साथ गठजोड़ हो।

भाजपा को भी पार्टी के आतंरिक कलह को खत्म करना होगा। ऐसे कई वरिष्ठ नेता हैं, जो नाराज हैं। उन्हें लगता है कि दूसरे दलों से आए नेताओं को भाव ज्यादा मिल रहा है और उन्हें किनारे किया जा रहा है। इसका लाभ ममता बनर्जी को पिछले चुनाव में मिला था। आतंरिक कलह खत्म हो, इसके लिए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रणनीतिकार पूरी शिद्दत से काम कर रहे हैं। यह आंतरिक कलह ही बड़ी चुनौती है। 2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 213 सीटें जीतीं थीं, जबकि भाजपा को 77 सीटों से संतोष करना पड़ा था। भाजपा यहां कांग्रेस के मतदाताओं पर भी निगाह लगाए हुए है।

बात अगर असम की करें, तो यहां की सत्ता में भाजपा की तीसरी बार वापसी हो सकती है। मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सर्मा के आक्रामक हिंदुत्व वाले दांव से विरोधी परेशान हैं। 2021 में 75 सीटें जीतने वाले बीजेपी गठबंधन को इस बार और अधिक सीटें मिलने की उम्मीद है। यहां पार्टी एकजुट नजर आती है, लेकिन कांग्रेस को लगता है कि वह सत्ता विरोधी लहर का लाभ उठा सकती है, इसीलिए वहां प्रियंका गांधी और राहुल गांधी अभी से सक्रिय हो गए हैं। कांग्रेस यहां गौरव गोगोई के नेतृत्व में चुनाव लड़ने को तैयार है, तो हिमंता लगातार गौरव गोगोई को भारत विरोधी सिद्ध करने में लगे हुए हैं।

मुस्लिम वोटों के दम पर वहां मजबूती से डटी एआईयूडीएफ अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का मुद्दा उठाकर भाजपा को घेर रही है। भाजपा को लगता है कि यह मुद्दा जितना दमदारी से उठेगा, उसे सत्ता वापसी करने में उतनी ही आसानी होगी। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन जल्द ही इस राज्य का दौरा कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के कई दौरे यहां हो चुके हैं।

तमिलनाडु में एमके स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके की सरकार है। भाजपा यहां अन्नाद्रमुक के साथ उन्हें सत्ता से हटाने के लिए लड़ रही है। डीएमके का कांग्रेस से गठजोड़ है। उम्मीद लगाई जा रही है कि यह गठबंधन टूट जाएगा। यदि ऐसा होता है, तो भाजपा और अन्नाद्रमुक के लिए बड़ा फायदा होगा। यहां बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। इस मुद्दे को भाजपा और उसके सहयोगी दल उभार रहे हैं, तो सबसे बड़ी चुनौती अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके भी पेश कर रही है। कांग्रेस इस चुनाव में अभिनेता विजय के साथ मैदान में उतरना चाहती है। यहां भाजपा हिंदुत्व के मुद्दे को उभार रही है।

केरल में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट सत्ता में है। इस फ्रंट ने 2021 में 99 सीटें जीतीं थीं। यहां मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन बड़ी चुनौती है, लेकिन भाजपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटी है। यहां भी भाजपा हिंदुत्व के सहारे है, तो पुडुचेरी में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के मुखिया एन. रंगासामी मुख्यमंत्री हैं। भाजपा को यहां यकीन है कि वह पुनः सत्ता में वापसी करेगी, हालांकि इस राज्य में मुद्दा हिंदुत्व नहीं, बल्कि विकास का है और इसी मुद्दे पर भाजपा और उसके सहयोगी दल मैदान में हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

इस साल होने वाले पश्चिम बंगाल के चुनाव में बीजेपी जीत का परचम लहराना चाहती है, लेकिन यहां पार्टी का अंतर्कलह उसके लिए सर दर्द है।

## सोशल फोरम

# फागुन पूर्णिमा का बसंतोत्सव

फागुन का महीना हिंदी भाषी प्रदेशों में होली की मस्ती लेकर आता है। ठंड की विदाई की घोषणा होली के दिन के साथ ही मानी जाती है। रंगों और फूलों के इस मौसम से भला गुरुदेव रवींद्रनाथ का स्वप्न-संसार शांति निकेतन कैसे अछूता रहता। स्वयं गुरुदेव ने बसंत का स्वागत करने के लिए आश्रम के निवासियों के लिए बसंतोत्सव का आरंभ किया। हर साल यह फाल्गुन पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।



सुधा सिंह
शिक्षाविद्

गुरुदेव ने अपने संस्मरण में लिखा है, 'शांति निकेतन आकर ही मैं अपने जीवन में पहले पहल विश्व-प्रकृति के बीच उन्मुक्त हो सका था।' शांति निकेतन में प्रकृति अपने स्वच्छंद रूप में दिखती है, लेकिन यह उन्मुक्तता यहां अपने संपूर्ण रूप में बसंतोत्सव के दिन मुखरित दिखाई देती है।

बसंतोत्सव की प्रतीक्षा अन्य सभी आश्रमवासियों की तरह मुझे भी होती थी। इस समय सारा वातावरण ही तरह-तरह के फूलों और पत्तों से मह-मह करता है। मेरे अत्यंत पुराने और उसी अनुपात जर्जर दो तल्ले के घर, जिसका नाम 'प्राक्तनी' था, के सामने एक बहुत बड़ा बागान था। इसमें कई तरह के पेड़-पौधे लगे हुए थे- आम, शरीफा, बेर, अमरूद, जामुन आदि के पेड़ तथा रातरानी, छातिम, कचनार, रक्तजवा आदि फूलों के पौधे थे।

प्रवेशद्वार पर लोहे के फाटक के ठीक दोनों तरफ दो पलाश के बड़े-बड़े पेड़ थे, जो फागुन के महीने में लाल-लाल दहक कर पूरे परिवेश पर अपना वर्चस्व क़ायम कर लेते थे। सड़क के उस पार ठीक सामने उतने ही बड़े बागान के बीच बना छोटा-सा सादा और सुंदर अमृता सेन (अमर्त्य सेन की मां) का घर 'प्रतीची' है।

बसंतोत्सव की उद्घोषणा के पंद्रह-बीस रोज पहले से मेरे घर के लोहे के फाटक के दोनों ओर लगे इस पेड़ की पहरेदारी जैसी करनी पड़ती थी। सारे प्रयत्नों के बाद भी दोल या बसंतोत्सव के दिन सुबह-सुबह उठने पर एक ही नजारा हुआ करता था, बेचारे पलाश वृंतच्युत हो चुके होते थे। नंगी डालियां और जमीन पर नुचे-गिरे कुछ पलाश के फूल अमूमन यही दृश्य होता था। ऐसा इसलिए होता था कि कालिदास की शकुंतला की तरह या पुरा-मिथकों की अप्सराओं-किन्नरियों की तरह रूपसी शांति निकेतनी बालाओं का साज-सिंगार बसंतोत्सव के दिन लाल पलाश के फूल ही होते थे। उनकी बासंती रंग की साड़ी और शांति निकेतनी उत्तरीय के साथ हाथ, गले, कान और केश-सभी में गहनों का स्थानापन्न पलाश के फूल बनते थे। इस कारण बाजार में इनकी मांग बढ़ जाती थी। -फेसबुक वॉल से



## सामयिकी

# कदम-कदम पर पहचान के लिए लड़ती स्त्री

हर शाम जब वह अपने दफ़्तर से लौटकर घर का दरवाज़ा खोलती है, तो केवल ताला नहीं खुलता, बल्कि समाज की संदेहभरी निगाहें भी उसके साथ भीतर प्रवेश कर जाती हैं। वह शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरी एक आधुनिक महिला है, जो अपनी गाड़ी स्वयं चलाती है। किताबों में सुकून तलाशती है और अपने सपनों की दुनिया खुद गढ़ती है, लेकिन समाज की नजर में उसकी यह सफलता सम्मान का कारण नहीं बनती, बल्कि उसे 'समस्या' का रूप दे देती है। आज लाखों महिलाएं अविवाहित, तलाकशुदा या विधवा होकर आत्मसम्मान से जी रही हैं, फिर भी उन्हें अधूरा मान लिया जाता है। मानो विवाह ही स्त्री के अस्तित्व की अंतिम स्वीकृति हो। यही सीमित सोच उन्हें सराहना के बजाय संदेह और सवालों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

यह मानसिकता अचानक उत्पन्न नहीं हुई, बल्कि सदियों पुरानी परंपराओं की गहराइयों से निकली है। समाज ने स्त्री को सदैव किसी न किसी पुरुष की छाया में देखने की आदत बना ली है। पिता, पति और पुत्र, इन्हीं के माध्यम से उसके जीवन की पहचान तय कर दी गई। आज भी अनेक परिवार विवाह को ही स्त्री की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार शहरो में अविवाहित महिलाओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, फिर भी सामाजिक सोच अब तक पिछड़ेपन से मुक्त ीं हो सकी है। स्वतंत्र और आत्मनिर्भर महिला को व्यवस्था के लिए खतरा माना जाता है, क्योंकि वह पारंपरिक सत्ता संरचना को चुनौती देती है और स्थापित मान्यताओं को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा कर देती है।



कृति जैन
लेखिका

इस भय का सबसे गहरा प्रभाव महिलाओं के रोज़मर्रा के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मकान मालिक उन्हें किराए पर घर देने से हिचकिचाते हैं, पड़ोसी कानाफूसी करते हैं और रिश्तेदार बार-बार विवाह की याद दिलाकर मानसिक दबाव बढ़ाते हैं। कार्यस्थल पर भी उन्हें अलग दृष्टि से देखा जाता है, मानो उनकी योग्यता नहीं, बल्कि उनका वैवाहिक दर्जा ही उनकी पहचान हो। पुरुषों का अविवाहित रहना सामान्य माना जाता है, किंतु किसी महिला का अकेले रहना उसके चरित्र पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां अविवाहित या विधवा महिलाओं को सामाजिक बहिष्कार और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। यह दोहरा मापदंड धीरे-धीरे महिलाओं की आत्मविश्वास और मानसिक शक्ति को कमजोर करने का माध्यम बन जाता है।

अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं। व्यवस्था अब तक यही मानकर चलती है कि महिला का जीवन किसी पुरुष के सहारे ही पूर्ण होता है। जब वह अपने बल पर आगे बढ़ती है, तो उसे अपवाद की तरह देखा जाता है। यह मानसिकता वास्तव में पितृसत्ता की असुरक्षा को उजागर करती है। पुरुष-प्रधान व्यवस्था को भय है कि यदि महिलाएं बिना किसी सहारे के सफल हो गईं, तो नियंत्रण और प्रभुत्व की दीवारें स्वतः ढह जाएंगी। इसी कारण अविवाहित रहना आज केवल निजी पसंद नहीं, बल्कि एक सशक्त सामाजिक विद्रोह बन चुका है। जब कोई महिला स्पष्ट कहती है कि उसे अभी या कभी विवाह नहीं करना, तो वह परंपराओं को सीधी चुनौती देती है। वह यह सिद्ध करती है कि पहचान केवल पत्नी या मां बनकर ही नहीं बनती। यह विद्रोह दहेज, घरेलू हिंसा और भावनात्मक शोषण जैसी कुरीतियों के विरुद्ध भी आवाज़ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# समुद्र का सौंदर्यपूर्ण संगम
# मुरुदेश्वर

मुरुदेश्वर कर्नाटक राज्य में अरब सागर के किनारे स्थित भटकल नगर से 13 किमी दूर स्थित उत्तर कन्नड़ जिले का एक धार्मिक और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध नगर है। यहां विश्व की दूसरी सबसे बड़ी 123 फिट ऊंची भगवान शिव की मूर्ति स्थापित है। इसे अरब सागर में बहुत दूर से देखा जा सकता है। इस मूर्ति को इस तरह बनाया गया है कि सूरज की किरणें पड़ने से यह चमकती रहे। इसे बनाने में दो साल लगे थे और शिवमोग्गा के काशीनाथ और अन्य मूर्तिकारों ने बनाया था।







आचार्य अमरेश मिश्र
पीठाधीश्वर शकुंतला शक्ति पीठ विकास नगर, कानपुर

बेंगलुरु से मुरुदेश्वर पहुंचने के लिए हमने ट्रेन का चुनाव किया। रोज शाम 6.50 बजे बेंगलुरु से चलने वाली पंचगंगा एक्सप्रेस दूसरे दिन सुबह छह बजे मुरुदेश्वर पहुंचा देती है। मंदिर स्टेशन के पास ही स्थित है, लेकिन हमने पहले होटल पहुंचने का निश्चय किया। मुरुदेश्वर का सागरतट काफी खूबसूरत माना जाता है। पर्यटकों को यहां धार्मिक स्थल के साथ प्राकृतिक सुंदरता का आनंद भी मिलता है। कंदुका पहाड़ी पर, तीन ओर से पानी से घिरा मुरुदेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यहां भगवान शिव का आत्मलिंग स्थापित है। यहां का राजा गोपुरा या राज गोपुरम विश्व में सब से ऊंचा गोपुरा माना जाता है। यह 20 मंजिल के बराबर करीब 249 फीट ऊंचा है। इस विशाल मीनार जैसे गोपुरम में लिफ्ट लगी है, जिसके ऊपर से अरब सागर और भगवान शिव की प्रतिमा का अद्भुत नजारा नजर आता है। इस गोपुरम को एक स्थानीय व्यवसायी ने बनवाया था। द्वार पर दोनों तरफ सजीव हाथी के बराबर ऊंची हाथी की मूर्तियां बनी हैं। मंदिर में दर्शन के लिए जींस-टीशर्ट की मनाही है। मुरुदेश्वर मंदिर हिंदू स्थापत्य शैली (द्रविड़ शैली) में बना है, जिसमें चालुक्य और काम्बा राजवंश की मूर्तिकला-शैली और ग्रेनाइट निर्माण देखने योग्य है। यहां अब पर्यटकों की बढ़ती संख्या देखते हुए स्कूबा डाइवंग और वॉटर स्पोर्टस के भी इंतजाम किए गए हैं।

## पौराणिक कथा


मुरुदेश्वर मंदिर में भगवान शिव का आत्मलिंग स्थापित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, रावण ने अमरता का वरदान पाने के लिए भगवान शिव की कठिन तपस्या की। इससे प्रसन्न भगवान शिव ने उसे एक शिवलिंग दिया, जिसे 'आत्मलिंग' कहा जाता है। शिव ने कहा कि अगर तुम अमर होना चाहते हो, तो इसे लंका ले जाकर स्थापित कर देना, लेकिन एक बात ध्यान रखना कि इसे जिस स्थान पर रख दोगे, ये वहीं स्थापित हो जाएगा। रावण के अजेय होकर पृथ्वी को नष्ट करने की आशंका से भयभीत होकर नारद तुरंत गणेश जी के पास पहुंचे और एक योजना बनी। रावण संध्याकाल में विशेष उपासना करता था। जब वह गोकर्ण के पास था, तब भगवान विष्णु ने अपनी शक्ति से संध्याकाल का भ्रम उत्पन्न किया। गणेश जी ब्राह्मण बालक के रूप में रावण के सामने पहुंचे। रावण ने उनसे प्रार्थना समाप्त होने तक आत्मलिंग को थामे रखने का अनुरोध किया, लेकिन गणेश जी ने आत्मलिंग को धरती पर रख दिया। इसी बीच विष्णु ने अपना सुदर्शन चक्र हटा लिया, जिससे रावण ने सूर्य का प्रकाश देखा और खुद को ठगा हुआ महसूस किया। उसने आत्मलिंग को हटाने का बहुत प्रयास किया पर वह स्थापित हो चुका था।

## पास ही में घूम सकते हैं फोर्ट

मुरुदेश्वर मंदिर के बाद मुरुदेश्वर फोर्ट घूमने जा सकते हैं। मंदिर के पास होने के कारण बड़ी संख्या में सैलानी यहां जाते हैं। इस फोर्ट के ऊपर से सामने सिर्फ नीले रंग का पानी ही पानी दिखाई देता है। इस फोर्ट का इतिहास विजयनगर साम्राज्य के राजाओं से जोड़ा जाता है। कहा जाता है कि टीपू सुल्तान के बाद किसी ने भी मुरुदेश्वर फोर्ट का जीर्णोद्धार नहीं कराया। फोर्ट का कुछ हिस्सा अब खंडहर में तब्दील हो चुका है।

## कैसे पहुंचें

मुरुदेश्वर से मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 165 किलोमीटर दूर स्थित है। हवाई अड्डे से टैक्सी या बस से मुरुदेश्वर जा सकते हैं। रास्ते में हरे-भरे वातावरण और तटीय परिदृश्यों के मनोरम दृश्य देखने को मिलते हैं। मुरुदेश्वर में रेलवे स्टेशन भी है, जो मंगलुरु, बेंगलुरु और मुंबई से जुड़ा है। रेलवे स्टेशन से ऑटो-रिक्शा से मंदिर पहुंच सकते हैं। मुरुदेश्वर के लिए मंगलुरु, उडुपी और बेंगलुरु जैसे शहरों से नियमित बस सेवाएं उपलब्ध हैं। कार से यात्रा करने पर एनएच-66 से सफर करते हुए अरब सागर के किनारे मनोरम दृश्यों का आनंद उठा सकते हैं।



---

जॉब का पहला दिन

# जब सपना बना सकारात्मक परिवर्तन का संकल्प



कृष्ण कुमार मिश्र
प्रधानाचार्य, अयोध्या

मेरा बचपन से ही शिक्षक बनने का सपना था। विद्यालय के दिनों में जब मैं अपने गुरुओं को श्रद्धा और सम्मान के साथ देखता, तो मन में यही आकांक्षा जन्म लेती कि एक दिन मैं भी ज्ञान का दीप प्रज्वलित करूंगा। वह स्वप्न 4 जुलाई 1994 को साकार हुआ, जब मैंने अपने शिक्षकीय जीवन की पहली पारी शुरू की। वह दिन आज भी स्मृतियों में उसी ताजगी के साथ अंकित है।

पहले दिन मैं ऊर्जा, उत्साह और हल्की-सी घबराहट के मिश्रित भावों से भरा विद्यालय पहुंचा। परिसर में प्रवेश करते ही बच्चों की चहचहाहट और प्रार्थना की धुन ने मन को अद्भुत सुकून दिया। प्रार्थना सभा में जब मेरा परिचय समस्त विद्यार्थियों और शिक्षकों से कराया गया, तो हृदय गर्व से भर उठा। उसी क्षण मुझे कक्षा अध्यापक का दायित्व भी सौंपा गया। यह विश्वास मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ उत्तरदायित्व का संकेत था।

सभा के उपरांत शिक्षा अधिकारी श्री जीपी वंतू ने मुझे अपने कक्ष में बुलाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए मेरी शक्तियों और कमजोरियों के बारे में पूछा। मैंने निस्संकोच कहा कि अनुशासन और नैतिक मूल्यों के प्रति मेरी दृढ़ आस्था मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। साथ ही स्वीकार किया कि कभी-कभी शीघ्र क्रोध आ जाना मेरी कमजोरी रही है, पर मैं स्वयं को निरंतर सुधारने का प्रयास करता रहूंगा। मेरी स्पष्टवादिता से वे संतुष्ट दिखे और मुझे शुभकामनाएं दीं। पहली बार जब मैं



अपनी कक्षा में पहुंचा, तो उत्सुक निगाहें मुझे देख रही थीं। मैंने औपचारिकता छोड़कर संवाद का रास्ता चुना। बच्चों से उनके सपनों, रुचियों और खेलकूद के बारे में बात की। खेल मेरा प्रिय क्षेत्र रहा है और इसी माध्यम से विद्यार्थियों से आत्मीय संबंध स्थापित करने की शुरुआत हुई। मुझे लगा कि शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों के संवर्धन से भी गहराई से जुड़ा है। उस दिन घर लौटते समय मन में संतोष और संकल्प दोनों थे।

संतोष इस बात का कि मेरा स्वप्न साकार हुआ और संकल्प इस बात का कि मैं अपने विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का कारण बनूंगा। रात को देर तक मैं उसी दिन की घटनाओं को याद करता रहा और भविष्य की योजनाएं बनाता रहा। सचमुच, वह पहला दिन मेरे जीवन की दिशा तय करने वाला अविस्मरणीय अध्याय बन गया।

---

# बैगपाइप: पहाड़ों की सांसों में बसा सुर



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

आप पहाड़ की शांत सुरम्य वादियों में हों और दूर कहीं कोई छोटा सा गांव बसा हो। अचानक वहां से सुरीली सी स्वर लहरियां आकर हवा में बिखरने लगें, तो सोचिए कितना सुंदर अनुभव होगा। ऐसा ही अनुभव होता है बैगपाइप को सुनकर यानी हमारी भाषा में मशक बीन या जिसे बीन बाजा भी कहते हैं। मशक बीन जैसे ही अपने स्वर बिखेरती है, तो पहाड़ जीवंत होने लगते हैं, पत्ता-पत्ता मुस्कराने लगता है और फूलों में निखार आ जाता है। अंग्रेज भारत आए और अपने साथ ग्रेट ब्रिटेन के उत्तरी भाग में स्थित स्कॉटलैंड का वाद्य यंत्र बैगपाइप भी साथ लाए। फिर ब्रिटिश आर्मी के बैंड में इसे इस्तेमाल किया गया। आर्मी में शामिल भारतीय सैनिकों को भी इसे सीखने का अवसर मिला।

प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भी भारतीय सैनिकों ने इसका खूब अभ्यास किया। यह बैगपाइप भारत का खासकर कुमाऊं और गढ़वाल का होकर रह गया, शायद इसलिए कि स्कॉटलैंड की आबोहवा और प्रकृति उत्तराखंड के सुरम्य वातावरण से काफी हद तक मेल खाती है। संगीत यूं भी भौगोलिक सीमाओं और सात समंदर की दूरियों को नहीं जानता। हमारे लोक संगीत के साथ इसका अटूट नाता बन गया। मशक बीन का साथ मिला, तो लोकगीतों की ध्वनि मशक बीन के माध्यम से निकालने लगी। यह इतना लोकप्रिय हुआ कि इसने यहां के कई परंपरागत वाद्य यंत्रों को पीछे छोड़ दिया। इसे मशक बीन का नाम दिया गया।

मशक यानी पानी की थैली। बचपन में मैदानी क्षेत्रों में भिश्ती को मशक लेकर नालियों को साफ करते देखा था। इस यंत्र की थैली भी बिल्कुल वैसी ही होती हैं। भिश्ती शब्द फारसी शब्द से लिया गया है। पुराने समय में मशक में पानी लेकर युद्ध क्षेत्र में सैनिकों को पानी पिलाकर सेवा करना भिश्ती का ही काम होता था। पांच पाइपों वाला यह एक वायु वाद्य है, जिसे बांसुरी या शहनाई जैसे अन्य वाद्य यंत्रों की तरह ही फूंक मारकर बजाया जाता है। इटली, फ्रांस, इंग्लैंड से होता हुआ यह एशिया की सैर करने आ पहुंचा।

कई पड़ोसी देशों जैसे पाकिस्तान, अफगानिस्तान और नेपाल में भी लोकप्रिय हो गया और पाकिस्तान के सियालकोट और भारत के जालंधर शहर में बनाया जाने लगा। बैगपाइप यानी मशक बीन में चमड़े की थैली में चार छेद होते हैं, जिनमें से एक पाइप नीचे की तरफ और तीन ऊपर की तरफ लगे होते हैं। एक पाइप बैग से जुड़ा रहता है, जिसमें वादक फूंक मारता है और दूसरे पाइप को अपनी उंगलियों से नियंत्रित करता है और ऊपर की तरफ निकलने वाले तीन पाइप जो कंधे पर टिकाए गए होते हैं, उनके माध्यम से सुरीले स्वर निकलते हैं।

बैगपाइप का जिक्र आने पर सबसे पहले स्कॉटलैंड का ग्रेट हाइलैंड बैगपाइप का ही ध्यान आता है, क्योंकि 15 वीं शताब्दी से ही यह वहां के कबीले की संस्कृति में शामिल था। इसकी शुरुआत अक्सर ग्रामीण जीवन के साथ जोड़कर देखी जाती है। ऊब और थकान से बचने के लिए चरवाहे जानवर चराते समय इसे बजाकर मनोरंजन किया करते थे। इसे बनाने के लिए मरे हुए जानवरों का चमड़ा और बांस भी उन्हें जंगल और चारागाह में आसानी से उपलब्ध हो जाता होगा। समय के साथ-साथ इसे मशाल इंस्ट्रूमेंट के तौर पर विकसित किया गया।

आज के समय में दुनियाभर में लकड़ी और ब्रास से बनाए गए सौ से ज्यादा तरह के बैगपाइप प्रचलन में हैं। पारंपरिक रूप में यह बकरी या भेड़ की खाल को सुखाकर बनाया जाता है और इसमें इस्तेमाल किए जाने वाले पाइप, जिन्हें चेंटर भी कहते हैं, बांसुरी की ही तरह बांस के होते हैं। 1947 में अंग्रेज चले गए पर मशक बीन भारतीय सैनिकों के दिलों दिमाग में रच बस गया।


flickr.com

धीरे-धीरे न जाने कैसे यह हमारे संस्कृतिक समारोहों और वैवाहिक उत्सवों में शरीक हो गया। यह भारतीय सेना का भी अनिवार्य हिस्सा बन गया।

कुमाऊं रेजीमेंट के अभ्यास और कार्यक्रम के दौरान मशक बीन के सुरीले स्वर वातावरण में मिठास खोल देते हैं। चाहे रानीखेत का सोमनाथ ग्राउंड हो या अल्मोड़ा का कैंट एरिया। पूर्व सैनिक तो इस पर स्कॉटिश धुन बजाने में भी माहिर हैं। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर राजपथ में होने वाले आयोजन में, जिसमें देसी-विदेशी मेहमानों की उपस्थिति में विशेष परिधान में सजी-धजी सेना की टुकड़ियां इस वाद्य यंत्र के साथ धुन निकालते हुए कदमताल करती हैं। यह धुन इतनी असरकारी है कि पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज जाता है। इसी तरह सार्वजनिक उत्सवों में अगर ढोल-दमाऊ के साथ मशक बीन की संगत न हो, तो रंगत फीकी सी लगती है। बेडू पाको बारो मासा और कैलै बाजे मुरूली जैसे गीत और मशक बीन एक दूसरे के पर्याय हैं। इन गीतों की धुन मशक बीन पर सुनते ही पैर खुद-ब-खुद थिरकने लगते हैं।

कुमाऊं के छोलिया नृत्य और गढ़वाल के पौणा नृत्य के दौरान मशक बीन की उपस्थिति पैरों की थिरकन और हृदय की धड़कन दोनों को बढ़ा देती है। लोक गीतों के अलावा देश भक्ति गीत, मार्शल म्यूजिक, पश्चिमी धुन, जैज, रॉक, क्लासिकल, फिल्मी गीत सभी बैगपाइप के मदद से बड़ी शान से बजाते हैं। कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स में भी इसका जलवा है। इसे बजाना बहुत मेहनत और लगन का काम है। चूंकि यह पाइप में मुंह से हवा भर के बजाया जाता है, तो फेफड़ों की बढ़िया एक्सरसाइज हो जाती है। इसमें धुन तभी निकलती है, जब बैग में हवा भरी हो।

---

अनुभूति

# जन्मदिन: जीवन के सफर का उत्सव






प्रिंस श्रेयश
शिक्षक

बचपन में जन्मदिन किसी त्योहार से कम नहीं होता था। सुबह से ही घर में हलचल शुरू हो जाती थी। मां रसोई में कुछ खास बनाती थीं, पिताजी मुस्कुराते हुए आशीर्वाद देते थे, रिश्तेदार फोन करते थे या घर आकर गले लगाते थे। एक छोटा-सा केक, कुछ मोमबत्तियां और ढेर सारा स्नेह, बस इतना ही तो चाहिए था खुश होने के लिए। उस समय जन्मदिन केवल तारीख नहीं, बल्कि अपने होने का उत्सव था। फिर समय बदला। बड़े हुए तो जन्मदिन का अर्थ बदल गया। दोस्तों के साथ पार्टी, हंसी-मजाक, देर रात तक जश्न यह सब जन्मदिन की पहचान बन गया। परिवार की जगह दोस्तों का दायरा बढ़ गया। खुशी वही थी, पर रूप अलग था। उस उम्र में लगता था कि यही असली जीवन है।

फिर विवाह हुआ। अब लोग सालगिरह याद रखने लगे और जन्मदिन धीरे-धीरे परिवार तक सीमित हो गया। जिम्मेदारियां बढ़ीं, प्राथमिकताएं बदलीं। जीवन की दौड़ में तारीखें कैलेंडर के पन्नों में सिमटने लगीं। जन्मदिन अब उतना शोर-शराबे वाला नहीं रहा, बल्कि एक शांत-सा दिन बन गया, जिसमें कुछ संदेश, कुछ औपचारिक शुभकामनाएं और सामान्य दिनचर्या शामिल हो गई। धीरे-धीरे अपने बच्चे हुए। अब घर में फिर से जन्मदिन मनाया जाने लगा, पर इस बार अपने बच्चों का। उनके लिए केक, सजावट, उपहार और उत्साह। उनकी आंखों की चमक में हम अपना बचपन तलाशने लगे, लेकिन इसी बीच कहीं हमारा अपना जन्मदिन पीछे छूट गया। कभी-कभी तो चुपचाप गुजर भी जाता है। तब मन में एक विचार उठता है, जब हमारे माता-पिता हमारा जन्मदिन इतने प्रेम से मनाते थे, क्या उस समय उनका अपना जन्मदिन भुला दिया गया था?

शायद यही दुनिया की रीति है। समय के साथ केंद्र बदलता रहता है। बचपन में हम केंद्र में होते हैं, युवावस्था में मित्र, फिर परिवार और अंत में बच्चे। जीवन का चक्र ऐसे ही चलता है। एक पीढ़ी उत्सव मनाती है, दूसरी पीढ़ी उत्सव का कारण बनती है, लेकिन क्या इसका अर्थ यह है कि जन्मदिन की कोई कीमत नहीं रही? नहीं। जन्मदिन केवल केक या पार्टी का नाम नहीं है। यह उस जीवन का उत्सव है, जो हम जी रहे हैं, उन संघर्षों का सम्मान है, जिन्हें हमने पार किया है और उन सपनों का स्मरण है, जो अब भी हमारे भीतर जीवित हैं। आज के बदलते समाज में एक अच्छी बात भी दिखती है कि कई बच्चे अपने माता-पिता का जन्मदिन मनाने लगे हैं। वे उन्हें दो पल की खुशी देते हैं, उनके बचपन और युवावस्था को याद करने का अवसर देते हैं। यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

## न्यूज ब्रीफ

### ओडिशा सरकार ने पेश किया 3.1 लाख करोड़ रुपये का बजट

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 3.10 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस बजट में कृषि, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। कुल बजट का लगभग 58 प्रतिशत (1,80,000 करोड़ रुपये) कार्यक्रम व्यय के लिए आरक्षित किया गया है। माझी ने राज्य विधानसभा में तीसरा बजट पेश करते हुए कहा कि प्रशासनिक व्यय 1,14,000 करोड़ रुपये प्रस्तावित है, आपदा जोखिम प्रबंधन कोष के लिए 5,375 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

### हथकरघा प्रदर्शनी में 21 राज्यों के बुनकर व कारीगर होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 21 फरवरी से दो मार्च तक आयोजित होने वाली विशेष हथकरघा प्रदर्शनी में 21 राज्यों के बुनकर और कारीगर समूह हिस्सा लेंगे। इस प्रदर्शनी का मकसद स्वदेशी हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देना, बुनकरों और ग्राहकों के बीच सीधे बाजार संपर्क बनाना और देशभर के कारीगरों के लिए रोजी-रोटी के मौके मजबूत करना है। जनपथ के हथकरघा हाट में होने वाली प्रदर्शनी में आगंतुक सीधे बुनकरों से उत्पादों खरीद सकेंगे, जिसमें हथकरघा साड़ियां, ड्रेस सामग्री, घरेलू साज-सज्जा की वस्तुयें, शॉल और हथकरघा कपड़े शामिल हैं।

### टेक्समैको रेल और आरवीएनएल ने बनाया संयुक्त उद्यम

**नई दिल्ली।** टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड और रेल विकास निगम लिमिटेड ने देश की रेल विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों कंपनियों ने कहा कि यह संयुक्त उद्यम भारत और अन्य देशों में उन्नत रेल वाहन, उनके रखरखाव और संपत्ति प्रबंधन के साथ बड़े पैमाने पर विनिर्माण और पूरी तरह तैयार परियोजनाओं पर काम करेगा। यह साझेदारी दोनों कंपनियों की ताकत को मिलाकर ऐसे रेल समाधान देगी, जो उन्नत इंजीनियरिंग, कम लागत और उच्च गुणवत्ता वाले होंगे।

# एआई से 0.8 प्रतिशत बढ़ेगी वैश्विक वृद्धि मगर नौकरियों के लिए भारी जोखिम भी

## आईएमएफ प्रमुख ने कहा- एआई को अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहे दुनिया

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने शुक्रवार को कहा कि एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को 0.8 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है विकसित भारत बनने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती है। जार्जीवा ने इसके साथ यह चेतावनी भी दी कि एआई से नौकरियां कम होने और वित्तीय स्थिरता पर भारी जोखिम भी पैदा हो सकते हैं।

जॉर्जीवा ने यहां आयोजित ''एआई इम्पैक्ट समिट 2026'' में कहा कि वह एआई को लेकर आशावादी हैं, लेकिन इसके प्रभाव को अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एआई को अच्छाई की ताकत या बुराई की ताकत के रूप में इस्तेमाल किए जाने के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। जॉर्जीवा ने कहा, एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लगभग एक प्रतिशत अंक तक बढ़ा सकता है। हमारा अनुमान 0.8 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था कोविड महामारी से पहले की तुलना में तेजी से बढ़ेगी। यह नए अवसर और अधिक रोजगार सृजित करने के लिए शानदार है।

उन्होंने कहा कि एआई उन देशों के लिए अधिक अवसर पैदा करता है जो डिजिटल बुनियादी ढांचा, कौशल विकास और एआई को तेजी से अपनाने में आगे हैं। उन्होंने कहा कि देशों को जोखिमों के प्रति सचेत रहते हुए अवसरों को अपनाना चाहिए। कहा, मैं एआई को लेकर बहुत आशावादी हूं। हालांकि मैं बहुत भोली भी नहीं हूं, इससे काफी जोखिम भी जुड़े हैं।

### अमेरिका के बाजार में पड़ने लगा असर

आईएमएफ के एक अध्ययन के मुताबिक एआई के कारण अमेरिकी श्रम बाजार पर असर पड़ रहा है। अमेरिका में हर दस में से एक नौकरी के लिए अब अतिरिक्त कौशल की जरूरत है और इस कौशल से लैस लोगों को बेहतर वेतन मिलता है। जॉर्जीवा ने कहा, जब लोगों के पास ज्यादा पैसे होंगे, तो वे रेस्तरां, मनोरंजन आदि में जाएंगे, जिससे कम कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ेगी। एआई से एक नई नौकरी बनने पर कुल रोजगार में 1.3 नौकरियां बनती हैं। इसका मतलब है कि कुछ लोगों को ज्यादा अवसर मिलते हैं।



आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टलिना जॉर्जिवा और अन्य वैश्विक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

### एआई से जुड़े तीन बड़े जोखिम गिनाए

- जॉर्जीवा ने कहा कि सबसे पहले एआई से कुछ देशों के पास प्रौद्योगिकी होने और कुछ देशों के पास न होने के कारण वैश्विक असमानता बढ़ने का खतरा है।
- यह पूरी दुनिया में वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है, क्योंकि एआई अनियंत्रित होने पर वित्तीय बाजारों में संकट पैदा कर सकता है।
- एआई आने से नौकरियों के जाने का भी खतरा है, अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि लोग नई एआई अर्थव्यवस्था में अपनी जगह किस तरह बना सकेंगे।

> आईएमएफ देशों के साथ मिलकर यह समझने का काम जारी रखेगा कि एआई में क्या बदलाव हो रहे हैं और भविष्य की नीतियों के लिए इसे कैसे आकार दिया जा सकता है। हमें एआई को देखने और समझने में लचीला रुख अपनाना होगा। – **क्रिस्टलिना जॉर्जीवा**

### जल्द ही श्रम बाजार में आने वाली है सुनामी

जॉर्जीवा ने कहा, हमने इस जोखिम को बहुत ऊपर आंका है। हम वास्तव में श्रम बाजार पर एआई के प्रभाव को एक 'सुनामी' की तरह देख रहे हैं। वैश्विक स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियां एआई से प्रभावित होंगी, कुछ में सुधार होगा और कुछ खत्म हो जाएंगी। उभरते बाजारों में 40 प्रतिशत प्रभावित होंगे जबकि विकसित अर्थव्यवस्थाओं में यह आंकड़ा 60 प्रतिशत तक है। और यह बदलाव अपेक्षाकृत कम समय में ही होने जा रहा है।

# अति उत्साही न बनें, विश्वसनीय होने पर ही एआई का इस्तेमाल करें संस्थान

**नई दिल्ली।** संस्थानों को एआई आधारित समाधानों के इस्तेमाल को लेकर तब तक अत्यधिक उत्साह नहीं दिखाना चाहिए, जब तक उनका पूर्ण परीक्षण न हो और वे विश्वसनीय न हों। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के 'डेटा इन्फॉर्मेटिक्स एंड इनोवेशन' प्रभाग के उपमहानिदेशक रोहित भारद्वाज ने समिट में 'एआई-समक्ष डेटा : नवाचार के लिए साझा अवसंरचना' विषयक सत्र में यह बात कही।

### सांख्यिकी मंत्रालय ने दी सलाह

उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों को आंकड़ों को मशीन-रीडेबल बनाना चाहिए। कॉन्टेक्स्ट फाइल और सिमैंटिक्स होनी चाहिए और मेटाडेटा होना चाहिए। कॉन्टेक्स्ट फाइल में किसी जानकारी को समझने के लिए आवश्यक विवरण होता है। सिमैंटिक्स शब्दों या डेटा के वास्तविक अर्थ और संदर्भ को समझने की प्रक्रिया है। मेटाडेटा डेटा के बारे में दी गई अतिरिक्त जानकारी, जैसे उसकी तारीख, स्रोत या संरचना को कहते हैं।

# भारत का जोर सभी को किफायती कंप्यूटिंग क्षमता उपलब्ध कराने पर

**नई दिल्ली।** सांख्यिकी सचिव सुमित गर्ग ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक ऐसे मॉडल पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जहां सरकार, परोपकारी संस्थाएं और निजी क्षेत्र मिलकर यह सुनिश्चित कर सकें कि किफायती 'कंप्यूटिंग' क्षमताएं सभी के लिए सुलभ हों।

गर्ग ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' में एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा, हमारा ध्यान कंप्यूटिंग क्षमता तक पहुंच को सीमित करने पर नहीं, बल्कि बुद्धिमानी से प्राथमिकता तय करने पर है। उन्होंने कहा कि इसमें परोपकारी संगठनों की अहम भूमिका होगी, क्योंकि उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एआई का लाभ सभी तक पहुंचे। इस उद्देश्य के साथ सरकार, परोपकारी संस्थाएं और निजी क्षेत्र सहयोग कर सकते हैं ताकि सभी को किफायती कंप्यूटिंग क्षमताएं मिल सकें। हम इसी तरह के मॉडल पर विचार कर रहे हैं।

# बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स में 316 अंक का उछाल, निफ्टी भी 25,550 के पार

**मुंबई।** शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 316 अंक की बढ़त के साथ जबकि निफ्टी 25,550 के पार बंद हुआ। बैंकिंग और धातु शेयरों में खरीदारी, व्यापार समझौते में प्रगति को लेकर आशावाद के साथ 'पैक्स सिलिका' में भारत की भागीदारी की खबरों से बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 316.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत चढ़कर 82,814.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 633.94 अंक बढ़कर 83,132.08 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 209.2 अंक उछलकर 25,663.55 अंक के उच्च स्तर तक पहुंच गया था। भूराजनीतिक चिंताओं के बीच निवेशकों द्वारा शेयर की अंधाधुंध बिकवाली से बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 1,236.11 अंक और एनएसई निफ्टी 365 अंक टूट गया था।



### आठ बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर घटकर चार प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर जनवरी में घटकर चार प्रतिशत रह गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह साफ किया। इन बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर एक साल पहले जनवरी, 2025 में 5.1 प्रतिशत थी जबकि दिसंबर, 2025 में यह 4.7 प्रतिशत रही थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी 2026 में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जनवरी अवधि में इन आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 2.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि 2024-25 की समान अवधि में वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत रही थी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 725.72 अरब डॉलर के रिकॉर्ड पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 8.66 अरब डॉलर बढ़कर 725.72 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।



- समाप्त सप्ताह में 8.66 अरब डॉलर की हुई वृद्धि

भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक इससे पहले छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले का सर्वोच्च स्तर जनवरी में 723.774 अरब डॉलर का रहा था। आरबीआई की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 3.55 अरब डॉलर बढ़कर 573.60 अरब डॉलर हो गईं। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार मूल्य 4.99 अरब डॉलर बढ़कर 128.46 अरब डॉलर हो गया।

# एल्यूमीनियम के लिए ब्राजील की कंपनी का हिंडाल्को से करार

**नई दिल्ली।** ब्राजील की विमान बनाने वाली कंपनी एम्ब्रेयर ने खनन क्षेत्र की भारतीय कंपनी हिंडाल्को के साथ भारत में साझा व्यावसायिक अवसरों की तलाश के लिए शुक्रवार को एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

एम्ब्रेयर ने बताया कि इस संयुक्त पहल का उद्देश्य विमानन में इस्तेमाल होने वाले विशेष एल्यूमीनियम से बने कच्चे माल के निर्माण में संभावनाओं की पहचान करना है। कंपनी ने महिंद्रा और अडानी समूहों के साथ भारत में विमान निर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए समझौते किए हैं। एम्ब्रेयर में वैश्विक खरीद के कार्यकारी उपाध्यक्ष रॉबर्ट चेव्स ने कहा, यह पहल स्थानीय साझेदारों की पहचान करने पर हमारे फोकस को और मजबूत करती है।



# अमेरिका से व्यापार समझौते के खिलाफ युवा कांग्रेस का एआई समिट में प्रदर्शन

## शर्ट उतारकर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ की नारेबाजी, पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एआई इम्पैक्ट समिट के आयोजन स्थल पर अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए, जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। भाजपा ने इसके बाद कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि मुख्य विपक्षी दल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल की है।

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता हॉल नंबर-5 के अंदर मार्च करते हुए पहुंचे। इनमें कुछ सफेद टीशर्ट पहने हुए थे और कुछ ने ये टीशर्ट हाथों में ले रखी थी। इन पर प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीरें छपी थीं तथा उन पर इंडिया यूएस ट्रेड डील, एपस्टीन फाइल्स और पीएम इज कम्प्रोमाइज्ड यानी प्रधानमंत्री झुक गए जैसे नारे लिखे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने टीशर्ट भी उतार दीं। उनके विरोध प्रदर्शन के कारण वहां अफरातफरी मच गई। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद कुछ प्रतिभागियों और कुछ प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई।

पुलिस के मुताबिक जिन लोगों को हिरासत में लिया गया, उनमें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि भी शामिल हैं। मौके पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने कहा कि इस घटना के बाद हॉल के अंदर सुरक्षा और कड़ी की जाएगी। यह विरोध प्रदर्शन कुछ ही मिनटों तक चला, जिसके बाद समूह को हॉल से बाहर निकाल दिया गया।

इस अप्रत्याशित घटना ने अतिथियों और आगंतुकों को हैरान कर दिया, क्योंकि 'एआई इम्पैक्ट समिट' के मद्देनजर यह व्यापार समझौता विरोधी प्रदर्शन अप्रत्याशित था।




इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत मंडपम में प्रदर्शन करते युवक कांग्रेस कार्यकर्ता।

### समिट नहीं, किसान विरोधी व्यापार समझौते के खिलाफ

युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब ने एक बयान में कहा, युवा कांग्रेस के साथियों ने स्पष्ट कर दिया कि देश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा। पीएम इज कंप्रोमाइज्ड यानी प्रधानमंत्री झुक गए सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि करोड़ों बेरोजगार युवाओं का आक्रोश है। अमेरिका के साथ यह व्यापार समझौता हमारे किसानों और जनता के हितों के साथ खिलवाड़ है, जिससे सिर्फ अमेरिका को फायदा होगा। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध हमारा अधिकार है और हम युवाओं की आवाज बुलंद करते रहेंगे। चिब ने कहा, हम एआई इम्पैक्ट समिट के खिलाफ नहीं हैं। हम भारत के हितों के साथ हो रहे समझौते के खिलाफ हैं, इसलिए हमने ये प्रदर्शन किया है।

### भाजपा ने कहा- प्रदर्शन विश्व में भारत की छवि खराब करने का प्रयास

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, जब भी भारत वैश्विक मंच पर आगे बढ़ता है, कांग्रेस राष्ट्रहित के साथ खड़े होने के बजाय राजनीतिक लाभ लेने को प्राथमिकता देती दिखाई देती है। दलगत राजनीति को देश की प्रतिष्ठा और सम्मान से ऊपर रखना अत्यंत दुखद है। राजनाथ ने कहा कि भारत की जनता भली-भांति समझती है कि कौन भारत को सशक्त और समर्थ बनाने में जुटा है और कौन बार-बार भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास करता है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि यह घटना कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के कहने पर अंजाम दी गई है। उन्होंने कहा, यह साजिश राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की मौजूदगी में राहुल गांधी के निवास स्थान पर रची गई थी। यह प्रयोग है, संयोग नहीं।

# बाबर के नाम पर धर्मस्थल का नामकरण रोकने की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मुगल शासक बाबर या बाबरी मस्जिद के नाम पर किसी भी मस्जिद या धार्मिक संरचना के निर्माण या नामकरण पर रोक लगाने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ द्वारा याचिका पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त करने के बाद याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने इसे वापस ले लिया।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने निलंबित तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर द्वारा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने की घोषणा का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता देश में आक्रांताओं के नाम पर मस्जिदों के निर्माण के खिलाफ है। हुमायूं कबीर ने इस तथ्य के बावजूद मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निर्माण की घोषणा की थी कि बाबर एक आक्रमणकारी था। कबीर के खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए। पीठ ने याचिका खारिज करने की घोषणा की तो वकील ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। याचिका में केंद्र, राज्यों और अन्य सरकारों को याचिकाकर्ता के मामले पर विचार करने और समूचे भारत में बाबर या बाबरी मस्जिद या उनसे मिलते-जुलते नामों पर किसी भी मस्जिद या धार्मिक संरचना के निर्माण, नामकरण पर रोक लगाने या प्रतिबंध लगाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। यह निर्देश देने की भी मांग की गई कि वे बाबर या भारत पर आक्रमण करने वाले किसी भी व्यक्ति के नाम पर धार्मिक संरचना के निर्माण पर प्रतिबंध के लिए उचित दिशा-निर्देश तैयार करने पर विचार करें।



- निलंबित टीएमसी विधायक मुर्शिदाबाद में बनवा रहे हैं बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति

### प्रमाणन रद्द करने संबंधी याचिका पर हाईकोर्ट ने दिया 'द केरल स्टोरी 2' के निर्माता और सीबीएफसी को नोटिस

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने कन्नूर के एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर फिल्म 'द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्ड' के निर्माताओं, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका में अदालत से फिल्म के प्रमाणन को रद्द करने और इसके शीर्षक पर पुनर्विचार सहित संशोधनों का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

- दूसरे राज्यों की घटनाओं पर फिल्म बनाकर भ्रम फैलाने का आरोप

कन्नूर के कन्नवम निवासी श्रीदेव नंबूदरी ने याचिका में सूचना प्रसारण मंत्रालय, सीबीएफसी और निर्माता विपुल अमृतलाल शाह को प्रतिवादी बनाया है। न्यायमूर्ति बेचू कुरियन थॉमस की अध्यक्षता वाली पीठ ने अगली सुनवाई 24 फरवरी को तय की। याचिका में कहा गया है कि सीबीएफसी ने सिनेमाटोग्राफ अधिनियम, 1952 के तहत वैधानिक जनादेश का उचित अनुपालन किए बिना फिल्म को प्रमाण पत्र प्रदान किया है। याचिका के अनुसार, फिल्म के टीजर और ट्रेलर में कई राज्यों की महिलाओं से जुड़ी कहानियों को दर्शाया गया है लेकिन सामग्री को 'द केरल स्टोरी' के रूप में ब्रांड किया गया है, साथ ही आतंकवाद, जबरन धर्मांतरण और जनसांख्यिकीय षड्यंत्र की घटनाओं को विशेष रूप से केरल राज्य से जोड़ा गया है।

### पहलवान सुशील की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने पुलिस से पूछा रुख

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनकर की हत्या के मामले में ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। न्यायमूर्ति अनूप जे भंभानी ने मृतक के परिजनों को भी नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है।

- मृतक सागर धनकर के परिजनों को भी नोटिस जारी कर मांगा जवाब

अदालत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल अगस्त में हाईकोर्ट से सुशील कुमार को दी गई जमानत रद्द कर दी थी। न्यायाधीश ने टिप्पणी की, मुझे लगता है कि आप कुछ ज्यादा ही उम्मीद कर रहे हैं। जब सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है तो आप मुझसे क्या उम्मीद करते हैं। अभियुक्त के वकील ने कहा कि जमानत याचिका पर विचार किया जाना चाहिए क्योंकि सभी सार्वजनिक गवाहों से पूछताछ हो चुकी है। दिल्ली पुलिस और मृतक के परिजनों के वकीलों ने कहा कि सभी सार्वजनिक गवाहों से पूछताछ अभी बाकी है। कोर्ट ने कहा, अगली सुनवाई से पहले स्थिति रिपोर्ट/विस्तृत जवाब दाखिल किया जाए।

### भारत-अमेरिका समझौते के खिलाफ किसान सम्मेलन करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को फैसला किया कि अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के खिलाफ वह अलग-अलग राज्यों में किसान सम्मेलन करेगी, जिनमें किसानों को बताया जाएगा कि इस समझौते का उनकी आजीविका पर नकारात्मक असर पड़ने वाला है। पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें यह फैसला किया गया। इस बैठक में इन राज्यों के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक दल के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि पहला किसान सम्मेलन 24 फरवरी को भोपाल और दूसरा सात मार्च को महाराष्ट्र के यवतमाल में आयोजित किया जाएगा।

# कर्नाटक के बागलकोट में निषेधाज्ञा के बावजूद मांस की दुकानों पर पथराव

**बागलकोट।** बागलकोट में शुक्रवार को तनावपूर्ण स्थिति बनी रही क्योंकि निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद कई लोग सड़कों पर उतर आए और मांस की दुकानों पर पथराव किया, जिसके चलते पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ गोयल ने बताया कि शोभायात्रा बृहस्पतिवार को अपराह्न करीब 3:30 बजे पुराने कस्बे से शुरू हुई थी और लगभग पूरी होने वाली थी, तभी नवनागर क्षेत्र के किला ओनी में एक मस्जिद के पास रात करीब 9:30 बजे पथराव की घटना हुई। उन्होंने कहा, ''मस्जिद में जूता रखने का एक स्टैंड था और उसे खड़ा रखने के लिए उसके नीचे दो पत्थर रखे गए थे। उन्हीं पत्थरों में से एक का इस्तेमाल हुआ और वह हमारे पुलिसकर्मियों पर गिरा।

# तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज करने का आदेश

चेन्नई, एजेंसी

मद्रास हाईकोर्ट ने स्थानांतरण, नियुक्तियों और निविदा आवंटन में अनियमितताओं को लेकर तमिलनाडु के नगर प्रशासन एवं जल आपूर्ति मंत्री केएन नेहरू के खिलाफ शुक्रवार को सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय को आपराधिक मामला दर्ज करने के निर्देश दिए।

मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति जी अरुल मुरुगन की पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि मंत्री के खिलाफ लगाए गए आरोपों के प्रथमदृष्टया साक्ष्य मौजूद हैं।



- साक्ष्य मौजूद, प्रारंभिक जांच की जरूरत नहीं : मद्रास हाईकोर्ट

पीठ ने माना कि ईडी ने जो सामग्री रखी है, वह संज्ञेय अपराधों का खुलासा करती है इसलिए इस मामले में किसी प्रारंभिक जांच की आवश्यकता नहीं है और प्राथमिकी तुरंत दर्ज की जानी चाहिए। ईडी ने निदेशालय को एक पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि नगर प्रशासन विभाग में सहायक इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर और स्वच्छता निरीक्षक जैसे 2,538 पदों पर नियुक्तियों के बदले लगभग 634 करोड़ रुपये की रिश्वत ली गई थी। ईडी के इसी पत्र के आधार पर अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्ना द्रमुक) सांसद आईएस इनबादुरई और मदुरै के एक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष के अथि नारायणन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक को मामला दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की थी। राज्य सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि ईडी के पत्र को पहले ही निदेशालय के अधिकारियों को भेज दिया गया था और जांच की अनुमति मिल गई थी।

# बलूच आर्मी ने दी समय सीमा खत्म होने पर पाकिस्तानी सैनिकों को मार देने की धमकी

● पाकिस्तान की सरकार को बातचीत को दिए हैं सात दिन

क्वेटा, एजेंसी

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान सरकार को चेतावनी दी है कि यदि 21 फरवरी के बाद उसके लड़ाकों को रिहा करने के लिए बातचीत शुरू नहीं हुई, तो वह अपनी हिरासत में लिए गए पाकिस्तानी सैनिकों को मार देगा। बीएलए ने 14 फरवरी को कुछ तस्वीरें और वीडियो जारी कर दावा किया था कि उसने सात पाकिस्तानी सैनिकों को पकड़ लिया है।

इस समूह ने सात दिन की समय सीमा देते हुए मांग की है कि पकड़े गए सैनिकों के बदले हिरासत में लिए गए उसके लड़ाकों को रिहा किया जाए। पाकिस्तानी सेना ने हालांकि इन दावों को खारिज कर दिया था। उनकी ओर से यह तर्क दिया गया कि वीडियो में दिखने वाले लोग पाकिस्तानी सैनिक नहीं हैं और वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। बीएलए की ओर से इसके बाद जारी एक नए वीडियो में, सातों बंदी एक साथ नजर आ रहे हैं और वे अपने आधिकारिक आर्मी सर्विस कार्ड दिखा रहे हैं। उनमें से एक सिपाही मोहम्मद शहराम अपने सैन्य और राष्ट्रीय पहचान पत्र को लेकर बोल रहा है।

## पत्नी-बच्चों को पीट सकेंगे अफगानी

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार का नया कानून पत्नियों और अपने बच्चों की पिटाई की अनुमति देता है बशर्ते कि पिटाई के कारण हड्डियां नहीं टूटें और खुले जख्म नहीं हों। दे महाकुमु जज़ाई उसूलनामा नामक 90 पन्नों के इस आपराधिक प्रक्रिया संहिता को तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा ने मंजूरी दी है। दस अध्यायों और 119 अनुच्छेदों वाले दस्तावेज़ में घरेलू हिंसा को कुछ शर्तों के साथ वैध किया गया है।

## आर्थिक जबरदस्ती पर लगेगी लगाम

नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत ने 20 फरवरी को औपचारिक रूप से अमेरिका के नेतृत्व वाली पैक्स सिलिका पहल में शामिल होने के लिए घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता न केवल भारत और अमेरिका के बीच तकनीकी सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत है बल्कि वैश्विक स्तर पर एआई और सेमीकंडक्टर की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम भी है। वर्तमान में सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिजों लिथियम, कोबाल्ट और रेयर अर्थ एलिमेंट्स की आपूर्ति पर चीन जैसे कुछ ही देशों का एकाधिकार है। यह निर्भरता आर्थिक जोखिम पैदा करने के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा है। पैक्स सिलिका इसी आर्थिक जबरदस्ती को समाप्त करने का वैश्विक प्रयास है।

# पैक्स सिलिका पहल




### रणनीतिक गठबंधन

● शुरुआत : अमेरिका के नेतृत्व वाला एक रणनीतिक गठबंधन है जो सेमी कंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिजों और एआई ढांचे की पूरी सिलिकॉन स्टैक को सुरक्षित करने पर केंद्रित है। इसकी शुरुआत 2025 में वाशिंगटन में हुई थी।

● आपूर्ति श्रृंखला बनाना : एआई और चिप निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल से लेकर अंतिम उत्पाद तक एक बाधा रहित आपूर्ति श्रृंखला बनाना।

● चीन पर निर्भरता कम करना : महत्वपूर्ण खनिजों और सेमीकंडक्टर विनिर्माण में चीन के प्रभुत्व और आर्थिक दबाव को कम करना। डेटा सेंटर, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और एआई मॉडल के लिए देशों का एक समूह तैयार करना।

### भारत को होगा लाभ

● सेमीकंडक्टर हब बनना : भारत को अत्याधुनिक चिप विनिर्माण तकनीक और निवेश प्राप्त होगा, जिससे इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन को गति मिलेगी।

● महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच : लिथियम, कोबाल्ट और सिलिकॉन जैसे खनिजों की सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जो ईवी और रक्षा उपकरणों के लिए अनिवार्य हैं।

● एआई निवेश : अमेरिकी कंपनियों द्वारा भारतीय एआई बुनियादी ढांचे में बड़े निवेश की संभावना है, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

● रणनीतिक स्वायत्तता : भारत बिना अपनी स्वायत्तता खोए वैश्विक उच्च-तकनीकी समूह का हिस्सा बनकर चीन की विस्तारवादी नीतियों का मुकाबला कर सकेगा।

● शेयर बाजार पर असर : विशेषज्ञों के अनुसार, माइनिंग, मेटल और टेक सेक्टर की कंपनियों को इससे दीर्घकालिक लाभ होगा।

### एआई सप्लाई चेन की सुरक्षा

● सुरक्षा के लिए अहम : एआई को चलाने के लिए उन्नत चिप्स, विशाल डेटा सेंटर और निरंतर ऊर्जा की जरूरत होती है। पैक्स सिलिका निम्न तरीकों से सुरक्षा तय करता है।

● खनिजों का सुरक्षित स्रोत : सेमीकंडक्टर के लिए जरूरी रेयर अर्थ एलिमेंट्स की माइनिंग से लेकर प्रोसेसिंग तक सदस्य देशों के बीच सहयोग सुनिश्चित करना

● संवेदनशील तकनीक का संरक्षण : उन्नत एआई एल्गोरिदम और हार्डवेयर डिजाइन को गलत हाथों (विशेषकर प्रतिद्वंद्वी देशों) में जाने से रोकना।

● डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर : फाइबर-ऑप्टिक केबल, डेटा सेंटर और एआई फाउंडेशनल मॉडल के लिए सुरक्षित और पारदर्शी मानक स्थापित करना।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में 57 वर्षीय सिख का अपहरण

**न्यूयॉर्क।** कैलिफोर्निया के सैन जोकिन काउंटी के ट्रेसी इलाके से 57 वर्षीय सिख व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया है। सैन जोकिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने फेसबुक पोस्ट में पीड़ित की पहचान अवतार सिंह के रूप में की है, जिनकी लंबाई पांच फुट सात इंच है और वजन लगभग 200 पाउंड है। घटना के समय उन्होंने हल्के रंग के पारंपरिक सिख वस्त्र पहने हुए थे। पुलिस ने बताया कि निगरानी फुटेज में मंगलवार को अपराह्न लगभग ढाई बजे सिंह को गहरे रंग के कपड़े पहने तीन अज्ञात व्यक्ति एक सफेद एसयूवी में बिठाते हुए दिख रहे हैं। पुलिस ने बताया कि फुटेज से प्रतीत होता है कि पीड़ित अपनी मर्जी के बिना कार में बैठा।

### पाकिस्तान ने कश्मीर में संघर्ष विराम तोड़ा

**श्रीनगर।** पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास शुक्रवार को संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के नौगाम सेक्टर में स्थित टीएमजी (टूट मार गली) में दोपहर के आसपास पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) की चौकियों ने भारतीय चौकियों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी करते हुए संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद गोलीबारी बंद हो गई, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ है।

### सजा के बाद भी यून अपने रुख पर अडिग

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल ने सियोल की एक अदालत द्वारा विद्रोह के लिए सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा पर शुक्रवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह अपने रुख पर अडिग हैं। येओल के वकीलों द्वारा जारी बयान के मुताबिक उनके मुवक्किल ने कहा कि दिसंबर 2024 में सैन्य कानून (मार्शल लॉ) लागू करने की उनकी अचानक और अल्पकालिक घोषणा पूरी तरह से राष्ट्र और हमारे लोगों के हित में थी।

### वेनेजुएला ने कैदियों को माफी की मंजूरी दी

**काराकस।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने गुरुवार को आम माफी से संबंधित एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए जिससे हिरासत में लिए गए नेताओं, कार्यकर्ताओं, वकीलों और कई अन्य लोगों की रिहाई हो सकती है। इस विधेयक पर हस्ताक्षर के साथ ही राष्ट्रपति ने यह स्वीकार किया कि सरकार ने सैकड़ों लोगों को राजनीतिक कारणों से जेल में रखा है। रोड्रिगेज के इस कदम को बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

# ट्रंप ने ईरान को फिर दी चेतावनी, तय की परमाणु समझौते की समय सीमा

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने चेताया, समझौता नहीं हुआ तो ईरान के साथ होगा बुरा बर्ताव

● ईरान पर 10 से 15 दिन के भीतर कोई फैसला लेंगे ट्रंप

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को ईरान को चेतावनी दी कि यदि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने में विफल रहा तो बुरी चीज़ें होंगी और उन्होंने ईरान पर फैसले के लिए अपनी समय सीमा 10-15 दिन तक बढ़ा दी। ट्रंप का यह बयान पश्चिम एशिया में अमेरिका की भारी सैन्य तैयारी के बीच आया है, जिससे बड़े युद्ध की चिंताएं बढ़ गई हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत अच्छी चल रही है, लेकिन उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ईरान को एक अर्थपूर्ण समझौता करना होगा। इस बीच, अमेरिका इस सप्ताह के अंत तक ईरान पर हमला करने के लिए तैयार है, हालांकि ट्रंप ने अभी तक कोई आखिरी फैसला नहीं लिया है। एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बात करते हुए, ट्रंप ने कहा, 10-15 दिन, ज़्यादा से ज़्यादा। या तो हम समझौता कर लेंगे या यह उनके लिए बुरा होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें 10 दिनों के अंदर पता चल जाएगा कि ईरान के साथ समझौता मुमकिन है या नहीं। उन्होंने बोर्ड ऑफ़ पीस की पहली बैठक में कहा, हमें इसे एक कदम और आगे ले जाना पड़ सकता है, या शायद नहीं भी। शायद हम एक समझौता कर लें। आपको अगले शायद 10 दिनों में पता चल जाएगा। ट्रंप ने दोहराया कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। अगर उनके पास परमाणु हथियार हैं तो आप पश्चिम एशिया में शांति नहीं ला सकते। ट्रंप ने कहा कि अब ईरान के लिए हमारे साथ उस रास्ते पर चलने का समय है, जो हम कर रहे हैं, उसे पूरा करे।



### तो अमेरिकी ठिकानों पर वैध होगा ईरानी हमला

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को एक पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका अपनी सैन्य धमकियों पर अमल करता है, तो अमेरिकी ठिकानों और संपत्तियों पर ईरानी हमले वैध होंगे। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरवानी ने पत्र में कहा कि ईरान किसी भी हमले का निर्णायक जवाब देगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में सैन्य आक्रामकता के गंभीर परिणामों की चेतावनी भी दी। यह घटनाक्रम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को दी गई उस धमकी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने परमाणु मुद्दे पर समझौते के लिए अधिकतम 10-15 दिन का समय दिया है।

### बोर्ड ऑफ पीस को 10 अरब अमेरिकी डॉलर देंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा के पुनर्निर्माण के लिए बनाए गए अंतर्राष्ट्रीय निकाय बोर्ड ऑफ पीस में चीन और रूस के भी शामिल होने की उम्मीद जताई। ट्रंप ने कहा कि कई देश बोर्ड में शामिल होने की प्रक्रिया में हैं। मैं चाहूंगा कि चीन और रूस भी इसमें शामिल हों। ट्रंप ने घोषणा की कि बोर्ड के नौ सदस्यों ने कुल सात अरब अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया है, जबकि अमेरिका 10 अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान देगा। उन्होंने कहा, युद्ध की लागत की तुलना में यह राशि बहुत कम है। उन्होंने अमेरिका के 10 अरब डॉलर देने को काफी छोटी रकम बताया।

# असम में बोले अमित शाह- देश से सभी घुसपैठियों को बाहर करेंगे

● पूर्वोत्तर राज्य में शुरू किया वाइब्रेंट विलेज का दूसरा चरण

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली असम सरकार ने पिछले दस वर्षों में घुसपैठियों को राज्य में प्रवेश करने से रोका है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एक बार फिर भाजपा को वोट दें ताकि असम से आखिरी घुसपैठिए को बाहर किया जा सके। केंद्रीय गृह मंत्री ने शुक्रवार को असम के कछार जिले के नाथनपुर गांव में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए 'वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-द्वितीय' की शुरुआत करते हुए यह बात कही।

इस पहल का उद्देश्य सीमा पर स्थित समुदायों को सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध बनाना है, जो विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। वीवीपी-द्वितीय एक 6,839 करोड़ रुपये की योजना है, जिसे 15 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में से लागू किया जाना है। शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने असम में पहले अवैध घुसपैठ के लिए सीमा खुले छोड़ दिए थे, जिससे जनसांख्यिकीय बदलाव आया है। उन्होंने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग असुरक्षा के कारण अपनी जमीन छोड़ने लगे और घुसपैठियों ने उन क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया। स्थानीय लोगों और युवाओं ने अवसर खो दिए, क्योंकि घुसपैठियों की आबादी लगातार बढ़ती गई। उन्होंने कहा, असम में भाजपा सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में घुसपैठ को पूरी तरह से रोक दिया था और दूसरे में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने घुसपैठियों को उन जमीनों से उखाड़ फेंका, जिन पर उन्होंने अवैध तरीके से कब्जा किया था।



गृहमंत्री अमित शाह ने असम के कछार जिले में वाइब्रेंट विलेज के द्वितीय का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और मंत्री अतुल बोरा भी उपस्थित रहे।

### हिंदी के साथ मजबूत होती हैं सभी भाषाएं

**अगरतला।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि जब हिंदी को बढ़ावा दिया जाता है, तो अन्य सभी भाषाएं भी मजबूत होती हैं। अगरतला में राजभाषा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह दुष्प्रचार किया जा रहा था कि हिंदी लोगों पर थोपी जा रही है लेकिन पिछले 10 वर्षों में इस बात को गलत साबित किया गया है। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य स्थानीय भाषाओं के बीच कोई विवाद नहीं हो सकता क्योंकि वे एक ही मां की दो बेटियां हैं, जिन्होंने साथ-साथ प्रगति की हैं। शाह ने कहा कि लिपि और भाषा विवाद का मुद्दा नहीं हो सकतीं। उन्होंने लोगों से यह भी आग्रह किया कि वे घर पर अपने बच्चों से उनकी मातृभाषा में बात करें। गृह मंत्री ने कहा कि अगर आप ऐसा नहीं कर सकते, तो आपके बच्चे अपनी मातृभाषा के साहित्य, परंपरा और संस्कृति से वंचित रह जाएंगे। हमें घर में जितना हो सके अपनी मातृभाषा में बात करनी चाहिए।

## किंग चार्ल्स-3 के भाई पूर्व प्रिंस एंड्रयू किए गए रिहा

**लंदन।** सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किए गए ब्रिटने के पूर्व राजकुमार व किंग चार्ल्स तृतीय के भाई एंड्रयू को रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि पूर्व राजकुमार को गुरुवार शाम को रिहा किया गया। एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर को उनकी गिरफ्तारी के लगभग 11 घंटे बाद पूर्वी ब्रिटेन स्थित उनके घर के पास स्थित थाने से कार में निकलते हुए देखा गया। एंड्रयू को उनके खिलाफ जांच जारी रहने के बीच रिहा किया गया है। एंड्रयू को गुरुवार तड़के घर से उन जांचकर्ताओं ने गिरफ्तार किया था, जो जेफ्री एप्स्टीन से उनके संबंधों की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि उसने एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर के घर की तलाशी पूरी कर ली है।

# अमेरिका में हिरासत में लिए जा सकते हैं हजारों वैध शरणार्थी

● डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के नए आदेश से बढ़ीं मुश्किलें

मिनियापोलिस, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने एक नया आदेश जारी किया है जिससे देश में मौजूद उन हजारों शरणार्थियों को गिरफ्तार किया जा सकता है जो यहां वैध रूप से रह तो रहे हैं लेकिन अब तक उनका कोई स्थायी आवास नहीं है।

मिनिसोटा में गुरुवार को होने वाली संघीय अदालत की सुनवाई से पहले गृह मंत्रालय द्वारा दाखिल एक मेमो में कहा गया है कि ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने वाले शरणार्थियों को अपने आवेदनों की समीक्षा के लिए अमेरिका में प्रवेश किए जाने के एक साल बाद संघीय हिरासत में रहना होगा। बुधवार को दाखिल मेमो में कहा गया है कि निरीक्षण और जांच प्रक्रिया की अवधि के लिए आव्रजकों को हिरासत में रखा जा सकता है। मानवाधिकार कार्यकर्ता और पुनर्वास समूहों ने इस आदेश की कड़ी आलोचना की है। इस आदेश से पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के दौरान अमेरिका आए लगभग 2 लाख शरणार्थियों के बीच भ्रम और भय पैदा हो सकता है। यह आदेश ट्रंप प्रशासन द्वारा आव्रजन पाबंदियों की श्रृंखला में हालिया कार्रवाई है। पिछले साल के अंत में एक मेमो में कहा गया था कि ट्रंप प्रशासन बाइडन प्रशासन के दौरान अमेरिका में प्रवेश पाने वाले सभी शरणार्थियों की समीक्षा करने की योजना बना रहा है।

## रूस की सीमा पर बारूदी सुरंग बिछाएगा पोलैंड

**वॉरसॉ।** पोलैंड अपनी पूर्वी सीमा पर रूस के बढ़ते खतरे के मद्देनजर बारूदी सुरंग बिछाएगा। यह जानकारी देश के उप रक्षामंत्री पावेल जालेव्स्की ने शुक्रवार को को दी। पोलैंड विवादास्पद हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अंतर्राष्ट्रीय समझौते से अलग हो गया है। वर्ष 1997 में बारूदी सुरंग पर प्रतिबंध संबंधी संधि को मंजूरी दी गई थी, जिसे ओटावा संधि के नाम से भी जाना जाता है। यह संधि हस्ताक्षरकर्ताओं को बारूदी सुरंग रखने या बिछाने से रोकती है। कंबोडिया, अंगोला और बोस्निया और हर्जेगोविना सहित देशों के पूर्व संघर्ष क्षेत्रों में इन बारूदी सुरंगों की वजह से नागरिकों को हुई क्षति के मद्देनजर यह संधि अस्तित्व में आई।

# खुफिया विफलता को लेकर नौसेना को कोर्ट की फटकार

● आईएनएस शिकरा के पास इमारत निर्माण का मामला

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने दक्षिण मुंबई में नौसेना के प्रमुख हवाई ठिकाने आईएनएस शिकरा के आसपास एक बहुमंजिला इमारत के निर्माण को लेकर शुक्रवार को नौसेना को खुफिया विफलता के लिए कड़ी फटकार लगाई और सवाल किया कि इमारत के बनते समय कैसे इस पर किसी की नजर नहीं पड़ी।

न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति अभय मंत्री की पीठ ने कहा कि नौसेना की ओर से खुफिया चूक हुई है, क्योंकि वह अपने प्रतिष्ठान के आसपास एक गगनचुंबी इमारत के निर्माण पर ध्यान देने में विफल रही। पीठ आईएनएस शिकरा के कमांडिंग ऑफिसर की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठान के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा जोखिमों का हवाला देते हुए परियोजना पर रोक लगाने का निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने नौसेना के सिर्फ इसी इमारत के निर्माण का विरोध करने पर भी सवाल उठाया, जबकि आसपास कई अन्य बहुमंजिला आवासीय इमारतें मौजूद हैं। याचिकाकर्ता के वकील आरवी गोविलकर ने दलील दी कि अन्य इमारतों का निर्माण साल 2011 में रक्षा प्रतिष्ठानों के आसपास ऊंचे निर्माण के लिए एनओसी को अनिवार्य बनाने से पहले किया गया था।

## यूएफओ से जुड़ीं फाइलें सार्वजनिक करेगा अमेरिका


**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वह पेंटागन और अन्य सरकारी एजेंसियों को परग्रही जीवों (एलियन्स) और यूएफओ से संबंधित फाइल की पहचान करके उन्हें सार्वजनिक करने का निर्देश दे रहे हैं, क्योंकि इन विषयों में लोगों की गहरी रुचि है।

ट्रंप ने यह घोषणा एक सोशल मीडिया पोस्ट में की। कुछ घंटे पहले ही उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर हाल में एक पॉडकास्ट साक्षात्कार में परग्रही जीवों के वास्तव में होने का संकेत देकर गोपनीय जानकारी उजागर करने का आरोप लगाया था। एयर फोर्स वन विमान में संवाददाताओं से ट्रंप ने कहा, मुझे नहीं पता कि परग्रही जीव वास्तव में हैं या नहीं।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 21 फरवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी 13.00 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- रेवती 19.07 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** - आज विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े आकर्षित हो सकते हैं। यद्यपि आपका विवेक सदैव आपके पक्ष में रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको गलत लोगों के कारण परेशानी उठानी पड़ सकती है। स्वभाव में विनम्रता का भाव बनाकर रखें।

**वृष** - आज रुके हुए काम तेजी से पूरे कर लेंगे। अपनी कार्यक्षमता को सिद्ध कर पाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। लोग आपकी विचारधारा से बहुत शीघ्र प्रभावित हो जाएंगे। बड़े भाई-बहनों के जीवन में कुछ सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं।

**मिथुन** - आज व्यवसाय में सहयोगियों से सहायता ले सकते हैं। आर्थिक समस्याओं का निराकरण होगा। निर्माण कार्यों में गति आएगी। अधीनस्थ कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

**कर्क** - आज भाग्य आपका साथ देगा। महिलाओं को अत्यधिक प्रशंसा मिलेगी। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। पिता और गुरुओं का मार्गदर्शन लेते रहें। अपनी योग्यता को सिद्ध करने का अवसर मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**सिंह** - आज अनावश्यक बातों पर त्वरित प्रतिक्रिया न दें। लोग आप से अत्यंत प्रभावित रहेंगे। कार्यक्षेत्र को लेकर थोड़े तनाव में हो सकते हैं। अपनी बातों को अच्छी तरह रख नहीं पाएंगे। व्यर्थ के कार्यों में धन खर्च हो सकता है।

**कन्या** - आज अल्प परिश्रम से ही आपको अधिक अच्छे परिणाम मिल जाएंगे। पैतृक कारोबार में विस्तार हो सकता है। घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। रूठे मित्रों को मनाने के लिए दिन अनुकूल है। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

**तुला** - आज आयात-निर्यात संबंधी कारोबार में वृद्धि होगी। अधिकारी आपसे अप्रसन्न हो सकते हैं। आप गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। परिजन आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी महिला सहकर्मी से झगड़ा हो सकता है।

**वृश्चिक** - आज व्यापार में नए समझौतों को लेकर सावधानी रखें। प्रेमीजन से अपने दिल की बात शेयर कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में उत्तम परिणाम मिलने से मन उत्साहित रहेगा। आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होगा। अपनी गलतियों में सुधार करेंगे।

**धनु** - आज गूढ़ अध्यात्मिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। छोटे उद्योगों में घाटा हो सकता है। दांपत्य संबंध काफी रोमांटिक हो सकते हैं। अनजाने लोगों से ऑनलाइन लेनदेन सावधानी पूर्वक करें। दूसरों के मामलों में टांग न अड़ाएं।

**मकर** - आज बुजुर्ग लोग पुराने अनुभवों का स्मरण कर प्रसन्न रहेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आय के वैकल्पिक स्रोत विकसित कर सकते हैं। व्यवसाय में अच्छे ग्राहकों के कारण आपके कारोबार में स्थिरता रहेगी।

**कुंभ** - आज कारोबार को स्थिर रखने के लिए उधार लेना पड़ सकता है। आपकी सामाजिक छवि काफी अच्छी रहेगी। तनाव युक्त परिस्थितियों से बचें। उटपटांग कार्यों में आपका मन उलझेगा। बेरोजगार लोगों को जॉब की चिंता हो सकती है।

**मीन** - आज का दिन कला-जगत से जुड़े लोगों के लिए विशेष है। कार्य थोड़े विलंब से पूर्ण होंगे। लव लाइफ काफी रोमांटिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। वित्तीय स्थिति मजबूत रहेगी। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

## सुडोकू -68

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 7 |
| | | | | 9 | | | 4 | |
| | 8 | | 5 | | | 9 | | |
| 7 | | 5 | | | 9 | 1 | | |
| | | | | | | | | 5 |
| | | 2 | 7 | | | 4 | | 9 |
| | | 7 | | 5 | 6 | | 9 | |
| 5 | 6 | | | 7 | | | | |
| | | | | 4 | 8 | 7 | | |

### सुडोकू - 67 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |
| 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 4 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 | 9 | 3 |
| 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 4 |



जब टीम के तौर पर चीजें हमारी योजना के मुताबिक नहीं होतीं, तो देश में होने वाली प्रतिक्रियाओं का हम सम्मान करते हैं। हमें पता है कि ऐसा होगा और हम इसे स्वीकार करते हैं। आगे बेहतर करने के तरीकों पर हम जरूर विचार करेंगे।

**-मिचेल मार्श, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान**



अभ्यास सत्र के दौरान अभिषेक शर्मा (बीच में), वरुण चक्रवर्ती (दाएं) और अन्य। एजेंसी

## मार्करम या लिंडे करेंगे अभिषेक के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

टी20 विश्व कप में सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा लगातार तीन बार शून्य के स्कोर पर आउट हुए, लेकिन भारत का अभियान बिना रुके पटरी पर चल रहा है लेकिन इस खिलाड़ी का बल्ले का नहीं चलना चर्चा का विषय बना हुआ है।

इसका कारण या तो पेट के संक्रमण से उनका कमजोर होना है या फिर धीमे विकेट पर स्पिनरों के खिलाफ तकनीकी कमजोरी का उभरना है। लेकिन जिन्होंने इस प्रारूप और इस खिलाड़ी को करीब से देखा है उनका कहना है कि फॉर्म अस्थायी है, उसका आत्मविश्वास



एडेन मार्करम



जॉर्ज लिंडे

- **सुपर-8 में भारत और दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला कल**

स्थायी है। अभिषेक का स्ट्राइक रेट 192 से ज्यादा का है लेकिन अचानक उनकी फॉर्म खराब हो गई जिसका मुख्य कारण पेट के संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती होने के एक हफ्ते से भी कम समय बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी हो सकती है। फिर धीमी पिचों ने भी उनकी मदद नहीं की है। अब तक टीम के एकजुट प्रयास ने पक्का किया है कि नतीजों पर कोई असर नहीं पड़े। लेकिन शनिवार से सुपर आठ चरण शुरु होने वाला है इसलिए यह जरूरी होगा कि उनका बल्ला चले।

भारत सुपर आठ चरण के पहले मैच में 22 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। और उनके पिछले आउट होने के तरीके को ध्यान से देखने के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम पावरप्ले के अंदर दोनों छोर से कागिसो रबाडा या लुंगी एनगिडी को गेंदबाजी कराने के बजाय खुद ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करने के बारे में सोच सकते हैं या फिर जॉर्ज लिंडे से गेंदबाजी करने को कह सकते हैं। अभिषेक का टी20 विश्व कप में अपना खाता नहीं खोल पाना चिंता की बात नहीं है। हो सकता है वह दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे या वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में लय हासिल कर लें।

### अभिषेक को एक अच्छी पारी की जरूरत : मोर्केल

**अहमदाबाद।** भारत की पहले सुपर-आठ मुकाबले में रविवार को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ंत से पहले गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने स्पष्ट किया कि टी20 विश्व कप में अब तक अभिषेक शर्मा के खराब प्रदर्शन को लेकर टीम के अंदर कोई चर्चा नहीं हुई है। मोर्केल ने कहा कि अभिषेक को बस एक अच्छी शुरुआत की जरूरत है और उसके बाद वह लय पकड़ लेंगे। भारत का यह सलामी बल्लेबाज तीन मैचों में अब तक खाता खोलने में नाकाम रहा है।

### सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| पाकिस्तान-न्यूजीलैंड | शाम 7 बजे |

### हाईलाइट

**भारतीय हॉकी टीम की नजरें वापसी करने पर**

**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम घरेलू मैदान पर बुरी तरह हारने के बाद शनिवार को यहां स्पेन के खिलाफ मैच के साथ एफआईएच प्रो लीग के विदेशी चरण की शुरुआत में नए कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में वापसी करने और एक नयी शुरुआत करने के लिए बेताब होगी। सीरीज का होबार्ट चरण 25 फरवरी तक तस्मानिया हॉकी सेंटर में होगा जिसमें मेजबान ऑस्ट्रेलिया भी शामिल है।

**अल्काराज सेमीफाइनल में, सिनर हारकर बाहर**

**दोहा।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रूस के करेन खाचानोव को हराकर कतर ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को जैकब मेन्सिक के हाथों हार का सामना करना पड़ा। जैकब मेन्सिक ने गुरुवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जैनिक सिनर को 7-6(7-3) 2-6 6-3 से हारकर कतर ओपन से बाहर कर दिया। चेक रिपब्लिक के छठे सीड वाले खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने पहला सेट जीता। हालांकि सिनर ने बराबरी कर ली। मेन्सिक ने अखिरी गेम जीत कर जीत दर्ज मुकाबला अपने नाम किया। इसी के साथ सिनर का 23 मैचों में 22 जीत का सिलसिला समाप्त हो गया।

# न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों का लक्ष्य पाकिस्तानी स्पिनरों को काबू करना

## टी-20 विश्व कप : सुपर-8 के मुकाबले आज से, शाम 7 बजे से होगी शुरुआत

**कोलंबो, एजेंसी**

न्यूजीलैंड की टीम शनिवार को यहां टी-20 विश्व कप के सुपर-8 चरण ग्रुप दो के शुरुआती मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी तो जीत के लिए सबसे अहम कारक होगा कि उसका मजबूत मध्यक्रम प्रतिद्वंद्वी टीम की स्पिन विविधता का माकूल जवाब दे सके।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट में अभी तक शीर्ष स्तर का खेल नहीं दिखा सके हैं जिसमें बस सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट और फिन एलेन ही हैं जिन्होंने मिलकर तीन अर्धशतक लगाए हैं। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज इन दोनों का ठीक से साथ नहीं दे पाए हैं। ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल जैसे बल्लेबाज निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। फिलिप्स और रविंद्र ने हालांकि एक-एक अर्धशतक लगाया है, लेकिन कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन फीका ही रहा है। चार मैचों में रविंद्र ने 72 रन बनाए हैं, लेकिन इनमें से 59 रन कनाडा के खिलाफ एक ही मैच में आए। न्यूजीलैंड इस टूर्नामेंट में पहली बार कोलंबो में खेलेगा जिससे यह और मुश्किल हो सकता है। इसके विपरीत पाकिस्तान ने विश्व कप की शुरुआत से ही यहां की है और वह पहले प्रेमदासा में दो मैच खेल चुका है। पाकिस्तान के गेंदबाज, खासकर स्पिनर इस धीमी पिच पर असरदार होने के लिए लेंथ और रफ्तार जानते हैं जहां शॉट लगाने के लिए हिम्मत से ज्यादा समझदारी की जरूरत होती है। इसलिए एलेन और सिफर्ट की पावरप्ले की धमाकेदार बल्लेबाजी में न्यूजीलैंड के मध्यक्रम का साथ चाहिए ताकि वे अपनी टीम को लगभग 180 या इससे ज्यादा के स्कोर तक पहुंचा सकें।पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक, अबरार अहमद, सैम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान उसे बढ़त दिलाते हैं, लेकिन बल्लेबाजी में उनकी भी अपनी चिंता हैं। टूर्नामेंट में पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले साहिबजादा फरहान (220) के बाद शादाब खान (88) दूसरे नंबर पर हैं।

पाकिस्तान के बल्लेबाजों को न्यूजीलैंड जैसी अनुभवी टीम के खिलाफ मिलकर बड़ा योगदान देना होगा। लेकिन पाकिस्तान प्रबंधन को बाबर आजम (चार मैचों में 66 रन) से ज्यादा चिंता किसी और बात की नहीं है क्योंकि यह पूर्व कप्तान टी20 बल्लेबाजों की जरूरतों को समझने में जूझ रहा है।

अगर बाबर एक बार और लड़खड़ाते हैं तो पाकिस्तान प्रबंधन फखर जमां जैसे किसी और खिलाड़ी को ला सकता है जो ग्रुप चरण के मैच में बेंच पर ही बैठे रहे। टीम बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को शामिल करने पर भी सोचेंगे जिन्हें नामीबिया के खिलाफ जरूरी मैच के लिए बाहर कर दिया गया था। अफरीदी ने दो मैच में तीन विकेट लिए हैं जो धीमी पिच पर 'वैरिएशन' इस्तेमाल करने में उनकी नाकामी का सबूत है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, जैकब डफी और जेम्स नीशम अब तक लगभग महंगे रहे हैं और उन्हें यहां अपनी रणनीति पर फिर से सोचना होगा। वहीं स्पिनर मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी और कामचलाऊ रविंद्र और फिलिप्स पर से दबाव कम करना जरूरी है।





न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर व कोच रॉब वाल्टर। पाकिस्तान के गेंदबाज उस्मान तारिक।

### टीम

**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आज़म, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलेन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सिफर्ट, ईश सोढ़ी, कोल मैककॉन्ची।



टीम के साथ जश्न मनाते ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा।

## आस्ट्रेलिया ने ओमान को हराकर ली विदाई

**पल्लेकल, एजेंसी**

- **ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा ने चार विकेट चटकाए**

टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का अपमान झेल रही आस्ट्रेलियाई टीम ने टी20 विश्व कप के अपने आखिरी लीग मैच में शुक्रवार को ओमान को नौ विकेट से हराकर विदा ली। जिम्बाब्वे और श्रीलंका से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया है।

प्रतिष्ठा के लिए खेल रही आस्ट्रेलियाई टीम ने औपचारिकता के इस मैच में ओमान को 16 .2 ओवर में ही 104 रन पर आउट कर दिया था। लेग स्पिनर एडम जम्पा ने चार विकेट चटकाए।

जवाब में कप्तान मिचेल मार्श के 33 गेंद में नाबाद 64 रन और ट्रेविस हेड के 19 गेंद में 32 रन की मदद से आस्ट्रेलिया ने 9 . 4 ओवर में जीत दर्ज की । यह सौ रन से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे तेजी से दर्ज की गई जीत है।

मार्श ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के लगाए। वहीं हेड ने छह चौके लगाए। दोनों ने 93 रन की साझेदारी की। इससे पहले जम्पा के चार विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने ओमान को 104 रन पर आउट कर दिया। जम्पा ने 21 रन देकर चार विकेट लिये जबकि जेवियर बार्टलेट और ग्लेन मैक्सवेल को दो दो विकेट मिले। ओमान की टीम 16.2 ओवर में आउट हो गई। वसीम अली ने ओमान के लिये 33 गेंद में 32 रन बनाए। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया।

## भारत ए की टीम वुमैन्स राइजिंग स्टार्स एशिया कप के फाइनल में

**बैंकॉक, एजेंसी**

- **कप्तान राधा यादव ने किया हरफनमौला प्रदर्शन**

कप्तान राधा यादव ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए भारत ए की टीम को शुक्रवार को यहां श्रीलंका ए पर पांच विकेट से जीत दिलाकर वुमैन्स राइजिंग स्टार्स टी20 एशिया कप के फाइनल में पहुंचा दिया।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन यह उस पर भारी पड़ गया। राधा की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने उसके बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर उन्हें 118 रन पर आउट कर दिया। बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 19 रन देकर चार विकेट लिए। राधा को एक और बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर (दो विकेट) और लेग स्पिनर प्रेमा रावत (दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। श्रीलंका के लिए सलामी बल्लेबाज संजना काविंदी (31 रन) शीर्ष स्कोरर रहीं। 10वें ओवर में श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 71 रन था। लेकिन इसके बाद वे भारतीय स्पिनरों का सामना नहीं कर सकीं और बचे हुए आठ विकेट नौ ओवर में 47 रन के अंदर गंवा दिए। श्रीलंका के लिए सबसे बड़ी भागीदारी काविंदी और साथी हंसिमा करुणारत्ने (14) के बीच 36 रन की साझेदारी रही।



राधा यादव।

## ऑस्ट्रेलिया से सीरीज जीतना चाहेगी महिला टीम

**एडिलेड, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम को अगर ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार ऐतिहासिक श्रृंखला जीतनी है तो उसकी बल्लेबाजों को यहां शनिवार को तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान टीम की अनुभवी गेंदबाजी इकाई के खिलाफ एकजुट होकर आक्रामक प्रदर्शन करना होगा। भारतीय महिला टीम अभी तक ऑस्ट्रेलिया में तीनों प्रारूपों में कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं जीत पाई है। इसे बदलने के लिए भारत को यहां बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत है, जिसकी शुरुआत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से होगी। स्मृति और शेफाली दोनों ने शुरुआत तो की है लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल पाईं जिससे दूसरे मैच में भारत 164 रन के आसान से लक्ष्य का पीछा नहीं कर सका। किम गार्थ, अनाबेल सदरलैंड और सोफी मोलिनू की अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई तिकड़ी ने इस मौके का फायदा उठाया। इन्होंने भारत की पांच बल्लेबाजों को सिर्फ सात रन के अंदर आउट कर दिया। लेकिन एडिलेड की पिच कैनबरा की पिच के मुकाबले अलग है और भारतीय बल्लेबाजों को यहां अपने पिक-अप शॉट्स पर भरोसा करना चाहिए। एक बेहतरीन आउटफील्ड भी बल्लेबाजी के लिए बेहतर है। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष को बल्ले पर आती गेंद पसंद है और उन्हें यहां कुछ मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि मैदान की सतह चिकनी होने से जिम्मेदारी भारतीय तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर पर होगी कि वे अपनी लाइन एवं लेंथ में स्थिर रहें।



**मलाल** | अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने सुपर-8 में न पहुंचने के बताए कारण, दोहरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका से मिली थी हार

## बड़ी टीमों से द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने से ही आता है अनुभव

**चेन्नई, एजेंसी**

अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने बृहस्पतिवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप मैच में कनाडा को हराकर टी-20 विश्व कप से शानदार तरीके से विदा लेने के बाद कहा कि क्रिकेट खेलने वाले मजबूत देशों के साथ और द्विपक्षीय श्रृंखलाएं होनी चाहिए क्योंकि इनसे अनुभव मिलता है। अफगानिस्तान ने टूर्नामेंट रोमांचक क्रिकेट खेला और एक मुकाबले में स्कोर बराबर होने के बाद दूसरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका से हार गया। हालांकि स्पिन गेंदबाजी के इस दिग्गज ने कहा कि अगर अफगानिस्तान को नियमित रूप से क्रिकेट खेलने वाले मजबूत देशों के खिलाफ मौके मिलते हैं तो वह काफी आगे बढ़ सकता है।

राशिद ने बृहस्पतिवार रात को कनाडा को 82 रन से हराने के बाद कहा कुछ विभाग में सुधार की जरूरत है। बड़ी टीमों के खिलाफ मध्यक्रम बल्लेबाजी बिखर गई और डेथ ओवर में गेंदबाजी में भी सुधार चाहिए। पर यह सुधार तब होता है जब आप द्विपक्षीय सीरीज में बड़ी टीमों के साथ खेलते हैं। उन्होंने मैच में 19 रन देकर दो विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। इस दिग्गज खिलाड़ी ने कहा कि टीम टूर्नामेंट के लिए अच्छी तैयारी के साथ आई थी और उसने जबरदस्त क्रिकेट खेला। लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि दक्षिण अफ्रीका से मिली करीबी हार महंगी पड़ी।

राशिद ने कहा हम (टूर्नामेंट के लिए) अच्छी तरह तैयार थे। हमने जबरदस्त क्रिकेट खेला। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच ने सच में सभी को दुखी किया। हमें उन (पहले दो) मैचों में से एक में जीत दर्ज करनी थी और देखना था कि टूर्नामेंट कैसा होता है। हम इस विश्व कप से सकारात्मक चीजें लेकर आगे बढ़ेंगे। मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का कार्यकाल खत्म हो गया और राशिद ने इसे टीम के लिए भावुक पल बताया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि हमने उसके साथ कुछ बहुत अच्छे पल बिताए। हम अभी जहां हैं, वहां उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई है।





अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान।

### अफगानिस्तान के कोच ट्रॉट ने टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद भावुक विदाई ली

**चेन्नई।** अफगानिस्तान की टीम के साथ बनाई गई यादों से संतुष्ट लेकिन भावनाओं से अभिभूत कोच जोनाथन ट्रॉट ने चार साल के कार्यकाल के बाद अपनी भूमिका को अलविदा कहा। इस पद की पेशकश पहले इंग्लैंड के उनके साथी ग्राहम थोर्प को की गई थी लेकिन उस समय वह इसे स्वीकार नहीं कर सके और सौभाग्य से 44 वर्षीय ट्रॉट इस पद पर काबिज हुए। अफगानिस्तान ने सुपर आठ चरण की दौड़ से बाहर होने के बाद अपने अंतिम ग्रुप मैच में कनाडा को 82 रन से हराकर अपना अभियान समाप्त किया। इंग्लैंड के ट्रॉट ने अपनी भावनाओं को नियंत्रित करते हुए उस टीम के साथ अपने कार्यकाल को याद किया जो अब सफेद गेंद के प्रारूप में एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी बन चुकी है। ट्रॉट के नेतृत्व में अफगानिस्तान की टीम 2023 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के काफी करीब पहुंची और 2024 टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। उन्होंने मैच के बाद बातचीत में कहा, शायद समय सही है, शायद नहीं। मुझे नहीं पता, लेकिन मैं भविष्य में सभी को शुभकामनाएं देता हूं। मैं इस मौके के लिए बहुत आभारी हूं। ग्राहम थॉर्प को कोच बनना था और दुर्भाग्य से वह यह भूमिका स्वीकार नहीं कर सके। ट्रॉट ने कहा फिर मुझे यह पद पेश किया गया और मैंने इसे पूरे जोश के साथ स्वीकार किया। तो मैं यहां वास्तव में सौभाग्य से आया। मैंने पूरी कोशिश की। मैं उम्मीद करता हूं कि खिलाड़ी देख सकें कि मुझे इस खेल से कितना प्यार है।

## पाकिस्तान सरकार ने हॉकी कप्तान बट पर लगा दो साल का प्रतिबंध हटाया

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान सरकार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय हॉकी टीम के कप्तान अम्माद शकील बट पर राष्ट्रीय महासंघ (पीएचएफ) द्वारा लगाया गया दो साल का प्रतिबंध हटा दिया और इस कदम को 'अवैध और असंवैधानिक' करार दिया।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से ठीक पहले बृहस्पतिवार को तारिक बुगती ने हाल में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान कुप्रबंधन के खिलाफ कप्तान के पीएचएफ की आलोचना करने के लिए बट पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन पीएचएफ के सरंक्षक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा नियुक्त अंतरिम अध्यक्ष मुहुयदीन अहमद वानी ने इस फैसले को पलट दिया और कहा कि यह बुगती का 'अवैध और अंसंवैधानिक कदम' था।

**ऑस्ट्रेलिया टूर विवाद**



राष्ट्रीय टीम के ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद हुए विवाद के मद्देनजर बुगती ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था। ऑस्ट्रेलिया में टीम को लॉजिस्टिक की दिक्कतों का सामना करना पड़ा था और उन्हें एयरबीएनबी के घरों में रहना पड़ा था जबकि सरकार द्वारा संचालित पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) ने कैनबरा में एफआईएच प्रो लीग मैचों के दौरान टीम के पांच सितारा होटल में रहने के लिए पीएचएफ को एक करोड़ रुपये दिए थे। खेल से जुड़े सभी मामलों को देखने वाली अंतर-प्रांतीय समन्वयक मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी ने पुष्टिक की कि प्रधानमंत्री शरीफ ने तुरंत बुगती का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और वानी को पीएचएफ का तदर्थ अध्यक्ष और ब्रिगेडियर मुसरतुल्लाह को महानिदेशक नियुक्त किया।

उन्होंने कहा दोनों तदर्थ आधार पर हॉकी के मामलों को देखेंगे और नुकसान को ठीक करने की कोशिश करेंगे। बुधवार सुबह टीम के घर लौटने के तुरंत बाद बट और कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों ने हवाई अड्डे पर इंतजार कर रही मीडिया से कहा कि वे पीएचएफ के मौजूदा प्रबंधन और टीम प्रबंधन के साथ आगे काम नहीं कर सकते। बट ने बताया कि खिलाड़ियों को किस तरह झूठ बोला गया और मीडिया से बात न करने की धमकी दी गई।